डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹80200 10 ग्राम
₹100000 01 किलो
सेंसेक्स 75,311.06 -424.90
डॉलर 86.572 +0.011

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

फाल्गुन कृष्ण पक्ष 11, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), रविवार, 23 फरवरी 2025, वर्ष-31, अंक-130, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नंः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 गुलवीर सिंह ने 5000 मीटर इनडोर...

## एक नजर

### भारत-पाकिस्तान के बीच आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी आज

**दुबई।** कप्तान रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम रविवार को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान के खिलाफ ग्रुप ए के हाई वोल्टेज मुकाबले में जब मैदान पर उतरेगी तो उसका इरादा पिछली हार का हिसाब बराबर करने के साथ सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित करने का होगा। बांग्लादेश के खिलाफ मिली जीत से भारतीय टीम उत्साह से लबरेज है, वहीं पाकिस्तान को अपने शुरूआती मुकाबले में न्यूजीलैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था और कल का मैच पाक के लिये करो या मरो की स्थिति वाला होगा क्योंकि अगर उसे भारत से हार मिलती है तो उसके लिये टूर्नामेंट में आगे की डगर काफी मुश्किल हो जायेगी।

### पूर्व आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास पीएम के प्रधान सचिव नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'प्रधान सचिव-2' नियुक्त हुए हैं। सरकारी सूचना के अनुसार, यह नियुक्ति प्रधानमंत्री के कार्यकाल तक या अगले आदेश तक जारी रहेगी। यह नियुक्ति प्रधानमंत्री के साथ उनके कार्यकाल जितनी रहेगी या फिर जब तक कोई नया आदेश ना आए। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास को शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दूसरा प्रधान सचिव नियुक्त किया गया। गुजरात कैडर के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी पीके मिश्रा इस समय प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव के रूप में कार्यरत हैं।

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

### आज | कल




---

अनियंत्रित मिनी ट्रक की चपेट में आने से साइकिल सवार छात्र की मौत

## आक्रोशित ग्रामीणों ने दंगवार जपला सड़क को किया जाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के दंगवार जपला मुख्य सड़क के दंगवार टैक्सी स्टैंड के समीप शनिवार की दोपहर एक बजे अनियंत्रित मिनी ट्रक ने साइकिल सवार छात्र को कुचल देने से घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक बच्चे की पहचान थाना क्षेत्र के दंगवार गांव निवासी कमलेश विश्वकर्मा उर्फ रिंकू विश्वकर्मा के पुत्र दीपू कुमार 13 वर्ष के रूप में हुई है। दंगवार स्त्रोनत उच्च विद्यालय का क्लास आठ का छात्र था। घटना के बाद चालक को स्थानीय लोगों ने पकड़कर मारपीट करना चाहा, लेकिन दंगवार ओपी पुलिस तत्काल घटना स्थल पर पहुंचकर चालक को अपने कब्जे में लेकर ओपी भेज दिया। ओपी पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर ट्रक को अपने कब्जे में कर शव को अपने कब्जे में करना चाहा,लेकिन आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने शव को उठाने से मना कर दिया। लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर दंगवार जपला मुख्य सड़क को जाम कर दिया। सड़क जाम किये जाने की वजह से सड़क के दोनों ओर छोटे बड़े वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलते ही हुसैनाबाद एसडीपीओ एस मो.याकूब, सीओ पंकज कुमार ,बीडीओ सुनील वर्मा, हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, पुलिस निरीक्षक सुरेश मंडल, देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार,अखिलेश यादव घटना स्थल पर पहुंच कर आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की, **शेष पेज 11 पर**



## हादसे में युवक की मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम, आश्वासन के बाद आवागमन शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** पिपरा प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार की शाम सड़क हादसे में युवक की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने शनिवार को पिपरा-देवगन-दुबटिया सड़क को जाम कर प्रदर्शन किया। साथ ही व्यवसायियों ने अपनी दुकान व प्रतिष्ठानों को बंद रखा। आंदोलन कर रहे लोग मृतक के परिजन को 20 लाख मुआवजा तथा माइंस संचालकों से पांच हजार रुपए प्रतिमाह क्षतिपूर्ति राशि देने, घायल युवती को समुचित इलाज कराने, जर्जर सड़क का निर्माण करने सहित बड़े वाहनों का परिचालन बंद रखने की मांग कर रहे थे। मालूम हो कि शुक्रवार की शाम पिपरा थाना क्षेत्र के पिपरा बाजार निवासी हिमांशु कुमार अपनी **शेष पेज 11 पर**



# झारखंड विधानसभा का बजट सत्र कल से, हंगामेदार होने के आसार



### विपक्ष के विधायक दल की बैठक आज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू होने जा रहा है। विपक्ष ने अब तक नेता प्रतिपक्ष का चयन नहीं किया है। इसी बीच, रविवार (23 फरवरी) को विपक्षी दलों ने विधायक दल की बैठक बुलाई है। इसमें बजट सत्र की रणनीति तैयार की जाएगी। नेता प्रतिपक्ष का चयन भी इस बैठक में हो सकता है। बजट सत्र के दौरान सदन में जैक पेपर लीक और जैक अध्यक्ष की नियुक्ति पर हंगामा होने के आसार हैं।

**राजद ने बुलाई विधायक दल की बैठक :** बजट सत्र से पहले राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने भी रविवार को प्रदेश कार्यालय में विधायक दल की बैठक बुलाई है। राजद विधायक दल के नेता सुरेश पासवान बैठक की अध्यक्षता करेंगे। राजद महागठबंधन सरकार का घटक दल है।

**सर्वदलीय बैठक में भी नहीं आए भाजपा विधायक :** बजट सत्र से पहले विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में सर्वदलीय बैठक बुलायी थी। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ विधायक सीपी सिंह को बुलाया गया, लेकिन मुख्य विपक्षी दल की ओर से कोई भी सदस्य इस बैठक में शामिल नहीं हुआ। विधायक देवेंद्र कुंवर सरकारी आवास के मुद्दे पर स्पीकर से मिलने पहुंचे और बैठक में शामिल हुए। हालांकि बाद में उन्होंने सफाई दी कि वे गलती से बैठक में चले गये थे।

**3 मार्च 2025 को बजट पेश करेगी सरकार :** सर्वदलीय बैठक में इस बात पर सहमति बनी कि बजट पर एक **शेष पेज 11 पर**

### एटीआई में झामुमो व सत्ताधारी विधायक दल की बैठक



झारखंड मुक्ति मोर्चा के मुख्य सचेतक और पूर्व मंत्री मथुरा महतो ने बताया कि 23 फरवरी की शाम 4 बजे से एटीआई सभागार में झामुमो विधायक दल की बैठक होगी। जिसमें बजट सत्र को लेकर पार्टी की रणनीति तय होगी। मिली जानकारी के अनुसार इस बार कांके स्थित मुख्यमंत्री आवास में नए भवन बनने का काम चल रहा है, इसलिए सत्ताधारी दलों (झामुमो, कांग्रेस, राजद और सीपीआई माले) की संयुक्त विधायक दल की बैठक एटीआई सभागार में होगी। झामुमो विधायक दल और सत्ताधारी विधायक दल की बैठक में अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे।

## आंबेडकर जयंती पर होगा रातू रोड में एलिवेटेड कॉरिडोर का लोकार्पण



### दिशा समिति की बैठक लिया गया निर्णय

### केंद्र प्रायोजित योजनाओं के क्रियान्वयन में गंभीरता बरतें अधिकारी : संजय सेठ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** दिशा समिति, रांची की बैठक रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में श्री सेठ ने केंद्र प्रायोजित जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा किया। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक लोग योजनाओं से जुड़ सकें, इस दिशा में काम करें। ससमय योजनाओं को पूर्ण करें और उपयोगिता प्रमाण पत्र भारत सरकार को भेजें। इसके बाद ही आगे विकास के कार्य हो सकेंगे। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की योजनाओं की समीक्षा के दौरान रक्षा राज्य मंत्री ने रातू रोड में एलिवेटेड कॉरिडोर के गति प्रगति की समीक्षा की और निर्देशित किया कि अप्रैल माह में बाबा साहब अंबेडकर की जयंती के दिन इसका लोकार्पण सुनिश्चित करें। इसके साथ ही एनएच के अधिकारियों ने बताया कि जून में नयासराय आरओबी का उद्घाटन कर दिया जाएगा और **शेष पेज 11 पर**

---

अवैध पोस्ता की खेती के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

## पलामू पुलिस ने 19 एकड़ भूमि पर नष्ट की फसल

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस ने अवैध अफीम/पोस्ता की खेती के खिलाफ व्यापक अभियान चलाते हुए कुल 19 एकड़ भूमि पर लगी फसलों को नष्ट किया। यह कार्रवाई पुलिस, वन विभाग एवं अन्य संबद्ध एजेंसियों के संयुक्त प्रयास से की गई।

छतरपुर के ग्राम बैरगाय के जंगल में लगभग 2 एकड़ भूमि पर लगी अवैध अफीम की खेती नष्ट किया गया।

पांकी थाना क्षेत्र के ग्राम बगडेगवा (हेडूम) में 8 एकड़ वन भूमि/गैर मजरूआ भूमि तथा ग्राम गडीहारा के जंगलों में 1 एकड़ वन भूमि पर लगी अफीम की फसल को पुलिस ने नष्ट किया। एसपी ने बताया कि मनातू थाना क्षेत्र केव ग्राम मीटार के बरवागढ़ा जंगल में 8 एकड़ भूमि पर लगी अवैध अफीम की खेती ट्रैक्टर द्वारा नष्ट की गई।

एसपी रीष्मा रमेशम ने बताया कि पुलिस अवैध नशा व्यापार पर लगातार नजर रख रही है और इसे जड़ से खत्म करने के लिए ठोस कदम उठा रही है। आम जनता से अपील है कि यदि उनके आसपास कोई अवैध गतिविधि संचालित हो रही हो, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

## पीएम मोदी आज भागलपुर में एसपीजी ने थामी सुरक्षा की कमान



**भागलपुर।** पीएम नरेंद्र मोदी 24 फरवरी को बिहार के भागलपुर आ रहे हैं। जहां किसान सम्मान जनसभा को प्रधानमंत्री संबोधित करेंगे। पीएम के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की जा रही है। हवाई अड्डा परिसर की सुरक्षा सख्त कर दी गयी है। वहीं एसपीजी ने सुरक्षा की कमान संभाल ली है। जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में पीएम के कार्यक्रम को लेकर बैठक हुई। एसएसपी भागलपुर भी इस बैठक में शामिल रहे। उच्च श्रेणी की सुरक्षा व्यवस्था एएसएल की बैठक हुई। मंच, हेलीपैड, हैंगर, बैरिकेडिंग, पार्किंग, वीवीआइपी पास आदि को लेकर भी समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर एसपीजी की टीम भागलपुर पहुंच चुकी है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हाई लेवल बैठकों का दौर जारी है। दिल्ली से भागलपुर पहुंची एसपीजी की टीम ने हवाई अड्डा परिसर की सुरक्षा की कमान थाम ली है। यहीं पीएम मोदी की जनसभा होने वाली है। रेंज आइजी विवेक कुमार भी शुक्रवार को हवाई अड्डा पहुंचे थे। एसपीजी के अधिकारियों ने रेंज आइजी सहित डीएम और एसएसपी के साथ पीएम सिक्युरिटी को लेकर बातचीत की।

**हवाई अड्डा परिसर पूरी तरह सील :** 24 फरवरी सोमवार को पीएम का कार्यक्रम है। इस दिन तक के लिए हवाई अड्डा के आसपास के इलाकों को पूरी तरह से सील कर दिया गया है। कार्यक्रम के एक दिन पहले तक यानी रविवार तक किसी को भी हवाई अड्डा मैदान में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गई है।

## घाटशिला में मॉब लिंचिंग, ग्रामीणों की पिटाई से 2 बकरी चोर की मौत

**घाटशिला।** पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला अनुमंडल अंतर्गत चाकुलिया थाना क्षेत्र के जोड़सा गांव में शुक्रवार को मॉब लिंचिंग की एक दर्दनाक घटना घटी है। ग्रामीणों ने गांव में बकरी चोरी करने घुसे दो युवकों को पकड़कर बेरहमी से पीटा, जिससे उनकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि इनमें से एक युवक कुशक बेहरा की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि दूसरा युवक भोलानाथ महतो गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल व्यक्ति को इलाज के लिए जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिन बकरियों को युवकों ने चुराया था, उसमें से एक बकरी के गले में घंटी बंधी थी। घंटी की आवाज से बकरियों के मालिक हरगोविंद की नींद खुल गई। उसने चोरों को पकड़ लिया। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस घटनास्थल पर मौजूद है और मामले की जांच में जुटी हुई है। चाकुलिया थाना प्रभारी संतोष कुमार ने कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह घटना एक बार फिर से मॉब लिंचिंग जैसे गंभीर मुद्दे पर सवाल उठाती है और कानून व्यवस्था को लेकर चिंता पैदा करती है।

**हरगोविंद के घर बकरी चोरी करने घुसे थे चोर :** चाकुलिया थाना क्षेत्र के सोनहातू पंचायत के जोड़सा गांव में यह घटना घटी। दोनों जोड़सा के हरगोविंद नायक के घर बकरी चोरी करने घुसे थे। यहां से बकरी चोरी कर ले जा रहे थे तभी दोनों युवकों को शुक्रवार की रात लगभग 2 बजे ग्रामीणों ने? लाठी डंडों से जमकर पीटा। इस वारदात में एक युवक कुशक बेहरा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा भोलानाथ महतो गंभीर रूप से घायल था।

**दोनों को घाटशिला अनुमंडल अस्पताल लेकर पहुंची थी पुलिस :** चाकुलिया थाना की पुलिस दोनों को लेकर शनिवार की सुबह घाटशिला अनुमंडल अस्पताल पहुंची। अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सकों ने जांच के बाद कुशक बेहरा को मृत घोषित कर दिया। जबकि चाकुलिया थाना क्षेत्र के जीरापाड़ा निवासी भोलानाथ महतो को हालत गंभीर होने पर जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया था। चाकुलिया थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि रात में सूचना मिली थी कि जोड़सा गांव में चोरी की घटना में दो चोरों को ग्रामीणों ने पीटा है। इसके बाद पुलिस ने दलबल के साथ गांव पहुंचकर दोनों आरोपियों को अपने कब्जे में लेकर ग्रामीणों को शांत कराया था। मौके पर घाटशिला **शेष पेज 11 पर**

---

## पश्चिम बंगाल से महाकुंभ जा रहा वाहन धनबाद में दुर्घटनाग्रस्त, छह की मौत

**धनबाद।** पश्चिम बंगाल से महाकुंभ जा रहे श्रद्धालुओं की वाहन धनबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें छह लोगों की मौत हो गई। वहीं इस हादसे में 5 लोग घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। यह हादसा धनबाद के जीटी रोड पर राजगंज के दलुडीह के पास हुआ। सभी पश्चिम बंगाल के बर्धमान जिले के हुगली के रहने वाले हैं। जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार को महाकुंभ जाने के लिए सभी लोग स्कॉर्पियो से घर से निकले थे। इसी बीच करीब रात डेढ़ बजे एनएच 19 पर राजगंज थाना क्षेत्र के दलुडीह के पास स्कॉर्पियो खड़ी ट्रक से टकरा गई। जिसमें स्कॉर्पियो चकनाचूर हो गई। वहीं, पीछे से आ रही एक कार ने भी स्कॉर्पियो में जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद आसपास के लोग जुट गए। सूचना मिलने के बाद स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। स्कॉर्पियो में सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इनमें एक स्कॉर्पियो का चालक भी था। वहीं, मरने वाले अन्य तीन लोग सभी एक ही परिवार के थे। मृतकों के नाम हैं शेख राजन, पियाली साहा, सेमोली साहा और पनोवा साहा। सेमोली साहा और पनोवा साहा दोनों पति पत्नी हैं। शेख राजन चालक थे। सभी हुबली जिले के रहने वाले थे।

**इलाज के दौरान दो बच्चों की मौत :** घायलों को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच अस्पताल भेजा गया है। 35 वर्षीय नीता साहा, 8 वर्षीय सायन साहा और 38 वर्षीय राहुल कुमार का इलाज एसएनएमएमसीएच में चल रहा है। सभी की हालत खतरे से बाहर है। वहीं 5 वर्षीय अनिशा साहा, 6 वर्षीय अंगमुनि साहा, 15 वर्षीय पग्लू साहा और 18 वर्षीय विश्वरूप साहा को गंभीर हालत को देखते हुए **शेष पेज 11 पर**

इंडिया

## श्रवण कुमार से घर में बूढ़ी मां को बंद कर सपरिवार कुंभ में पाप धोने तक



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

कुछ दशकों पहले तक कंधे पर माता-पिता को दोनों ओर लेकर तीर्थ कराते श्रवण कुमार की फोटो समाज में प्रचारित होती थी कुछ पाठ्य पुस्तकों में भी इसे शामिल किया गया था ताकि बच्चों का चरित्र निर्माण हो सके। आज की युवा पीढ़ी का झुकाव टीवी और फिल्में देखकर धर्म अध्यात्म की तरफ बढ़ा है और कुंभ स्नान करने वालों में बहुत बड़ी संख्या युवाओं की भी है पर प्राचीन काल के कुंभ स्नान और आज के आधुनिक कुंभ स्नान में बड़ा अंतर आया है। पहले अधिकांश वरिष्ठ नागरिक कुंभ स्नान करने जाते थे और पूरे परिवार से मिलकर जाते थे कि पता नहीं लौट पाएं या नहीं और संचार की सुविधाएं बहुत कम थी जिस कारण कुंभ के मेले में खो जाने को कहावत की तरह बॉलीवुड की फिल्मों में शामिल किया जाता था पर अब का कुंभ रिकॉर्ड भीड़ के साथ सुविधाओं और साधनों का भी रिकॉर्ड बना रहा है अभी तक में ही यह विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक मेला बन चुका है जिसमें 50 करोड़ से अधिक लोगों ने स्नान किया है जिसमें बड़ी संख्या विदेशियों की भी है। इसे इतना अधिक कवरेज मिला है कि हर सनातनी भारतीय 144 साल बाद के इस कुंभ में स्नान करने के लिए प्रयासरत है। कहा जा रहा है कि इससे सारे पाप धुल जाएंगे। इस बात का आध्यात्मिक पक्ष में सार यह बताया जाता है कि गंगा,यमुना और सरस्वती नदी का पवित्र स्नान मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करता है। अनेक ऐसे लोग जो मन से धार्मिक नहीं हैं या अपने माता-पिता के प्रति कर्तव्यों से विमुख हैं वो भी स्नान कर पाप धोना चाहते हैं। जिस पर बहुत चर्चा आजकल हो रही है वो मामला झारखंड का ही है।



रामगढ़ के अरगड्डा में एक सीसीएल कर्मी अपनी बीमार और वृद्ध मां को अकेले घर में बंद कर सास-ससुर व पत्नी के साथ कुंभ स्नान करने प्रयागराज चला गया। इस बीच भूख से तड़पती वृद्धा की चीख-पुकार सुन पड़ोसियों ने दरवाजा तोड़कर उसे घर से बाहर निकाला।तीन-चार दिनों से कमरे में बंद मां की हालत खराब थी। वह भूख से बुरी तरह बेहाल थी। पड़ोसियों ने भोजन देने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। जब हंगामा बढ़ा तो बेटा प्रयागराज से वापस लौटा। मामले पर संज्ञान लेते हुए रामगढ़ जिला प्रशासन ने सीसीएल कर्मी अखिलेश को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है। वहीं, पुलिस ने भी उससे इस संबंध में पूछताछ की है। रामगढ़ एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने वृद्धा के पुत्र अखिलेश के खिलाफ भरण पोषण अधिनियम के तहत नोटिस भेजा है और उसे 27 फरवरी को उनके न्यायालय में प्रस्तुत होने का आदेश दिया है। एसडीओ ने सीसीएल कर्मी को लिखित रूप से कारण बताने को कहा है और कहा कि क्यों ना आपके विरुद्ध भरण पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 के अंतर्गत कार्रवाई शुरू की जाय। सीसीएल कर्मी अखिलेश कुमार कुंभ स्नान करने के बाद गुरुवार दोपहर को सीधे सीसीएल केंद्रीय अस्पताल नईसराय पहुंचा। इसके बाद वह रामगढ़ के नई सराय में स्थित सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल से अपनी मां को डिस्चार्ज कराकर बेहतर इलाज के लिए रांची ले गया।इसी बीच घटना को लेकर रामगढ़ थाना प्रभारी इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार ने वृद्ध महिला के सीसीएल कर्मी पुत्र और उसकी पत्नी से पूछताछ की। अखिलेश ने बताया कि मां बीमार रहती है, इसलिए भीड़ में मां को कुंभ नहाने के लिए अपने साथ नहीं ले गया। उसने बताया कि वह गुड चूड़ा के रूप में पर्याप्त खाना-पीना घर में रखकर गया था। बेटे ने बताया कि दरवाजा-गेट को बंद कर एक चाबी भी मां के पास छोड़ गया था। घटना के संबंध में अखिलेश की बड़ी बहन राजो देवी ने बताया कि पिता बालेश्वर कुम्हार के निधन के बाद सीसीएल ने बालिग होने पर इकलौते पुत्र अखिलेश को अनुकंपा के आधार पर नौकरी दी। मां संजू देवी की देखभाल की जिम्मेदारी अखिलेश पर ही है।संजू देवी 65 वर्ष की हो चुकी हैं और कई बीमारियों से पीड़ित हैं। बहन का आरोप है कि शादी के बाद अखिलेश पत्नी के साथ मिलकर मां को प्रताड़ित करता है और मां की ठीक से देखभाल नहीं करता है। घटना मानवता को शर्मशार करने वाली है। घटना की जानकारी मिली है। अजय कुमार, एसपी रामगढ़ ने बताया कि थाना प्रभारी को जांच कर कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। इस संबंध में किसी तरह की लिखित शिकायत मिलती है, तो प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। समाज के बदलते स्वरूप में धर्म अध्यात्म को लोगों ने पिकनिक की तरह आसान बना दिया है जिसमें फोटो खिंचवाना और सोशल मीडिया में डालना सबसे बड़ी बात है जो उचित नहीं जान पड़ता और ये बातें विश्व में भारत कि छवि खराब कर सकती हैं।

## एक नजर

### महाकुंभ स्नान कर लौट रहे व्यवसायी की प्रयागराज में मौत

**हरिहरगंज।** नगर पंचायत क्षेत्र के पिपरघाट टोला निवासी व्यवसायी बिहारी प्रसाद की शुक्रवार को प्रयागराज में निधन हो गया। जानकारी के अनुसार वे अपने परिजनों के साथ कुंभ स्नान करने प्रयागराज गए थे। स्नान के बाद वापस लौटने के लिए रेलवे स्टेशन जा रहे थे। रास्ता में उन्हें बेचैनी व सांस लेने में परेशानी हुई। परिजन तत्काल उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना की सूचना मिलते ही मुहल्ले में शोक छा गयी। मृतक का अंतिम संस्कार शनिवार को बटाने नदी घाट पर किया गया।

### रोजगार मेला देगा युवाओं को नौकरीः बीडीओ

**नीलांबर पीतांबरपुर।** सरकार बेरोजगारी कम करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। शिक्षित और बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिले इसे लेकर रोजगार मेला का आयोजन सोमवार को टॉउन हॉल में किया गया है। रोजगार मेला (जॉब फेयर) का आयोजन झारखंड सरकार द्वारा किया गया है, जिसमें जिनकी आयु 18 वर्ष से 35 वर्ष के बीच है, वह अपना आवेदन देकर रोजगार पा सकते हैं। ये बातें जिला स्तरीय रोजगार मेला के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी सुकेशनी करकेट्टा ने कही। रोजगार मेला प्रचार वाहन को रवाना के मौके पर प्रखंड प्रमुख सुनील कुमार पासवान ने कहा कि रोजगार मेला में सभी नियोजकों, कर्मचारियों, बेरोजगार लोगों को एक मंच पर एकत्रित किया जाता है। वहां उन्हें नौकरी का अवसर प्रदान किया जाता हैं। मौके पर जेएसएलपीएस बीपीएम सत्य प्रिय तिवारी, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह, मुखिया अरविंद शुक्ला सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### पंसस ने बांटे धोती, साड़ी व लूंगी

**मोहम्मदगंज।** गोड़ाडीह की जन वितरण महिला स्वयं सहायता समूह की प्रखंड मुख्यालय के किशुनडीह में स्थित जन वितरण प्रणाली की दुकान में पंसस ममता देवी ने गुरुवार शाम मुख्यमंत्री सोना सोबरन योजना के तहत धोती, साड़ी व लूंगी वितरण की शुरूआत की। मौके उन्होंने डीलर कुंती देवी को सभी कार्डधारकों को इस योजना का ससमय लाभ पहुंचाने की हिदायत दी। कहा कि वितरण में पूरी पारदर्शिता के साथ कर्त्तव्य पालन करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि किसी भी उपभोक्ता वस्तुओं के वितरण में अनियमितता और मनमानी की शिकायत को गंभीरता से लिया जाएगा। गड़बड़ी मिली, तो बख्शा नहीं जाएगा। इस मौके युवा समाजसेवी सुशील कुमार मेहता भी मौजूद थे। मौके पर 60 कार्डधारकों में धोती, साड़ी और लूंगी का निर्धारित मूल्य में वितरण किया गया।

# भूगर्भ जल स्तर संतुलन के लिये संरचनात्मक विकास आवश्यक : दयानिधि

**कई बीमारियों के पनपने से मिलेगी निजात**



नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** भूगर्भ जल स्तर संतुलन बनाये रखने के लिये विभिन्न विषयों पर हैदरनगर प्रखंड के खरगाड़ा पंचायत के सजवन व संड़ेया पंचायत में जल सहियाओं के साथ शनिवार बैठक हुई। बैठक में प्रखंड समन्वयक हरसु कुमार दयानिधि ने बताया कि इस प्रखंड के सभी पंचायतों के गांव- गांव में तेजी से सोख्ता का निर्माण कराया जाना जरुरी है। इससे भूगर्भ जल स्तर का असंतुलन को वापस लाया जा सके। उन्होंने उपस्थित जल सहियाओं को संदेश में कहा कि इसके प्रति उन्हें संबधित क्षेत्र में लोगों के बीच तेजी से जागरुकता कार्यक्रम करने की जरुरत है। जिससे ग्रामीणों का बेहतर आर्थिक, शारीरिक, समाजिक विकास की दिशा में यह कार्यक्रम सार्थक साबित हो सके। उन्होंने कहा कि भूगर्भ जल स्तर संतुलन के लिये संरचनात्मक विकास आवश्यक है। शनिवार को बीडीओ विश्व प्रताप मालवा के निर्देश पर सजवन व संड़ेया में इस कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया है। पंचायत सेवक शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि ग्रामीणों की जागरुकता के साथ सोख्ता निर्माण किए जाने से भूगर्भ जल स्तर में वृद्धि ही नहीं, अपितु गांवों में विभिन्न संक्रमण व बीमारियों पर रोकथाम लग सकेगा। स्वच्छ परिवेश से ही गांवों के लोगों की स्वस्थता की परिकल्पना की जा सकती है।

### संस्कृत विषय की परीक्षा में 775 में 6 परीक्षार्थी अनुपस्थित

**हैदरनगर।** प्रखंड मुख्यालय हैदरनगर के विभिन्न सरकारी स्कूलों में स्थापित परीक्षा केंद्र पर मैट्रिक संस्कृत विषय की शांतिपूर्ण परीक्षा शनिवार को संपन्न हो गई। स्थानीय प्लस टू उच्च विद्यालय हैदरनगर के केन्द्राधीक्षक बैद्यनाथ राम ने बताया कि इस केन्द्र पर 351 में 4 परीक्षार्थी अनुपस्थित हैं। वहीं बाजार मिडिल स्कूल के केन्द्राधीक्षक सुमन कुमार ने बताया कि सभी 354 परीक्षार्थी ने संस्कृत विषय की परीक्षा दी है। पीएमश्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय मोहम्मदगंज के केन्द्राधीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि दंडाधिकारी सह बीडीओ रणबीर कुमार की निगरानी में शांतिपूर्ण संस्कृत विषय की परीक्षा में कुल 70 में 2 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

## न्यूज बॉक्स

### महाशिवरात्रि का पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय




**हरिहरगंज।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। अध्यक्षता सीओ मनीष कुमार सिन्हा ने की। संचालन थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक चंदन कुमार ने किया। बैठक में शांति और भाईचारे के साथ महाशिवरात्रि पूजा मनाने को लेकर चर्चा की गई। जुलूस व झांकी को शांतिपूर्वक संपन्न कराने का निर्णय लिया गया। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने कहा कि कोई भी त्योहार आपसी भाईचारा और एकता की निशानी है। साथ ही उन्होंने महाशिवरात्रि का पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की लोगों से अपील की । मालूम हो कि वर्षों से परंपरागत महाशिवरात्रि के दिन सीमावर्ती बिहार के पिपरा बगाही गांव स्थित शिवालय से बारात चलकर हरिहरगंज होते हुए महाराजगंज ठाकुरबाड़ी पहुंचती है । इसमें दोनों राज्य के हजारों श्रद्धालु शामिल होते हैं। बैठक के अंत में थाना प्रभारी ने शांति समिति के सदस्यों से सड़क पर हेलमेट लगाकर बाइक चलाने तथा आस पास के लोगों को लोगों को हेलमेट लगाकर चलने के लिए प्रोत्साहित करने की अपील किया।मौके पर एम ओ ब्रजेश कुमार,नगर प्रबंधक निजामुद्दीन अंसारी,कुटुंबा थाना के एसआई कुंदन कुमार, एएसआई महेंद्र पासवान, अरविंद पासवान, अजय सिंह, मुस्लिम अंसारी, महादेव यादव, विजय यादव, लक्ष्मी विश्वकर्मा, उमेश साव, अशोक जायसवाल,अवधेश मेहता, प्रमोद कुमार रवि, ओमप्रकाश अकेला, विकास यादव, महेंद्र यादव, अमित सिंह, इरफान शाहिद, माहताब शाहिल, उदय सिंह, सोनू विश्वकर्मा, प्रशांत विश्वकर्मा, राज विश्वकर्मा, गंगा जायसवाल, बुधन सिंह यादव, जेपी गुप्ता, अजय स्वर्णकार सहित कई लोग व पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

### 468 परीक्षार्थी संस्कृत भाषा की परीक्षा में हुए शामिल

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय में स्थापित केंद्र में शनिवार को मैट्रिक के संस्कृत भाषा की परीक्षा ली गई। इस केंद्र के कुल 477 परीक्षार्थियों में कैलाश सिंह उच्च विद्यालय पंसा के उर्दू भाषा के 7और अनुपस्थित 2 परीक्षार्थियों को छोड़ कर विभिन्न स्कूलों के 468 परीक्षार्थी संस्कृत भाषा की परीक्षा में उपस्थित थे। बतौर स्टैटिक मजिस्ट्रेट बीडीओ सह सीओ रणवीर कुमार ने परीक्षा का निरीक्षण किया। कनीय अभियंता प्रदीप कुमार ने इस परीक्षा की निगरानी की। उन्होंने शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त परीक्षा सुनिश्चित किया। प्रधानाध्यापक सह केंद्राधीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि शांति और सुरक्षा व्यवस्था के लिए स्थानीय पुलिस पदाधिकारी सुरेंद्र तिवारी सदलबल तैनात थे। इस परीक्षा केंद्र में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न 4 स्कूलों में उत्तर कोयल परियोजना उच्च विद्यालय के 158, कैलाश सिंह उच्च विद्यालय के 177, अपग्रेडेड हाईस्कूल रानीदेवा और सोनबरसा के क्रमशः 40 व 102 परीक्षार्थी शामिल किए गए हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा में शांति और सुरक्षा के दृष्टिकोण से इस केंद्र के 100 मीटर के दायरे में धारा 163 के तहत लागू निषेधाज्ञा का उल्लंघन दंडनीय अपराध है।

### हुसैनाबाद के पथरा शिव मंदिर में निकले नाग देवता, श्रद्धालुओं का लगा तांता, की पूजा अर्चना

**हुसैनाबाद।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत पथरा पंचायत सचिवालय के समीप श्री पार्देश्वर महादेव शिव मंदिर में अचानक शनिवार की शाम शिव मूर्ति के बगल में रखे एक कुर्सी पर काला नाग फन जोड़कर बैठ गया।ग्रामीणों को जानकारी मिलते ही काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर की ओर नाग देवता को दर्शन के लिए उमड़ पड़ी।ग्रामीण आने वाले महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर इस दृश्य को देखकर काफी उत्साहित दिखे,ग्रामीण इसे दैवीय चमत्कार समझकर नाग देवता की पूजा अर्चना शुरू कर दी है।श्रद्धालुओं का मानना हैं कि महाशिवरात्रि के समय भगवान भोलेनाथ की गले की सिंगार नाग देवता का मंदिर में साक्षात दर्शन देना इस क्षेत्र के शुभ संकेत हैं। पंचायत के मुखिया नरेश पासवान ने बतया की हमलोग पथरा वासी लिए यह शुभ संकेत हैं।वंही महाशिवरात्रि में आसमान से वर्षा और नाग देवता का आना यह दैविक संयोग हैं। नागराज मंदिर परिसर में जमे हुए है और श्रद्धालु पूजा अर्चना कर रहे है।

## देवरी ओपी के आरक्षियों ने दो युवकों पर परीक्षा ड्यूटी में व्यवधान डालने का लगाया आरोप, प्राथमिकी दर्ज




नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद के देवरी ओपी अंतर्गत सोन वैली हार्वे उच्च विद्यालय में दो आरक्षी शैलेश कुमार रवि व लाडले हसन परीक्षा ड्यूटी में तैनात थे। परीक्षा के दौरान सोन वैली हार्वे उच्च विद्यालय के गेट पर लोगों की भीड़ को हटाने के क्रम में दो युवक रोहित कुमार, दीपक कुमार सिंह वहां से भागने के बजाय गाली-गलौज करने लगे। एक युवक के हाथ में शर्मा गेस लिखी एक किताब थी। दोनों आरक्षियों ने बताया कि थोड़ी देर में वह युवक भाग गए। दोबारा दोनों अपने हाथ में बांस का एक-एक टुकड़ा लेकर पहुंचे। यह देख दोनों आरक्षियों ने देवरी ओपी में फोन कर अतिरिक्त पुलिस बल मंगा लिया। अतिरिक्त फोर्स आने पर दोनों को दबोच लिया गया। देवरी ओपी लाने के बाद हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के अहमदनगर गांव निवासी दोनों युवकों रोहित कुमार, दीपक कुमार के खिलाफ आरक्षी शैलेश कुमार रवि ने प्राथमिकी दर्ज कराया है। देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि दोनों युवकों से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया।

## हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में चिकित्सक व इलाज के नाम पर कटौती




नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेन्द्र सह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में रोगियों को स्वास्थ्य सेवाओं के तहत पहले से मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं में कटौती कर अन्य स्वास्थ्य केंद्रों को दे देने से मरीजों की परेशानी बढ़ गई है। इससे बाजार सह मुख्यालय स्थित अस्पताल में प्रतिदिन औसतन 200 मरीजों को दूसरे अस्पतालों या निजी केन्द्रों पर स्वास्थ्य सुविधा लेने के लिए भटकना पड़ता है। लैब टेक्नीशियन बसंत पासवान ने बताया कि बेकार पड़ा गत छह माह से खून जांच की आधुनिक मशीन से कई बार डिमांड के बाद किट तो उपलब्ध कराया गया, पर खून के सिवा अन्य रोगों की जांच के लिए अब भी किट उपलब्ध नहीं है। इस अस्पताल में मरीजों को तत्काल जांच की सुविधा को लेकर ईसीजी की मशीन की उपलब्धता के सवाल पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ज्योतिष कुमार ने कहा कि इसकी जांच की सुविधा यहां नहीं बल्कि अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में है, जबकि यह उपकरण इस अस्पताल में मुहैया कराकर विभागीय अधिकारियों ने विधिवत उदघाटन किया था। इस अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधा में कटौती कर रोगियों को खुले बाजार में जेब कटाने पर छोड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल में दो एमबीबीएस चिकित्सक की पदस्थापना के बाद महीनों से एक एमबीबीएस चिकित्सक डॉ. राकेश रंजन का अधौरा ग्रामीण हेल्थ सेंटर पर प्रतिनियुक्ति कर दी गई। इनके स्थान पर तीन दिनों के लिए अनुमंडलीय अस्पताल से आयुष चिकित्सक डॉ. पीएन सिंह की प्रतिनियुक्ति यहां की गई है, किन्तु आयुष विधि से रोगियों के इलाज की संख्या नगन्य है। यहां से प्रतिनियुक्ति पर अधौरा हेल्थ सेंटर पर कार्यरत डॉ. राकेश रंजन ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर उन्हें अधौरा डयूटी करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि इस केन्द्र पर प्रतिदिन औसतन मरीजों की संख्या 20 के आस पास ही रहती है।

## नपं पीएम आवास के लाभुकों का बकाया राशि भुगतान कराने की मांग



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत हुसैनाबाद के निवर्तमान वार्ड पार्षदों ने पलामू डीसी से प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों का बकाया किश्तों के भुगतान की मांग की है। उन्होंने पूर्व में भेजे गये पत्र में उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2016 से 2020 के बीच चयनित लाभुकों को योजना के तहत पहले और दूसरे किश्त का भुगतान किया गया, लेकिन कई लाभुकों की तीसरी और चौथी किश्त अभी भी लंबित है। लाभुकों ने कई बार नगर पंचायत कार्यालय का चक्कर लगाया और निवर्तमान वार्ड पार्षदों से मदद की गुहार लगाई है। पार्षदों ने नगर पंचायत कार्यालय के कार्यपालक अधिकारियों को इस मामले पर लिखित और मौखिक रूप से ध्यान दिलाने का प्रयास किया, लेकिन कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई। बताया जाता हैं कि ऑडिट व स्थल निरीक्षण के बाद भी आखिर क्यों भुगतान नहीं किया जा रहा है। इसकी जांच की भी मांग की है। इसके लिए निवर्तमान पार्षदों ने 2022-23-24 से उच्च अधिकारियों, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, और नगर विकास मंत्री को भी आवेदन भेजा, परंतु अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। निवर्तमान वार्ड पार्षदों ने बताया कि बकाया भुगतान न होने के कारण लाभुकों को दुकानदारों और अन्य बकायेदारों से लगातार प्रताड़ना झेलनी पड़ रही है, क्योंकि उन्होंने अपने घरों के निर्माण के लिए उधारी ली थी। वार्ड पार्षदों ने एक बार फिर अधिकारियों और मंत्रियों से निवेदन किया है कि इस मामले को संज्ञान में लेकर शीघ्र कार्रवाई की जाए और लाभुकों का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। यदि जल्द ही भुगतान नहीं हुआ तो लाभुकों के साथ मिलकर आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है। पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में निवर्तमान वार्ड पार्षद अखिलेश यादव, अर्जुन प्रसाद, राजेंद्र पाल, लालती देवी, मधु अग्रवाल, सुनीता देवी, सुदर्शन राम और ज्ञानंजय कुमार आदि का नाम शामिल हैं।

## राजस्व कैंप में भूमि संबंधित प्राप्त 10 आवेदनों में सभी प्रक्रियाधीन



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित अस्थाई पंचायत सचिवालय सामुदायिक भवन में शनिवार को पूर्व निर्धारित दिवस पर राजस्व कैंप लगाया गया। इसमें मौजूद राजस्व उपनिरीक्षक प्रेमचंद कुमार ने बताया कि अंचल अधिकारी रणवीर कुमार के निर्देश पर कैंप में भूमि संबंधित मामलों के आवेदन पत्र प्राप्त करने के बाद निष्पादन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इस कैंप में कुल 10 आवेदन जमा किए गए हैं। इनमें लगान रसीद के 6 और म्यूटेशन के 4 मामले शामिल हैं। इनमें सभी प्रक्रियाधीन हैं। इस कैंप में उनके अलावा विधायक प्रतिनिधि पंचू रजवार, पूर्व उपमुखिया सिद्धार्थ कुमार, अंचल अमीन विनय यादव सहित अन्य कई वार्ड सदस्य और ग्रामीण शामिल थे। उन्होंने बताया कि मोहम्मदगंज के बाद 24 को भजनियां और 27 फरवरी को कादलकुर्मी पंचायतों में पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक आयोजित कैंप में भूमि संबंधित मामलों के आवेदन प्राप्त करने के साथ ही चालू माह में सोमवार, गुरुवार और शनिवार को निर्धारित राजस्व कैंप का समापन हो जाएगा। उन्होंने भूमि संबंधित समस्याओं के समाधान को लेकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को आगामी कैंप में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## विकास से कोसों दूर है चौखड़ा गांव

**आजादी के दशकों बाद भी गांव में मूलभूत सुविधाओं का अभाव**

नवीन मेल संवाददाता

**नौडीहा।** प्रखंड के डगरा पंचायत के चौखड़ा गांव आजादी के इतने वर्षों के बाद भी गांव में सड़क नहीं पहुंच पाई है। बताया जाता है नौडीहा प्रखंड के डगरा पंचायत के चौखड़ा गांव के दूरी 25 किलोमीटर है। यह गांव चार पहाड़ों के बीच में बसा है। इस गांव आने-जाने के लिए चार पहाड़ों को पार कर आना पड़ेगा। यहां आने के लिए मात्र एक ही साधन है वह पैदल ही आ सकते हैं। इस गांव में आदिवासी और परहेरहिया जाती के लोग रहते हैं। सरकार द्वारा परेहिया जाती के नाम पर राशित तो आती है, मगर यहां तक नहीं पहुंच पाता हैं। अगर देखा जाए तो सरकार द्वारा इस गांव बिरसा मुंडा आवास दिया गया है, जो आज भी कितना आवास अधुरा पड़ा। गांव में एक सरकारी स्कूल था, लेकिन वह भी वर्ष 2015 में मर्ज कर दिया गया। जिससे यहां के बच्चे अब पढ़ने भी नहीं जाते हैं, क्योंकि स्कूल गमहरिडीह स्कूल में करकटा पंचायत में किया गया है। जो यहां से 8 किलोमीटर दूर है। यह गांव कभी नक्सलियों के सेफ जोन के रुप में चिह्नित था। यहां पर नक्सलियों अपनी सरकार चलाते थे। मगर जब से पिकेट खुला तब से नक्सलियों का यहां आना जाना बंद हो गया है। यह गांव पाटन मनातू और नौडीहा प्रखंड के सीमा पर है। गांव के ठेंगू परहिया ने बताया कि गरीबों का कोई सुनने वाला नहीं है। सरकार से कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। बीडीओ रामनारायण खलको ने कहा कि गांव में सभी मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### आज पूरे जिले में बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**मेदिनीनगर।** डाल्टनगंज तथा सूदना स्थित 132/33 ग्रिड में मेंटेनेंस का कार्य किए जाने के कारण रविवार को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इसके साथ जुड़े सभी 33/11 पावर सबस्टेशन में भी मेंटेनेंस का कार्य किया जाना है। इस दौरान सुबह 9:30 से शाम 5:30 बजे तक बिजली नहीं मिल पाएगी। जिले के सबस्टेशन रेड़मा, बैरिया ,सुदना, गहरपथरा, पदमा,लेस्लीगंज, सेमरा, बरवाडीह, तुकबेरा ,छतरपुर, हरिहरगंज में भी मेंटेनेंस काम किया जाएगा। इसका असर पूरे जिले में देखने को मिलेगा।

## कादलकुर्मी में थर्ड रेल लाइन विस्तारीकरण से ग्रामीणों की बढ़ी असुविधा

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** रेलवे थर्ड लाइन विस्तारीकरण के कारण कादलकुर्मी में गांव के 150 से 200 घरों के ग्रामीणों को आवागमन में असुविधा हो रही है। प्रभावित ग्रामीण मुखिया अनिता देवी के नेतृत्व में गोलबंद हैं। आवागमन की वैकल्पिक सुविधा प्रदान करने की मांग को लेकर लगातार विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। मुखिया ने बताया कि पहले 22 जनवरी को फिर एक महीने बाद 21 फरवरी को ग्रामीणों ने काम को बंद कराया। पहले की तरह इस बार भी आश्वासन दिया गया। यदि आवागमन की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई, तो काम को पूरा नहीं करने दिया जाएगा। मुखिया ने बताया कि इस काम में लगी कंस्ट्रक्शन कंपनी अशोका बिल्डकॉन लिमिटेड के अधिकारियों को पत्र लिखकर इस समस्या से अवगत कराया था। उन्होंने इसके समाधान के लिए अनुमंडल पदाधिकारी हुसैनाबाद, अंचलाधिकारी मोहम्मदगंज, रेल सुरक्षा बल पोस्ट जपला को भी पत्र की प्रतिलिपि प्रेषित किया था। इसके बावजूद अब तक सुविधाजनक आवागमन के लिए सड़क नहीं बनवाया गया है। बल्कि रेल अंडरपास का निर्माण से आवागमन और बाधित हो गया है। बच्चों को स्कूल आना जाना जोखिम भरा हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के रेलवे फाटक से तरेंद्र सिंह के घर से होकर मेन रोड तक वर्षों से ग्रामीणों का आवागमन होता रहा है। मगर थर्ड लाइन विस्तारीकरण से इस मार्ग से आवागमन पूर्णतः बन्द हो जाने के लिए कार्यस्थल से ही होकर गुजरना पड़ता था। सांसद के नाम ग्रामीणों के इससे संबंधित आवेदन पत्र के आलोक में एक फरवरी को सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह ने भी स्थलीय जांच की है। उन्होंने बताया कि सांसद को ग्रामीणों की इस समस्या से अवगत कराया गया है। सांसद जल्द ही इस समस्या के समाधान के प्रति गंभीर हैं। मुखिया के अलावा इसमें समाज सेवी प्रमोद राजवंशी के साथ ही प्रेम किशोर मेहता, जितेंद्र राम रघुबीर यादव, राजपतिया देवी, चरमनिया देवी और अनिल राम सहित कई ग्रामीण शामिल हैं।

## व्रत

## विजया एकादशी व्रत कल, वेद व पुराण में विशेष महत्व

# विजया एकादशी व्रत से विकट परिस्थितियों में हार को जीत में बदला जा सकता हैः गंगा

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** विजया एकादशी व्रत 24 फरवरी को है। पद्म पुराण और स्कंद पुराण में भी इस व्रत का महात्म बताया गया है। इस पर आधारित पौराणिक मान्यताओं में वर्णित तथ्यों के आलोक में ऐतिहासिक महत्व के भीम चूल्हा मंदिर के पुजारी गंगा तिवारी ने इस व्रत को रखने से होने वाले फायदे की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि प्राचीन काल में राजा-महाराजा इसी व्रत के प्रभाव से निश्चित हार को जीत में बदल लेते थे। कहा गया है कि विकट से विकट परिस्थितियों में भी विजया एकादशी व्रत से जीत हासिल की जा सकती है। ज्योतिष के अनुसार इस व्रत से चंद्रमा के दुष्प्रभाव को भी रोक सकते हैं। ग्रहों के बुरे प्रभाव को भी काफी हद तक कम कर सकते हैं। इसके टाइटल (विजया एकादशी) से ही इस व्रत के महत्व का पता चलता है। यह विजय दिलाने वाली एकादशी है। इस एकादशी व्रत में भगवान श्रीविष्णु की उपासना की जाती है। इससे बड़ी विपत्तियों के साथ ही शत्रुओं को भी परास्त कर सकते हैं।



**कलश स्थापना कर श्रीहरि पूजन फलदायी होगी**

पुजारी ने बताया कि विजया एकादशी के दिन पूजन स्थल पर कलश स्थापना कर श्रद्धापूर्वक श्रीहरि की पूजा-अर्चना फलदायक होता है। इसमें मस्तक पर सफेद चंदन या गोपी चंदन लगाकर श्रीहरि को पंचामृत, फूल और इसी ऋतु का फल अर्पित करने के साथ ही एक बेला उपवास और एक बेला सात्विक आहार ग्रहण किया जा सकता है। शाम को भोजन करने से पहले उपासना और आरती जरुरी होता है। अगले दिन सुबह पूजित कलश, अन्न और वस्त्र दान श्रेयस्कर होता है।

### क्रोध न करें, कम बोलें और आचरण पर नियंत्रण रखें

इस व्रत को रखने के दौरान महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए पुजारी ने बताया कि इस दिन तामसिक आहार, व्यवहार और विचार से दूर रहना चाहिए। भगवान विष्णु को याद करते हुए दिन की शुरूआत करें। पूरे दिन उन्हें ही मन में बैठाए रखें। सेहत ठीक न हो, तो उपवास न रखें। केवल व्रत के नियमों का पालन करें। चावल और भारी भोजन न ग्रहण करें। इस व्रत में दिन-रात की उपासना का विशेष महत्व है। सबसे बड़ी बात है कि इस दिन क्रोध न करें, कम बोलें, आचरण पर नियंत्रण भी रखें।

# रोजगार मेला में आने-जाने के लिए बस सुविधा उपलब्ध रहेगी



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** मेदिनीनगर में 24 फरवरी को दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत आयोजित रोजगार मेला में अभ्यर्थियों के आने-जाने के लिए सुबह 7 बजे स्थानीय प्रखंड कार्यालय के पास से बस की सुविधा उपलब्ध होगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए जेएसएलपीएस के जॉब रिसोर्स पर्सन उदय कुमार ने बताया कि इस दौरान नाश्ता-पानी के साथ शिक्षित बेरोजगार व जरूरतमंद युवक-युवतियों को मेदिनीनगर ले जाना है। बस से सुरक्षित ले जाने और वापस आने की सुविधा उपलब्ध होगी। रोजगार मेला में देश की विभिन्न कंपनियों में जॉब के लिए रजिस्ट्रेशन व नामांकन की उम्र सीमा 18 से 35 वर्ष तक सुनिश्चित किया गया है। जिनकी शैक्षणिक योग्यता पांचवी, आठवीं, मैट्रिक, इंटर, बीए, आईटीआई और डिप्लोमा पास की होगी। पढ़ाई-लिखाई के ही हिसाब से उन्हें नौकरी प्राप्त होंगे। इसमें ऐसे भी कैंडिडेट जा सकते हैं, जो पहले भी नौकरी कर चुके हैं। ट्रेनिंग ले चुके हैं। वैसे लोग भी जा सकते हैं, जो कभी गए नहीं हैं। एकदम नया हैं। रोजगार मेला टाउन हॉल में लगेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे संबंधित सभी युवक-युवती समय पर पहुंच कर बस में स्थान ग्रहण कर सकते हैं। साथ में अपने-अपने डॉक्यूमेंट में आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, जाति, स्थानीय और शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण पत्र ले जाना अनिवार्य होगा। इस संबंध में विशेष जानकारी के लिए उनसे उनके मोबाईल पर 9973643701 पर संपर्क किया जा सकता है।

# टीएसपीसी उग्रवादी गिरफ्तार सात वर्ष से था फरार




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नक्सलियों एवं उग्रवादियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पलामू जिले की विश्रामपुर थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के फरार कमांडर अनिल भुइयां को गिरफ्तार कर लिया है। अनिल वर्ष 2018 से फरार था, और पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयासरत थी। शनिवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।
विश्रामपुर थाना क्षेत्र के घासीदास निवासी अनिल भुइयां की गिरफ्तारी पुलिस के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि वह अपने गांव में मौजूद है। इस आधार पर थाना प्रभारी सौरभ कुमार के नेतृत्व में सर्च अभियान चलाया गया और अनिल को घासीदास इलाके से गिरफ्तार किया गया।
उल्लेखनीय है कि 2018 में पलामू के मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र में पुलिस और टीएसपीसी उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इसके बाद पुलिस ने इलाके में सर्च अभियान चलाया, जिसमें चार हथियार और कई संदिग्ध सामान बरामद किए गए थे। इस घटना में छह उग्रवादियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी, जिसमें अनिल भुइयां भी शामिल था। थाना प्रभारी सौरभ कुमार ने बताया कि अनिल पर नक्सली वारदातों को अंजाम देने का आरोप है। उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति की बैठक

# सरकार के प्रति जवाबदेह बने प्रशासन : सांसद

■ **पुलिस लाइन व बस स्टैंड को शहर से बाहर शिफ्ट करने की हो पहल : राधाकृष्ण किशोर**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक पलामू सांसद-सह-दिशा के अध्यक्ष विष्णु दयाल राम की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास व संसदीय कार्य विभाग के मंत्री राधाकृष्ण किशोर सहित विधायकगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।
बैठक में सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि प्रशासन सरकार के प्रति जवाबदेह बने, ताकि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता को मिल सके। पूर्व बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन के साथ विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।
योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता आवश्यक मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने निर्देश दिया कि सरकारी योजनाओं को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से निष्पादित किया जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि पुलिस लाइन स्टेडियम एवं बस स्टैंड को शहर से बाहर स्थानांतरित किया जाए। इस पर पुलिस अधीक्षक को पुलिस लाइन स्थानांतरण हेतु अध्ययन कर प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया गया, जबकि उपायुक्त बैरिया में प्रस्तावित बस स्टैंड की भूमि का निरीक्षण करेंगे। पलामू को यातायात जिला घोषित करने का प्रस्ताव बैठक में यातायात विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों के प्रभावी अनुपालन हेतु ई-पॉश मशीन की खरीद का निर्णय लिया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि डालटनगंज, छतरपुर एवं हुसैनाबाद में यातायात थाना बनाने और पलामू को यातायात जिला घोषित करने का प्रस्ताव भेजा गया है।
विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक में मनरेगा, आवास योजना एवं 15वीं वित्त आयोग की योजनाओं की शिथिल प्रगति पर संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया। उप विकास आयुक्त ने बताया कि प्रत्येक बुधवार को पंचायत कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन होगा। सांसद ने सखी मंडल की महिलाओं को मशरूम उत्पादन की दिशा में प्रेरित करने का निर्देश दिया। कृषि एवं खनन गतिविधियों पर चर्चा कृषि विभाग को बीज एवं खाद की कालाबाजारी पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया। वहीं, अवैध खनन एवं परिवहन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।
मुसहर परिवार को बसाने की पहल मंत्री ने मुरूमातु गांव से विस्थापित मुसहर परिवार को बसाने की पहल की। उपायुक्त ने समस्या की समीक्षा कर उचित समाधान का भरोसा दिया। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। पथ निर्माण से संबंधित कार्यों की प्रगति का आकलन किया गया। बैठक में सांसद विष्णु दयाल राम, मंत्री राधाकृष्ण किशोर, विधायक, उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## भाजपा विधायक पहुंचे महोत्सव में, कलाकरों का बढ़ाया मनोबल

**इटखोरी (चतरा)।** तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव 2025 के अंतिम दिन बरही विधायक मनोज कुमार यादव भी महोत्सव स्थल पहुंचे। इस दौरान विधायक श्री यादव ने बैठकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लिया और कलाकरों का मनोबल बढ़ाया। हलांकी इस महोत्सव में चतरा के स्थानीय सांसद कालीचरण सिंह, चतरा के लोजपा विधायक जनार्दन पासवान व सिमरिया के भाजपा विधायक कुमार उज्जवल शामिल नहीं हुए, जबकी इस आयोजन की शुरूवात पूर्व भाजपा सांसद सुनील कुमार सिंह द्वारा की गई थी।
तत्कालीन भाजपा सरकार ने इसे राजकीय महोत्सव का दर्जा दिया था। दूसरी ओर महोत्सव में पहुंचे भाजपा के बरही विधायक का डीसी रमेश घोलप व एसपी विकास कुमार पांडेय ने अंग वस्त्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

# झारखंड महिला टीम ने बंगाल को 7-0 से हराया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय पुलिस स्टेडियम में चल रहे अंतरराज्यीय फुटबॉल टूनामेंट में शनिवार को दो प्रदर्शनी मैच खेले गए। पहले मैच में झारखंड महिला टीम ने पश्चिम बंगाल की महिला टीम को 7-0 से पराजित किया। वहीं, दूसरे प्रदर्शनी मैच में पलामू के पूर्व खिलाड़ियों की टीम ने मीडिया की टीम को 4-0 से हराया।
मैच की शुरूआत से पूर्व संत मरियम विद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जबकि ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने खिलाड़ियों का स्वागत किया।
मैच शुरू होने से पहले झारखंड और बंगाल की महिला टीम से मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने परिचय प्राप्त किया। पहले मैच में झारखंड की महिला टीम शुरू से ही बंगाल की टीम पर हावी रही। मैच शुरू होने के 10वें मिनट में टीम ने पहला गोल किया। मध्यांतर से पहले और बाद में भी झारखंड की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए कुल सात गोल किए। झारखंड टीम की खिलाड़ी अल्फा ने तीन, एलिजाबेथ ने दो, जबकि अलका उरांव और रश्मि मिंज ने एक-एक गोल किया। झारखंड की टीम की 10 नंबर की जर्सी पहनने वाली खिलाड़ी अल्फा खंडोना को 'मैन ऑफ द मैच' का पुरस्कार दिया गया।
दूसरे मैच में पलामू के वरिष्ठ खिलाड़ियों की टीम का मुकाबला मीडिया की टीम से हुआ। वरिष्ठ खिलाड़ियों की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार प्रयास किए और अंततः 4-0 से मीडिया की टीम को पराजित किया।
मैच के दौरान मुख्य अतिथि पूर्व मेयर अरुणा शंकर, विशिष्ट अतिथि अभियान पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, और आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने किक मारकर खेल की शुरूआत की।



# जिले में मैट्रिक-इंटर परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न, एक परीक्षार्थी निष्कासित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में मैट्रिक और इंटर की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। हालांकि, इस दौरान इंटर की परीक्षा दे रहे हरिहरगंज के मोती राज महिला इंटर कॉलेज के एक परीक्षार्थी को कदाचार के आरोप में परीक्षा से निष्कासित कर दिया गया।
मैट्रिक परीक्षा के लिए कुल 76 केंद्र बनाए गए थे, जहां 26,200 विद्यार्थियों के स्थान पर 26,020 उपस्थित रहे, जबकि 180 छात्र अनुपस्थित रहे। वहीं, 12वीं की परीक्षा के लिए 40 केंद्र बनाए गए थे। शनिवार को आर्ट्स संकाय के सोशियोलॉजी और विज्ञान संकाय की परीक्षा थी, जिसमें 21,916 परीक्षार्थियों को शामिल होना था, लेकिन 248 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।
परीक्षा के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में बनाए गए केंद्रीय सेल से निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही थी। जिला मुख्यालय में इंटर की परीक्षा के लिए 9 केंद्र बनाए गए थे, जहां परीक्षा कदाचार मुक्त संपन्न हुई।
परीक्षा केंद्रों में प्रवेश से पहले छात्रों की गहनता से जांच की जा रही थी। छात्रों और छात्राओं के लिए अलग-अलग पुरुष और महिला सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए थे। प्रत्येक केंद्र पर दंडाधिकारी भी नियुक्त थे। महिला कॉलेज केंद्र पर दंडाधिकारी के रूप में तैनात शुभम कुमार उपाध्याय ने बताया कि परीक्षार्थियों को पंक्तिबद्ध कर क्रमवार जांच के बाद ही अंदर प्रवेश दिया जा रहा था। इस दौरान उन्हें स्मार्टवॉच, मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं थी।



# ओरिएंटेशन कार्यक्रम में आदेशपाल प्रशिक्षण देने पहुंचा, यह देख भड़के मुखिया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला मुख्यालय से सटे चैनपुर प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को कृषि व पशुपालन विभाग की ओर से आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम में विभाग का आदेशपाल गव्य विकास पर प्रशिक्षण देने पहुंच गया। आदेशपाल के बिना तैयारी के कार्यक्रम का प्रतिनिधित्व करने पर कई मुखिया भड़क गए और आपत्ति दर्ज कराई।
इस कार्यक्रम में गव्य विकास संबंधी जानकारियां मुखिया को दी जानी थीं। लेकिन विभाग द्वारा विशेषज्ञ भेजने के बजाय आदेशपाल को भेज दिया गया, जो बिना तथ्यों के कार्यक्रम में पहुंच गए। इस पर कई मुखिया ने नाराजगी जताई।
कार्यक्रम में चैनपुर के भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. इंद्रजीत सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत पशुपालकों को अनुदानित दर पर पशुधन उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने मुखिया से आग्रह किया कि वे अपने पंचायतवासियों को इस योजना की जानकारी दें और जागरूकता फैलाएं।
मुखियाओं ने आरोप लगाया कि गव्य विकास विभाग की योजनाओं का लाभ क्षेत्र विशेष के लोगों को ही अधिक दिया जाता है। चयन प्रक्रिया में अनियमितताएं बरती जाती हैं, और यदि जांच हो तो अनियमितताएं स्वतः ही उजागर हो जाएंगी।

## विश्वविद्यालय में तालाबंदी कर आजसू छात्र संघ ने किया विरोध प्रदर्शन

# विश्वविद्यालय में कोई जवाबदेह अधिकारी नहीं : छात्र नेता

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) ने शनिवार को नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय में तालाबंदी कर प्रदर्शन किया। छात्रों ने प्रशासनिक लापरवाही के खिलाफ नारेबाजी की और विश्वविद्यालय कर्मियों को कार्य बंद कर बाहर निकाल दिया। इसके बाद कुलानुशासक के.सी. झा ने वार्ता की पेशकश की। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्रार की अनुपस्थिति के कारण कुछ निर्णय लंबित हैं, लेकिन राजभवन से आदेश जल्द मिलने की उम्मीद है।
छात्र नेता अभिषेक राज ने कहा कि विश्वविद्यालय में कोई जवाबदेह अधिकारी नहीं होने से छात्र समस्याओं से जूझ रहे हैं। पीजी सत्र 2024-26 को हटा दिया गया है और सत्र 2021-24 के सेमेस्टर 5 का परीक्षा परिणाम अभी तक घोषित नहीं हुआ है। सचिव सचिन कुमार ने महाविद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी पर सवाल उठाया, जबकि छात्रा शालिनी ने प्रशासनिक आश्वासनों को निरर्थक बताया। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने विश्वविद्यालय के समक्ष राज्य सरकार और मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया। उन्होंने भर्ती प्रक्रिया में देरी, पेपर लीक की बढ़ती घटनाओं और प्रशासनिक अनियमितताओं पर रोष व्यक्त किया। प्रदर्शन में स्वस्तिक सिन्हा, प्रेरणा दुबे, रितिका कुमारी, राहुल कुमार, विकास तिवारी, सिद्धांत तिवारी, अमित वर्मा, आयुष वर्मा, ऋतिक, निशांत सहित दर्जनों छात्र मौजूद रहे।



## हाइवा की चपेट में आने से युवक की मौत

**मेदिनीनगर।** शनिवार को शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत पांकी रोड में स्थित आशी लाइफ केयर के पास दोपहर करीब 1 बजे बालू लदे हाइवा ने मोटरसाइकिल सवार को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पांकी रोड स्थित एसबीआई एटीएम के पास हाइवा की टक्कर से पांकी निवासी मोहम्मद असमद (35) गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे तत्काल आशी लाइफ केयर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के मोबाइल से उसके परिजनों को सूचित किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मोटरसाइकिल सवार पांकी से मेदिनीनगर जा रहा था, जबकि हाईवा बालू लेकर श्रीराम पथ की ओर जा रहा था। तेज रफ्तार हाइवा ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी और कुचलते हुए निकल गया। दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार की हेलमेट पूरी तरह फट गई। घटना के बाद हाइवा चालक और खलासी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने हाइवा को जब्त कर टीओपी-2 में रखा है। इस दुर्घटना के बाद पांकी रोड पर कुछ समय के लिए जाम लग गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेजा गया है, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## जमाबंदियों में त्रुटि निराकरण को लेकर शिविर का आयोजन

**बालूमाथ।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में ऑनलाइन झारभूमि पोर्टल पर दर्ज जमाबंदियों में व्यापक त्रुटि के निराकरण को लेकर शनिवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इसमें उपरोक्त मामला के कुल 27 आवेदन जमा किया गया, जिसमें 10 आवेदन को शनिवार शिविर में ऑन स्पॉट समाधान किया गया। जानकारी सीओ विजय कुमार ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर ग्रामीणों के सहूलियत को ध्यान में रखकर यह विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में ऑनलाइन झारभूमि पोर्टल पर दर्ज जमाबंदी में व्यापक त्रुटि के निराकरण,दाखिल खारिज, उत्तराधिकारी, बटवारानामा के आधार पर नामांतरण तथा विभिन्न राजस्व कार्यो,भूमापी,ऑनलाइन लगान रसीद से संबंधित शिकायत के निष्पादन के लिए भूमि मालिकों का आवेदन प्राप्त कर निराकरण किया जाएगा। ग्रामीणों को अंचल कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े और उनकी जमीन संबंधित समस्या दूर हो जाए। उन्होंने शिविर में जमा हुए सभी आवेदकों के आवेदन की जांच करते हुए बहुत जल्दी समाधान करने की बात कही है। शिविर में अंचल प्रधान सहायता मनोज कुमार, राजस्व कर्मचारी विरेन्द्र टोप्पो, दयालु केरकेट्टा जगरनाथ प्रसाद समेत कई अंचल कर्मी मौजूद थे।

## कलाकारों को अंगवस्त्र, स्मृतिचिह्न देकर किया सम्मानित

**चतरा/इटखोरी।** जिले के उपायुक्त रमेश घोलप ने महोत्सव के अंतिम दिन समापन समारोह में कहा कि इटखोरी महोत्सव के उद्घाटन से लेकर समापन तक तीन दिनों में जितना प्यार व उत्साह यहां के लोगों ने कलाकारों का मनोबल बढ़ाने का कार्य किया, इसके लिए जिला प्रशासन तहे दिल से धन्यवाद देता है। इस आयोजन को सिर्फ एक सरकारी कार्यक्रम ना रखते हुए आम लोगों के कार्यक्रम बनाने में जिले के साथ इटखोरी वासियों का अहम योगदान रहा है। साथ ही मीडिया का भी अहम योगदान रहा है। चाहे व प्रिंट मीडिया हो, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया हो या फिर सोशल मीडिया, सभी ने इस महोत्सव को इसकी विशेषताओं को इसके आयोजन में जो कलाकार आए थे इनके परफॉर्मेंस को लेकर लगातार लिखा है। इस बार के कार्यक्रम में यह प्रयास रहा था कि जो हमारे स्थानीय कलाकार हैं, उनको भी इस मंच पर अपने प्रतिभा को दिखाने का मौका मिले। देश के जाने माने कवि, गायक समेत अन्य कला के जो भी माध्यम हैं, उन्हें इस मंच पर लाने का प्रयास रहा। कार्यक्रम को भव्य व सफल बनाने के लिए बैठक कर सुझाव भी लिए गए थे। इस दौरान महोत्सव में प्रस्तुति देने वाले सभी कलाकारों को अंगवस्त्र और स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुनील कुमार सिंह, पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, बरही विधायक मनोज यादव, उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय, जिप उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, डीडीसी अमरेंद्र कुमार सिन्हा, एसी अरविंद कुमार, जेएमएम नेता मनोज कुमार चंद्रा सहित कई गणमान्य शामिल हुए।

## पाइपलाइन मरम्मत से लोगों को राहत

# राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार में छपी खबर पर निगम ने लिया संज्ञान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार में प्रकाशित खबर के बाद नगर निगम ने साहित्य समाज चौक पर पेयजल आपूर्ति पाइप की मरम्मत कराई।
ज्ञात हो कि कई दिनों से उक्त स्थान पर पाइपलाइन के लीक होने से प्रतिदिन सैकड़ों लीटर पानी बर्बाद हो रहा था। इससे राहगीरों और दुकानदारों को काफी परेशानी हो रही थी। राष्ट्रीय नवीन मेल ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया, जिसके बाद नगर निगम के पाइपलाइन निरीक्षक छोटेलाल गुप्ता ने संज्ञान लेते हुए तत्काल मरम्मत कार्य करवाया।
स्थानीय लोगों का कहना है कि पाइप फटने के कारण पेयजल आपूर्ति के दौरान पानी की काफी बबार्दी हो रही थी। मरम्मत कार्य पूरा हो जाने के बाद अब जल जमाव की समस्या समाप्त हो गई है, जिससे स्थानीय दुकानदारों ने संतोष व्यक्त किया है।

# श्रीरामचरित मानस नवाह्न पारायण महायज्ञ के चौथे दिन श्रद्धालु भाव-विभोर

● **रामचरित मानस पाठ में गूंजे भक्तिगीत**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के जोड़ ग्राम स्थित शिव मंदिर प्रांगण में जारी नव दिवसीय श्रीरामचरित मानस नवाह्न पारायण महायज्ञ के चौथे दिन श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। राम जन्मोत्सव के अवसर पर भजन-कीर्तन की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय बन गया।
कार्यक्रम में श्री बाबा बैजनाथ आदर्श रामलीला मंडली, जनकपुर (मिथिला, दरभंगा) द्वारा भव्य झांकी प्रस्तुत की गई, जिसने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।
इस अवसर पर मंचन की शुरूआत भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता की झांकी से हुई। झांकी में दिखाया गया कि कैसे सुदामा की पत्नी ने उन्हें भगवान कृष्ण से सहायता मांगने के लिए प्रेरित किया। आर्थिक तंगी से जूझते सुदामा जब द्वारका पहुंचे, तो भगवान कृष्ण ने अपने बचपन के मित्र का अत्यंत प्रेमपूर्वक स्वागत किया। सुदामा के अर्पित तुच्छ भेंट–सत्तू और चावल को कृष्ण ने सहर्ष स्वीकार किया और अपनी कृपा से सुदामा की दरिद्रता हर ली। यह झांकी उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए आत्मीय और भावनात्मक रूप से प्रभावी रही।
इसके बाद श्री बैजनाथ आदर्श रामलीला मंडली द्वारा राम विवाह का भव्य मंचन किया गया। जनकपुर में भगवान श्रीराम और माता सीता के विवाह प्रसंग को अत्यंत सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिससे श्रद्धालु आनंदित हो उठे। कार्यक्रम में रावण-बाणासुर संवाद भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें बाणासुर ने रावण को अपनी शक्ति का परिचय देते हुए गर्व से भरे संवाद बोले।
श्रद्धालुओं ने राम जन्मोत्सव के इस शुभ अवसर पर कीर्तन, भजन और हवन में भाग लिया। पूरे मंदिर परिसर में भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा। आयोजकों ने बताया कि आगामी दिनों में राम राज्याभिषेक सहित अन्य महत्वपूर्ण प्रसंगों का मंचन किया जाएगा।



## एक नजर

### आवास योजना का मिला प्रभार

**केतार।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से अगले आदेश तक 15वें वित्त ,प्रखंड समन्वयक राकेश कुमार को अगले आदेश तक प्रखंड समन्वयक आवास विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा। बता दें कि प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंप कर प्रभारी समन्वयक (आवास) अनूप कुमार को प्रभार से हटाने की मांग की थी।

### ग्रामीणों को दी गई विधिक सेवा की जानकारी



**रमना।** टंडवा ग्राम के नावाडीह टोला में शनिवार को कानूनी जानकारी व कानूनी सुविधा से वंचित गरीब-मजदूर ग्रामीणों को विधिक व्यवस्था उपलब्ध कराने और न्याय दिलाने के उद्देश्य से नालसा-झालसा के निर्देश जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गढ़वा के निर्देश पर पारा लीगल वालीयंटर राकेश कुमार ने विधिक जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत इससे प्राप्त होने वाली निःशुल्क सुविधा के संबंध में बताया गया। साथ ही समाज में शांति बनाए रखने,सरकारी कार्यालयों को सुरक्षित रखने,जल के दुरूपयोग से भविष्य में आने वाली संकटों,वनों की सुरक्षा जीवन की सुरक्षा है आदि की जानकारी दी। शिक्षा सार्वभौमिक है, समाज में आपसी सौहार्द को बनाए रखना, बाल मजदूरी, बंधुआ मजदूरी ,हिट एंड रन, सड़क सुरक्षा जैसे मुख्य बिंदुओं के बारे में ग्रामीणों को बताया गया। मौके पर ग्रामीण शर्मिला देवी, लीलावती देवी, कुमारी देवी, महेश राम, मुरलीधर प्रजापति उपस्थित थे।

### बालिका आवासीय विद्यालय में पेयजल की किल्लत, बढ़ी परेशानी




**केतार।** झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में पानी की किल्लत होने के कारण विद्यालय में अध्यनरत छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसे लेकर विद्यालय की वार्डेन सह शिक्षिका अमिता पांडेय ने प्रमुख चंद्रावती देवी को आवेदन देकर विद्यालय में (बोरिंग)चापानल लगाने की मांग की है। वार्डेन ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को भी पत्र देकर विद्यालय कि स्थिति से अवगत कराया है। वार्डेन अमित पांडेय ने बताया कि आवासीय विद्यालय में फिलहाल 214 बच्चियों पढ़ती हैं। सत्र 2025-26 में भी नये नामांकन होना हैं। विद्यालय में एक बोरिंग रहने से बच्चियों को परेशानी हो रही है। पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इस संबंध में प्रमुख चंद्रावती देवी ने बताया कि समाहरणालय में हुई दिशा की बैठक में इस मामले को गंभीरता से उठाया गया है। जल्द ही आवासीय विद्यालय में पेयजल (बोरिंग)की व्यवस्था कराई जाएगी।

---

मझिआंव प्रखंड के खजूरी डैम समेत बूढ़ी खांड मंदिर का उपायुक्त ने किया स्थलीय निरीक्षण

# अन्नराज डैम की तर्ज पर खजूरी जलाशय का होगा विकास: उपायुक्त

**रोजगार सृजन के लिए खजूरी जलाशय में मत्स्य पालन व पर्यटन विकास करने पर जोर**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव।** प्रखंड के खजूरी जलाशय में रोजगार सृजन के लिए उपायुक्त शेखर जमुआर ने स्थल निरीक्षण किया। मौके पर उपस्थित जिला मत्स्य पदाधिकारी धनराज कापसे ने जलाशय की महत्ता से उपायुक्त को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि मत्स्य पालन के क्षेत्र में यहां काफी संभावनाएं हैं। मछली पालन के लिए आवश्यक ढांचा का निर्माण कर स्वरोजगार से लोगों को जोड़ा जा सकता है। उन्होंने अन्नराज डैम की तर्ज पर यहां भी केज से मछली पालन करने की पहल की। उन्होंने कहा कि यहां के निवासी यदि मछली पालन कर स्वरोजगार से जुड़ जाएंगे, तो यहां पलायन करने जैसी समस्याओं में कमी आएगी। स्थल निरीक्षण के दौरान उपायुक्त द्वारा वहां उपस्थित ग्रामीणों से रोजगार और सरकारी योजनाओं से आच्छादित होने संबंधी कई प्रश्न किए गए। वास्तविक स्थिति का जायजा लिया गया। उपायुक्त ने मौके पर उपस्थित ग्रामीणों से पूछे जाने पर लोगों ने बताया कि यहां बेरोजगारी की स्थिति है। रोजगार की तलाश में लोग अन्य शहरों में जाकर कार्य करते हैं, जिससे यहां पलायन की समस्या बनी रहती है। लोगों ने बताया कि यदि मत्स्य विभाग की तरफ से रोजगार सृजन के क्षेत्र में कोई पहल की जाती है, तो लोगों को रोजगार मिलेगा। साथ ही पलायन को मजबूर नहीं होंगे। स्थल निरीक्षण व रोजगार की संभावनाओं को तलाशने के बाद उपायुक्त द्वारा खजूरी जलाशय में केज से मछली उत्पादन करने व स्वरोजगार के लिए मत्स्य विभाग से इस योजना को स्वीकृति देने की बात कही गई। उन्होंने कहा कि उक्त जलाशय से नहर आदि का भी निर्माण कराया जाएगा, जिससे कृषि के क्षेत्र में भी लोगों को सिंचाई करने का लाभ मिलेगा। उन्होंने खजूरी जलाशय का विकास गढ़वा जिला अंतर्गत अन्नराज डैम के तर्ज पर करने की बात कही। उन्होंने पर्यटन के क्षेत्र में भी जलाशय को विकसित करने की बात कही। नौका विहार, रोड निर्माण एवं जलाशय के आसपास सुंदरीकरण करने की बात कही गई, जिससे पर्यटन के क्षेत्र में भी लोगों को रोजगार मिल सके। उपायुक्त ने मंझिआंव प्रखंड के बूढ़ीखांड स्थित शिव मंदिर व हनुमान मंदिर परिसर का भी निरीक्षण किया गया व मंदिर परिसर का संभावित विकास करने पर चर्चा की गई। इस दौरान उपायुक्त द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बनाए गए इंटरमीडिएट परीक्षा केंद्र का भी निरीक्षण किया। वहां चल रहे परीक्षा संबंधी गतिविधियों का जायजा लिया। स्कूल में परीक्षा संचालन, सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था, शौचालय, पेयजल व अन्य बुनियादी सुविधाओं का भी निरीक्षण किया गया। साथ ही उपस्थित शिक्षकों को निर्देश दिए गए। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा संजय कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नीरज कुमार, जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी मंझिआंव, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत मंझिआंव समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### हाथियों का झुंड खेतों में लगे फसलों को रौंदा

**डंडई।** प्रखंड के तसरार पंचायत स्थित चकरी गांव में शुकवार की रात्रि हाथियों के झुंड ने उत्पात मचाया। हाथियों का झुंड ने शिवकुमार कोरबा, किरण देवी, रामाधार कोरबा, शंकर कोरबा, दिनेश कोरबा, राम प्रवेश, सुकन कोरबा सहित अन्य ग्रामीणों के खेत में लगे गेहूं, मटर व अरहर की फसलों को रौंद कर पूरी तरह बर्बाद कर दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि 10 एकड़ से भी अधिक की रकबा में लगाया गया फसल पूरी तरह चौपट हो गया। हाथियों के उत्पात से सबसे अधिक क्षति गांव के शिवकुमार कोरबा और किरण देवी का होना बताया जा रहा है। शिवकुमार कोरबा के खेत उपजा गेहूं का फसल बर्बाद हो गया। किरण देवी के खेत में मटर का फसल चौपट हो गया। इस तरह अन्य किसानों में किसी के खेतों में लगे फसलों को भी हाथियों के झुंड ने रौंद दिया। हाथियों का झुंड सुबह 3 बजे खेतों में उपजे फसलों को तहस-नहस कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि कुत्ते की भौंकने की आवाज सुनकर हम सभी अपने घर से बाहर निकले, तो देखा दो से चार की संख्या में हाथियों खेतों में लगे फसलों को रौंद रहा है।

### मासिक लोक अदालत में 50 मामलों का निपटारा

**श्रीबंशीधर नगर।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वावधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार नलिन कुमार के निर्देश पर शनिवार को नगर उंटारी व्यवहार न्यायालय में मासिक लोक अदालत लगाया गया। इसमें दो बेंच बनाया गया था। पहले बेंच पर एडीजे वन संजय कुमार सिंह तथा दूसरे बेंच पर एसीजेएम अरविन्द कच्छप थे। लगाये गये मासिक लोक अदालत में 50 मामलों का निपटारा किया गया। जिसमें 6 लाख 4 हजार रुपए राजस्व प्राप्त हुई। पहले बेंच पर बिजली से संबंधित 43 मामलों में 5 लाख 26 हजार रुपए राजस्व प्राप्त हुआ। दूसरे बेंच पर 7 केसो का निपटारा किया गया। जिसमें एग्जीक्यूटिव, जीआर केसो में 6 तथा एनआई एक्ट मामलों में 1 केसो का निपटारा किया गया। जिसमें 78 हजार रुपए राजस्व प्राप्त हुआ। नगर ऊंटरी व्यवहार न्यायालय के एसीजेएम सह जिला विधिक सेवा समिति के प्रभारी सचिव अरविंद कच्छप ने बताया कि मासिक लोक अदालत में विद्युत से संबंधित 43 तथा 7 अन्य मामलों का निपटारा किया गया।

## अज्ञात युवक का शव पुलिस ने हरइया पुल के नीचे से किया बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** पुलिस ने शनिवार को थाना क्षेत्र के मसरा व रणपुरा गांव के जंगल के बीच हरइया पुल के नीचे से एक 30 वर्षीय अज्ञात युवक का शव बरामद किया है। शव के पास से ही एक मोटरसाइकिल को भी बरामद किया है। मोटरसाइकिल थाना क्षेत्र के सिदे गांव निवासी उपेंद्र यादव का बताया गया। पुलिस के अनुसार शव 2-3 दिन पूर्व का है, क्योंकि शव से बदबू भी आ रही थी। ग्रामीणों ने बताया कि युवक शराब के नशे में मोटरसाइकिल से रणपुरा चिनियां मुख्य सड़क से होते चिनियां बाजार की तरफ जा रहा था। इस बीच हरइया पुल के पास मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटना का शिकार हो गई। युवक का शव झाड़ी में शनिवार को बकरी चरवाहे के द्वारा देखा गया। जबकि शव के पास में ही मोटरसाइकिल को भी देखा गया। इसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को जानकारी दी। युवक के चेहरे व हाथों पर गंभीर जख्म के निशान था। घटना की सूचना मिलते ही चिनियां थाना प्रभारी अमित कुमार घटना स्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे मे लेकर अंत्य पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि 30 वर्षीय अज्ञात युवक का शव हरइया पुल के नीचे से बरामद किया गया है। युवक शराब के नशे में गाड़ी चला रहा इस कारण वह दुर्घटना का शिकार हो गया। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।



## डीडीसी के निर्देश के बाद भी नहीं शुरू हुई दीदी बाड़ी योजना, नाराजगी

**477 लाभुकों की सूची प्रखंड कार्यालय को सौंपी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** उपविकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा के निर्देश के 45 दिन बाद भी केतार प्रखंड में मनरेगा के तहत दीदी बाड़ी योजना का क्रियान्वयन नहीं किया जा सका है। इससे सखी मंडल की महिलाओं में नाराजगी है। सखी मंडल कि महिलाएं योजना कि कोडिंग कराने के लिए प्रतिदिन प्रखंड कार्यालय कि चक्कर काट रही हैं, लेकिन उन्हें निराशा हाथ लगी रही है। बता दें कि उपविकास आयुक्त ने 28 दिसंबर 2024 को पत्र प्रेषित कर बीडीओ को प्रखंड के 297 सखी मंडल दीदियों को मनरेगा अंतर्गत दीदी बाड़ी योजना की स्वीकृति प्रदान करने और 5 जनवरी तक योजना को ऑन गोइंग करने का निर्देश दिया था। योजना की सूची तैयार कर जेएसएलपीएस प्रखंड समन्वयक अरविंद कुमार पासवान ने 7 जनवरी को 477 लाभुकों की सूची प्रखंड कार्यालय को सौंप दिया है, लेकिन प्रखंड कार्यालय द्वारा अभी तक सखी मंडल के दीदीयों को दीदी बाड़ी योजना का कोडिंग तक नही किया जा सका है। इससे प्रखंड में विकास योजना चरमरा गयी है। सरकार ने इस योजना को स्वास्थ्य और पोषण के प्रति महिलाओं को जागरूक करने, साल भर पौष्टिक साग सब्जियां उपलब्ध कराने और रोजगार से जोड़ने के लिए शुरू किया है। प्रखंड कर्मियों के लापरवाही के कारण यह योजनाएं फाइलों में ही दम तोड़ रही है। इस सबंध में बीडीओ प्रशांत कुमार ने कहा कि टारगेट से अधिक सूची जेएसएलपीएस द्वारा प्राप्त हुआ है। ग्राम सभा कर लाभुक चयन करने का निर्देश कर्मियों को दिया गया है। इसके बाद योजना जल्द शुरू करायी जायेगी।




## कस्तूरबा में नामांकन के लिए डोर टू डोर संपर्क अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय भवनाथपुर में नामांकन के लिए विद्यालय द्वारा पोषक क्षेत्र में डोर टू डोर संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। बीते एक सप्ताह से विद्यालय के वार्डन कविता कुमारी एकाउंटेंट विनय कुमार गुप्ता अन्य सहयोगियों के साथ संपर्क अभियान के तहत अभिभावकों से मिल कक्षा छह में बच्चियों के नामांकन के लिए उन्हें प्रेरित कर रहे है। वार्डन ने बताया नामांकन के लिए आवेदन स्वीकार किया जा रहा है। इसके लिए अधिक से अधिक संख्या में आवेदन दें। कक्षा 6 में 75 छात्राओं के साथ अन्य कक्षाओं के रिक्त कोटे मे नामांकन लिया जाना है। इसके लिए कुछ मानक भी तय किए गए हैं। जैसे विद्यालय में नामांकन के लिए बालिका का अनाथ होना। अभीवंचित वर्ग से होना। विद्यालय से क्षिजित होना,दिव्यांग होना, आर्थिक रूप से पिछड़ा होना आदि शामिल है। नामांकन प्रपत्र यथाशीघ्र विद्यालय में जमा करना है। प्राप्त आवेदन की जांच करते हुए प्राथमिकता के आधार पर नामांकन किया जाएगा।

## ड्रग इंस्पेक्टर के पहुंचते ही दुकान बंद कर फरार हुए दवा दुकानदार

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** गढ़वा ड्रग इंस्पेक्टर का भवनाथपुर में पहुंचने की जानकारी मिलते ही मेडिकल संचालक दुकान को बंद कर फरार हो गए। बता दें कि शनिवार को गढ़वा ड्रग इंस्पेक्टर कैलाश उरांव ने अशोक मेडिकल, बजरंगी मेडिकल दुकान का निरीक्षण करने भवनाथपुर पहुंच कर निरीक्षण कर रहे थे। यह खबर भवनाथपुर में संचालित मेडिकल दुकान के संचालकों को जैसे ही मिली वह अपने-अपने दुकान को बंद कर भाग गए। ड्रग इंस्पेक्टर कैलाश उरांव ने बताया कि हम सभी प्रखंडों में जा कर मेडिकल दुकानों का निरीक्षण कर रहे हैं। मेडिकल दुकान में नारकोटिक दावा, लाईसेंस व बिल जांच कर रहे है। आज सिर्फ दो दुकान का निरीक्षण किया गया है, बाकी सभी दुकान बंद है। उन्होंने ने बताया कि निरीक्षण के दौरान कमी मिली है। रिर्पोट बन गया है विभागीय कार्रवाई की जाएगी।




### नवनिर्मित शिवमंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा निकाली

**भवनाथपुर।** सिंदुरिया पंचायत के पाठक मुहल्ला में नवनिर्मित शिवमंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह सह रुद्र महायज्ञ का आयोजन को लेकर शनिवार को भव्य कलश यात्रा सह शोभा यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में शामिल महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने गाजे बाजे के साथ माथे पर कलश लिए सिंदुरिया स्थित दुल्हर नदी तट पर पहुंचे। वहां यज्ञाचार्य पंडित के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दुल्हर नदी से कलश में जल भरकर श्रद्धालु टॉउनशिप मुख्य पथ, बैंक मोड़ होते यज्ञ मंडप पहुंचे। यज्ञ कार्यकर्ता सह मुखिया नंदलाल पाठक ने बताया कि शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ 22 फरवरी से शुरू हुआ है। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के साथ पूणार्हुति तथा महाभंडारा का आयोजन किया जायेगा। कलश यात्रा में मुखिया नंदलाल पाठक, पंचायत समिति सदस्य संजू देवी, विस्थापित संघर्ष समिति के संरक्षक सुशील चौबे, प्रदीप पाठक, संगीता देवी, ददुली साह, हीतन साह, दीपक लाल जायसवाल, शांति देवी, नवीन बैठा, शनिचर अगरिया, उदय गुप्ता, जितेंद्र पाठक, सतीश मिश्रा, मुकेश शर्मा, अनिल बियार, रविन्द्र शर्मा, प्रेम चौबे आदि मौजूद थे।

**महायज्ञ**

शिव प्राण प्रतिष्ठा रुद्र महायज्ञ के दूसरे दिन हवन कुंड में अग्नि प्रवेश कराया

## जीवन में भक्ति और सत्कर्म का विशेष महत्व: ब्रह्म देवाचार्य



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड के मझिगांवा में आयोजित शिव प्राण प्रतिष्ठा रुद्र महायज्ञ के दूसरे दिन विधिवत रूप से मंडप पूजन व अरनी मंथन के माध्यम से हवन कुंड में अग्नि प्रवेश कराया गया। इस दौरान विद्वानों द्वारा पूजा-पाठ कर हवन प्रारंभ हुआ। महायज्ञ में रविवार को शिवलिंग का अनाधिवास संपन्न कराया जाएगा। महायज्ञ में कथा वाचन के पांचवें दिन छत्तीसगढ़ पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 जगतगुरु ब्रह्म देवाचार्य ने राम के आदर्शों को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि भगवान राम और रावण एक ही राशि के थे, लेकिन उनके सिद्धांत अलग-अलग थे। राम मयार्दा पुरुषोत्तम थे और सत्य के मार्ग पर चलते थे, जबकि रावण मोक्ष प्राप्ति के लिए असत्य के मार्ग पर चला। रावण जानता था कि उसे इस मृत्युलोक में कोई नहीं मार सकता, इसलिए उसने अपने मोक्ष के लिए यह मार्ग चुना। ब्रह्म देवाचार्य ने कहा कि सनातन धर्म में पुराणों का विशेष महत्व है। रामचरितमानस, शिव पुराण, भागवत महापुराण जैसे पवित्र ग्रंथ न केवल व्यक्ति के जीवन को दिशा देते हैं, बल्कि सत्य, प्रेम, भक्ति और धर्म का मार्ग भी दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि जैसे मुस्लिम धर्म में कुरान मुक्ति का मार्ग दिखाती है, वैसे ही हिंदू धर्म में हमारे शास्त्र जीवन को सही दिशा देने वाले दिव्य प्रकाश हैं। महायज्ञ में उन्होंने भक्ति और सत्कर्म के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि श्रवण, कीर्तन और स्मरण से जीवन के समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं और मोक्ष का द्वार खुल जाता है। कथा के दौरान श्री बांके बिहारी जी की कथा सुनाते हुए उन्होंने समझाया कि यदि भक्त भगवान के दर्शन पूजन करते समय कुछ भी नहीं मांगते, तो भगवान बिना मांगे ही सब कुछ प्रदान कर देते हैं। मांगने से केवल उतना ही प्राप्त होता है जितना मांगा गया होता है। इसलिए ईश्वर से कुछ मांगने की आवश्यकता नहीं होती।ब्रह्म देवाचार्य ने उपस्थित श्रद्धालुओं से धर्म को अपने जीवन में अपनाने और सत्य के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने गुरु और शिष्य की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि गुरु के बिना ज्ञान संभव नहीं और गुरु ही शिष्य को मोक्ष का मार्ग दिखाता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे और भक्ति के रंग में डूबे हुए थे।

**कार्यालयः-असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार**

स्वस्थ झारखण्ड सुखी झारखण्ड

Sadar Hospital Campus, Latehar. E Mail ID: cslatehar@gmail.com.

**जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (DMFT) लातेहार के अंतर्गत संविदा/अनुबंध के आधार पर विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी के पदों पर चयन/नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन से संबंधित आवश्यक सूचना।**

जिला लातेहार के अंतर्गत जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (DMFT) लातेहार के तहत जिले के निवासियों को उत्तम स्वास्थ्य सुविधा की उपलब्धता हेतु सदर अस्पताल लातेहार के लिए अनुबंध/संविदा के आधार पर औपबंधिक एवं अस्थायी रूप से आवश्यकता आधारित विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी के पदों पर चयन/नियुक्ति हेतु विज्ञापन सं0–01/2025 (DMFT) प्रकाशित की गई थी, जिसका पी0आर0 नं0 345979 (Health Med Edu and Family Welfare)24-25(D) है। इस विज्ञापन के तहत आवेदन समर्पित करनें की अंतिम तिथि–22.02.2025 तक निर्धारित थी, जिसे दिनांक–03.03.2025 तक विस्तारित की जाती है।

विज्ञापन की शेष सभी शर्तें यथावत होगी।

➤ उपरोक्त विज्ञापन संबंधी विस्तृत जानकारी, शर्तें, अर्हता, आवेदन का प्रपत्र आदि का अवलोकन लातेहार जिले के अधिकृत वेबसाईट http://latehar.nic.in पर देखा जा सकता है।

PR.NO.346969 Health Med Edu and Family Welfare(24-25):D

सिविल सर्जन, लातेहार

fssai

**खाद्य सुरक्षा कार्यालय, गढ़वा**

Email-dofoodgarhwa@gmail.com

Eat Right Garhwa

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा गढ़वा जिला अंतर्गत सभी खाद्य कारोबारीयों को सूचित किया जाता है कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत खाद्य कारोबार करने से पहले लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन सक्षम प्राधिकार से प्राप्त किया जाना वैधानिक अनिवार्यता है। बिना बैद्य लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन धारित खाद्य कारोबारकर्ता के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम–2006 की धारा–63 के अंतर्गत 6 माह के कारावास की सजा तथा 05 लाख रूपये तक के जुर्माना का प्रावधान है। इस संदर्भ में गढ़वा जिला अंतर्गत सभी खाद्य कारोबारीयों के लिए निम्न प्रकार से लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन कैम्प का आयोजन किया जाना हैं:–

| क्र0 सं0 | कैम्प आयोजन स्थल का नाम | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी कार्यालय, सिविल सर्जन कार्यालय कैम्पस, गढ़वा। | 28.02.2025 | 11:00 बजे पूर्वा0 से 03:00 बजे अप0 तक |
| 02 | खाद्य सुरक्षा कार्यालय, अनुमण्डल कार्यालय परिसर, गढ़वा | 07.03.2023 | 11:00 बजे पूर्वा0 से 03:00 बजे अप0 तक |

रजिस्ट्रेशन हेतु आवश्यक दस्तावेजो की सूची (जिसका टर्नओवर 12 लाख से कम हो) :–

1. आवेदक का पहचान पत्र।
2. अगर पहचान पत्र में व्यवसाय स्थल का पता नहीं है तो व्यवसाय स्थल के लिए पता का प्रमाण पत्र।
3. एक पासपोर्ट आकार का फोटो।
4. रजिस्ट्रेशन हेतु शुल्कः 100 रू0

**लाईसेंस हेतु आवश्यक दस्तावेज की विवरणी (जिसका टर्नओवर 12 लाख से अधिक हो) :–**

1. प्रोपराईटर्स/डाइरेक्टरर्स/पार्टनर की सम्पूर्ण विवरणी (पता/मो.नं./ई. मेल आई डी. इत्यादि)
2. आवेदक/प्रोपराईटर/पार्टनर का पहचान पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र।
3. व्यवसाय स्थल के स्वामित्व का प्रमाण पत्र (सेल डीड, बिजली बिल, राजस्व रसीद इत्यादि)
4. प्रोपराईटरसीप से संबधित स्व–घोषणा पत्र/पार्टनरसिप डीड/फार्म IX।
5. मैन्युफैक्चररिंग युनिट का फोटो, प्रोसेसिंग एरिया सहित। मैन्युफैक्चररिंग उत्पाद की सूची।
6. मैन्युफैक्चररिंग युनिट में प्रयोग की जा रही मशीनों की सूची क्षमता अनुरूप।
7. मैन्युफैक्चररिंग युनिट के लिए Recall Plan.
8. उत्पादन इकाई का ले–आउट/ब्लुप्रींट, क्षमता के अनुरूप।
9. होटल/कैटरर/रेस्टुरेंट के लिए उपयोग में लाए जा रहे पेयजल की शुद्धता का जॉच रिपोर्ट।
10. लाइसेंस हेतु शुल्कः 2000 रू0 (Wholesaler, Distributor, Retailer, Caterer), 3000 रू0 (Manufacturer)

मीट, चिकन एवं मछली का विक्रय करने वाले दुकानदार अपने साथ अनापत्ति प्रमाण पत्र अपने क्षेत्र के मुखिया या वार्ड पार्षद से (मुहर सहित) लेकर आयेंगे।

अतः गढ़वा जिला के सभी खाद्य कारोबारी जैसे– खुदरा विक्रेता, थोक विक्रेता, वितरक, उत्पादक, होटल, रेस्टुरेंट, स्ट्रीट फुड भेंडर, केटरर, बुचड़खाना, मछली दुकान, अण्डा दुकान, दुग्ध दुकान, सब्जी–फल दुकान, दवा दुकान, शराब दुकान, आर0ओ0 पानी सप्लायर, सरकारी एवं अर्ध–सरकारी कार्यालय परिसर संचालित कैन्टिन, स्टोर रूम इत्यादि के संचालक/ मालिक/ प्रोपराईटर/ पार्टनर इत्यादि को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त तिथियों को कैम्प में सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन हेतु आवेदन समर्पित कर सकते है।

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी
गढ़वा

PR 347011 Food Public Distribution and Consumer Affairs (24-25)_D

अभिहित अधिकारी–सह–
अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा

# अतिक्रमणकारियों पर चला बुलडोजर खाली कराई गई अवैध जमीन

- महुआडांड़ एसडीओ के निर्देश पर अतिक्रमण हटाने का नोटिस दिया था
- निर्धारित समय तक अतिक्रमण नहीं हटाने पर प्रशासन ने की कार्रवाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** गारू प्रखंड मुख्यालय में सीओ दिनेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में शनिवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। गारू बाजार के सड़क किनारे अवैध रूप से बसे दुकानों और निर्माणों को जेसीबी लगा कर मुक्त करा दिया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई से सड़क के दोनों ओर काफी जगह खाली हो गई, जिससे यातायात सुगम हो गया है। इससे पहले सीओ ने अतिक्रमणकारियों को महुआडांड़ एसडीओ के निर्देश पर 21 फरवरी तक स्वयं अतिक्रमण हटाने का नोटिस दिया था। निर्धारित समय तक अतिक्रमण नहीं हटाने पर प्रशासन ने कार्रवाई की है। सीओ दिनेश कुमार मिश्रा, सीआई ओम प्रकाश कुमार,अमीन मुनिदेव सिंह की टीम ने बाजार क्षेत्र का निरीक्षण कर अवैध कब्जों की मापी कर जेसीबी से अतिक्रमण हटाया। सीओ ने गारू थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि खाली कराई गई जगह पर दोबारा अतिक्रमण न होने दिया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई फिर से अतिक्रमण करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जिन लोगों के अतिक्रमण को हटाने में प्रशासन को जेसीबी चलानी पड़ी, उन्हें सरकार को क्षतिपूर्ति की राशि भी चुकानी होगी। ग्रामीणों ने इस कार्रवाई का समर्थन किया और कहा कि इससे सड़क पर गाड़ियों की आवाजाही आसान होगी। पुलिस की इस सख्ती से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया है।

## गर्मी से पूर्व ही पानी को तरसने लगे ग्रामीण, विभाग मौन



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** गर्मी आने के पूर्व ही ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या उत्पन्न होने लगी है। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत माल्हन पंचायत के लोहरसी अखराटोली में जल नल योजना द्वारा लगाया गया। जलमीनार बीते कुछ दिनों से खराब पड़ा है। इससे ग्रामीणों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है, जिससे गांव में पेयजल संकट बना हुआ है। ग्रामीणों ने पंचायत के मुखिया जतरू कुमार मुंडा को पेयजल समस्या से अवगत कराया। मुखिया ने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्या सुना। उन्होंने कहा कि पेयजल विभाग और ठेकेदार को उक्त समस्याओं से आवगत कराया गया है, लेकिन अब तक कोई पहल विभागीय अधिकारी द्वारा नहीं किया गया है। ठेकेदार से पूछने पर बताया कि ग्रामीण चंदा कर बनवाएं। कंपनी द्वारा खराब पड़े जलमीनार बनाने का कोई प्रावधान नहीं है। मुखिया ने ग्रामीणों को आश्वास्त करते हुए कहा कि ग्रामीणों की समस्या के लिए मैं हमेशा साथ खड़ा हूं। उपायुक्त से इस समस्या पर बात करूंगा। जल्द ही पेयजल की समस्या दूर होगी। मौके पर सुशील भगत, महावीर भगत, लालमुनि देवी,परदेशिया देवी, संजय भगत,मो. आजाद समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### एसपी ने किया नेतरहाट थाना का निरीक्षण

**महुआडांड़ (लातेहार)।** पुलिस अधीक्षक लातेहार कुमार गौरव ने शनिवार को नेतरहाट थाना का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस कार्यालय में मासिक कार्य विवरणी, मलखाना चार्ज, स्टेशन डायरी समेत अभिलेखों की जांच की। साथ ही थाना क्षेत्र के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए अपराधों में अंकुश लगाने को लेकर कईनिर्देश दिए। इस दौरान थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न मामलों में अनुसंधानकर्ताओं से बारी-बारी से कांड के बारे में जानकारी ली। पुलिस पदाधिकारी को कांड में फरार अभियुक्तों की जल्द गिरफ्तारी करने, पूर्व से लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा करने, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चौकस रहने का निर्देश दिया। इस दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवपूजन बहेलिया, थाना प्रभारीअभिशेक कुमार, सिंह पुअनि कामता कुमार एस आई सुमीत कुमार सिंह समेत एएसआई एवं पुलिस के जवान उपस्थित थे।

### आम रास्ते की अवैध जमाबंदी पर सीओ से कार्रवाई की मांग

**टंडवा (चतरा)।** अंचल क्षेत्र में अवैध जमाबंदी कराये जाने का आरोप इन दिनों थमने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार कई मामले सामने आने से लोगों को सरकारी दफ्तरों में अभिलेख सुरक्षित नहीं होने का डर सताने लगा है। ताजा मामला शनिवार को सेरनदाग का सामने आया। यहां देवी मंडप जाने वाले आम रास्ते की जमाबंदी होने का दावा करते हुए सीओ विजय दास को दर्जनों ग्रामीणों ने आवेदन सौंप कर निरस्त करने की मांग की है। बताया गया कि हल्का तीन अंतर्गत मौजा सेरनदाग के खाता 49, प्लौट संख्या 364 में लगे सरकारी बोर्ड को भी शरारती तत्वों ने उखाड़ कर फेंक दिया। सेरनदाग निवासी हिरामन भुइयां पिता स्व. रुदन भुइयां व सेवक भुइयां पिता स्व. बुधन भुइयां द्वारा अवैध बंदोबस्ती कागजातों के जरिए कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त मामले में ग्रामीणों ने उच्च स्तरीय जांच व कार्रवाई की मांग की है। आवेदन पत्र में सुबोध कुमार, बाबुलाल साहू, उत्तम राम, सुरेश प्रसाद साहू, धनिक लाल कश्यप, त्रिवेणी साव, पारस गुप्ता, प्रदीप राम, कमल राम, अनिता देवी समेत अन्य के हस्ताक्षर हैं। देवी मंडप व बौलिया तालाब जाने वाले उक्त आम रास्ता के जमाबंदी होने की भनक लगने पर किशुनपुर के मनोज पाठक,अरविंद पाठक, प्रभु महतो, विजय पाठक, महेंद्र महतो समेत अन्य लोगों ने ग्रामीणों का हस्ताक्षरित पत्र सीओ विजय दास को सौंपकर विरोध जताया है। ग्रामीणों की मानें तो दशकों से मूर्ति विसर्जन समेत मंडप में पूजन अराधना के लिए ग्रामीण आम सड़क के तौर पर उपयोग जमाबंदी होने वाले उक्त रास्ते से करते रहे हैं। बता दें कि कुछ वर्ष पहले ही उक्त विवादित भूखंड पर सरकारी मद से सड़क का निर्माण कराया गया था। ऐसे में दावा किया जाता है कि अगर मामले की गहराई से जांच हुई तो चौंकाने वाला दिलचस्प तथ्यों के साथ संलिप्त बिचौलिये और कई राजस्व कर्मी कठघरे में खड़े नजर आ सकते हैं।

*तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का समापन*

## सांस्कृतिक संध्या में गायक के सुरों पर थिरके लोग



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा/इटखोरी।** तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव 2025 का शांतिपूर्ण समापन शुक्रवार देर रात आतिशबाजियों के साथ हुआ। इटखोरी प्रखंड मुख्यालय स्थित माता भद्रकाली मंदिर परिसर में 19, 20, 21 फरवरी को आयोजित तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव में देश के जाने माने व स्थानीय कलाकारों ने अपने सुरों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया और महोत्सव को यादगार बनाया। कवि सम्मेलन, पाइका नृत्य, छाउ नृत्य, नाटक समेत अन्य प्रस्तुति को देख दर्शकों ने खूब मनोरंजन किया। राजकीय इटखोरी महोत्सव के अंतिम व आखिरी दिन 21 फरवरी को प्रसिद्ध हास्य कवि डॉ. सर्वेश अस्थाना, कवियित्री पद्मिनी शर्मा, स्वंय श्रीवास्तव, राजेश अग्रवाल ने अपने कविताओं से बनाया यादगार शाम। डॉ. सर्वेश अस्थाना के हास्य कविताओं को सुन श्रोताओं ने खूब मनोरंजन किया। पद्मिनी शर्मा ने नारी पर आधारित शब्दों से पिरोई कविता सुनाई और नारी सम्मान का एक अच्छा संदेश दिया। श्रोताओं ने भी तालियों से कवियित्री का उत्साहवर्धन किया। प्रेम कवि राजेश अग्रवाल, श्रीवास्तव ने भी अपनी कविताओं के प्रस्तुति से शमा बांधा। चतरा जिले के लोक गायिका अनुज्ञा शर्मा, सोनी टीवी के सुपर स्टार सिंगर सीजन 3 के विजेता अथर्व बक्सी, दिवस कुमार धनबाद, अभिषेक प्रधान, आर्यन रॉय ने अपने सुरों के जादू से जलवा बिखेरा और इस पल के साक्षी लोग बनें। चतरा जिला निवासी गायक आर्यन रॉय के गानों का ऐसा जादू चला कि लोग होली गाने की मांग करने लगे, जिसपर गायक आर्यन रॉय ने पारिवारिक फिल्म बागवान के गाने होरी खेले रघवीरा अवध में गाकर श्रोताओं का दिल जीता। जिला के स्थानीय सिमरन डांस एकेडमी एंड ग्रुप द्वारा नागपुरी व खोरठा डांस की प्रस्तुति की गई। महोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आंनद आम लोगों के साथ अतिथियों व अधिकारियों ने भी लिया।

## प्रतिभावान हैं चंदवा के बच्चे : उप प्रमुख



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** अलौदिया स्थित चिल्ड्रेन पाराडाइज का 10वां वार्षिकोत्सव शनिवार को धूमधाम से संपन्न हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर चंदवा उप प्रमुख अश्विनी मिश्र ने कहा कि चंदवा प्रखंड के बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है। यहां के बच्चे हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर जिला का नाम हमेशा रोशन करते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप ठाकुर ने कहा कि वह इस विद्यालय के सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का पूरा प्रयास करता रहूंगा। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। नृत्य, गायन व नाटक में बच्चों ने मौजूद लोगों का मन मोह लिया। मौके पर विशिष्ट अतिथि राजकुमार पाठक, रामप्रसाद साहू, आदर्श रविराज, बलदेव साहू, महेंद्र साहू, डॉ. बलवंत सिंह, शुक्र बाजार अंजुमन कमेटी के सदर नसरुद्दीन मियां, सेक्रेटरी रियाज टेलर,अलौदिया मुखिया फुलजेंसिया टोप्पो, विद्यालय की शिक्षक सुभाष डे उर्फ बच्चू सर, मुनेश्वर,सत्येंद्र सिंह,संजीत सिंह, मिथलेश कुमार,आयुष कुमार,अंजली देवी गुलिस्ता परवीन,अनुराधा कुमारी एवं राधा कुमारी समेत विद्यालय के बच्चे व अभिभावक मौजूद थे।

## बारिखाप में ग्राम सभा का आयोजन

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पंचायत सालवे के ग्राम बारिखाप में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बारिखाप के प्रांगण में ग्राम प्रधान राजदेव भगत की अध्यक्षता में ग्राम सभा आयोजित की गई। ग्राम सभा में उपस्थित पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को जानकारी देते हुए बताया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी के आदेश के तहत इसकी प्रविष्टि ग्राम स्वराज को पोर्टल में की जाएगी। जिसमें सबकी योजना, सबकी विकास अभियान 2024 में विशेष का नौ(9) थीम में पंचायत स्तरीय विकास लक्ष्यों के तहत काम होगा। इसके तहत गरीबी मुक्त और आजिविका युक्त पंचायत, स्वस्थ्य पंचायत,बाल हितैषी पंचायत, जल प्रयाप्त पंचायत, स्वस्थ और हरित पंचायत, आत्म निर्भर और बुनियादी ढांचे वाला पंचायत, सामाजिक रूप से सुरक्षित पंचायत, सुशासन वाली पंचायत ,महिला हितैषी पंचायत का स्थानीयकरण करते हुए योजनाऐं लिया जाना हैं। इस ग्राम सभा में मुखिया राजीव भगत, पंचायत सचिव प्रकाश कुमार, रोजगार सेवक सुरेंद्र पासवान, पंचायत सहायक मनोज ठाकुर, फौजदार गंझू, आवास मित्र महावीर उरांव, आरिफ अंसारी सहित ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## आक्रोशित ग्रामीणों ने भूमि खनन काम रोका



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** लातेहार जिला के बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत संचालित कोलियरियों में से एक मगध कोल माइंस इन दिनों काफी चर्चा में है। बता दें कि शनिवार को आरा ग्राम के प्लॉट नंबर 908, 2889 व रकबा 0.12 एकड़, 0.24 एकड़ आदि जीएम भूमि में भी पीआर खनन कंपनी द्वारा खनन किया जा रहा था। भूमि का दावा करते हुए भू स्वामित्वों ने खनन का विरोध करते हुए खनन पर रोक लगा दी। रैयतों ने कहा कि बार-बार खनन कंपनी की मिली भगत कर हम लोगों को बिना जानकारी दिए हमारे जमीनों पर खनन कर रही है। बताया कि हमारे पूर्वजों ने इस जमीन को उपजाऊ लायक बनाया और आज हम इसी जमीन पर खेती कर अपना घर परिवार का जीविकोपार्जन कर रहे हैं। इन उपजाऊ जमीनों पर लगे पेड़ को भी काट दिया जा रहा है। खनन कंपनी बिना नौकरी दिए औने पौने दाम 60-70 हजार रुपया प्रति एकड़ जीएम भूमि का मुआवजा दिया जाता है। जबकि सीसीएल के नियमानुसार प्रति एकड़ लाखों रूपए और नौकरी पुनर्वास नीति के तहत विस्थापित किया जाना है। इस मामले में मगध महाप्रबंधक नृपेंद्र नाथ से पूछे जाने पर बताया कि जो भी भू रैयत खनन कार्य को रोकने गए थे, उनके लोग पहले से ही सीसीएल में कार्यरत हैं। जो भी भूमि सीसीएल आउटसोर्सिंग कंपनी को मुहैया करा रही है, इस पर खनन किया जा रहा है। अगर ग्रामीण इस तरह से सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाएंगे तो विभागीय निर्देश पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## पलामू-गढ़वा के नीलगाय को महुआडांड़ जंगल में छोड़ने का विरोध

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** वन विभाग ने एक हजार नीलगाय को पलामू और गढ़वा के इलाके से महुआडांड़ के जंगल में लाने के निर्णय को केन्द्रीय जनसंघर्ष समिति के सचिव जेरोम जेराल्ड कुजूर ने अनुसूची क्षेत्र के आदिवासी व अन्य वन निवासियों पर सीधे तौर पर शोषण बताया। उन्होंने कहा कि जानकारी के अनुसार पलामू व गढ़वा जिला में विचरण करने वाले एक हजार नीलगायों को वन विभाग महुआडांड़ वन क्षेत्र में खदेड़ने का निर्णय लिया है। कारण बताया जा रहा है कि पलामू और गढ़वा के किसान इन नीलगायों द्वारा खेती को बर्बाद करने के कारण खेती नहीं कर पा रहे हैं। वन विभाग के इस निर्णय से अब महुआडांड़ प्रखंड के किसान जो रबी, खरीफ व गरमा की खेती करते हे, उनको भविष्य में नीलगायों के रौंदने से फसल को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। कुछ वर्षों से महुआडांड़ के किसान उन्नत खेती कर अपनी आमदनी बढ़ा रहे हैं। पलायन छोड़कर खेती में ध्यान दे रहे है। इससे सब बर्बाद हो जाएगा। वन विभाग पलामू और गढ़वा में खेती बर्बाद होने का जो तर्क दे रहा है, उससे लगता है कि महुआडांड़ के किसान खेती ही नहीं करते। शुरू से ही महुआडांड़ में खरीफ, रबी और गरमा की खेती होती रही है। इन फसलों का लाभ यहां के किसान उठा सके, इसके लिए केन्द्रीय जन संघर्ष समिति व अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा पहल किए जाने पर हर गांव में चरवाही का काम सुचारु रूप से चल रहा है। गांव के लोग अपने जानवरों की चरवाही कर रहे हैं। चरवाही सुनिश्चित होने के बाद अब महुआडांड़ के लगभग 150 से अधिक किसान प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत बागवानी के लिए सोलर पंप ले चुके हैं। पर्यावरण विशेषज्ञ डॉक्टर डीएस श्रीवास्तव ने कहा कि पलामू टाइगर रिजर्व के इलाके में नीलगायों को छोड़ने का निर्णय पूरी तरह से हास्यास्पद और चिंताजनक है। वन विभाग के पदाधिकारी को इस पर पुनर्विचार करना चाहिए। वर्तमान समय में जिस क्षेत्र में नीलगाय है। उनसे निपटने का उपाय पर काम करना चाहिए।

## 22 एकड़ अवैध पोस्ता की खेती को पुलिस ने किया नष्ट

**बारियातू।** थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने लगभग 22 एकड़ भूमि पर लगे अवैध पोस्ता की खेती को विनिष्ट किया। शनिवार को थाना क्षेत्र के बालुभांग पंचायत अंतर्गत ग्राम इंडुआ और डाकादीरी के सीमावर्ती क्षेत्र में अमानत नदी से सटे लगभग 22 एकड़ वन भूमि पर लगे अवैध पोस्ता फसल को लाठी डंडा से पीटकर कर नष्ट किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव से मिली गुप्त सूचना आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी के निर्देश पर विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा उक्त क्षेत्र में लगे अवैध पोस्ता फसल को ट्रैक्टर व लाठी-डंडों से पीटकर नष्ट किया गया। उन्होंने कहा कि इस अवैध खेती में संलिप्त दोषी व्यक्तियों की विरुद्ध पहचान कर प्रथामिकी दर्ज की जा रही है। दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर इस अभियान में थाना के कई पदाधिकारी व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# बिरसा सिंचाई कूप योजना किसानों के लिए संजीवनी साबित हो रही

- ग्रामीण स्तर पर रोजगार का अवसर भी सृजित किए जा रहे हैं

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** झारखंड सरकार की बिरसा सिंचाई कूप योजना किसानों के लिए संजीवनी साबित हो रही है। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार कर कृषि उत्पादन को बढ़ावा देना और किसानों की आजीविका में सुधार करना है। योजना का संचालन महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) और राज्य योजना मद के तहत किया जा रहा है। इसके तहत राज्य के पात्र किसानों को सिंचाई कूप (कुएं) निर्माण की सुविधा दी जा रही है, जिससे उनकी खेती वर्षा पर निर्भर न रहे और जल संकट की समस्या दूर हो। इसके साथ ही इस योजना के माध्यम से ग्रामीण स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित किए जा रहे हैं। इस योजना का लाभ मुख्य रूप से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, घुमंतु जनजाति, गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों और शारीरिक रूप से अक्षम किसानों को मिलेगा।



### योजना के तहत किए जाने वाले कार्य

पात्र किसानों की भूमि पर सिंचाई कूप (कुएं) का निर्माण किया जाएगा। उन जमीनों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिनका ढलान 3 प्रतिशत से कम हो। साथ ही योजना के तहत मनरेगा मजदूरों को 100 दिनों का रोजगार मिलेगा। इच्छुक किसान ग्राम पंचायत, प्रखंड विकास पदाधिकारी या जिला प्रशासन कार्यालय में संपर्क कर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए भूमि दस्तावेज और पात्रता प्रमाण पत्र आवश्यक होंगे। यह योजना किसानों को सिंचाई के बेहतर साधन उपलब्ध कराने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक समृद्धि लाने में अहम भूमिका निभा रही है।


## झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा।

### जिला स्तरीय पुस्तक मेला संबंधी आमंत्रण सूचना

राज्य परियोजना निदेशक, झाशि0प0प0, राँची झारखण्ड के पत्रांक– 117 दिनांक– 09.01.2025 के आलोक में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान एवं नवाचार के अंतर्गत माह मार्च 2025 के प्रथम सप्ताह में प्रारंभिक/माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक कक्षा के छात्र–छात्राएं/शिक्षकों हेतु पुस्तक मेला का आयोजन टाउन हॉल (नीलांबर–पिताम्बर बहुउद्देशीय सांस्कृतिक भवन) में किया जाना है। उक्त पुस्तक मेला में भाग लेने हेतु इच्छुक प्रकाशक दिनांक– 28.02.2025 तक झारखण्ड शिक्षा परियोजना कार्यालय, गढ़वा विकास भवन–बी0 समाहरणालय (पुराना भवन), परिसर, प्रथम–तल अथवा कार्यालय के ईमेल– s.s.a.garhwa@gmail.com पर सहमति पत्र समर्पित कर सकते हैं। इस संबंध में अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। उक्त सूचना जिले के अधिकारिक वेबसाईट www.garhwa.nic.in पर भी उपलब्ध है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा।

PR 347016 Human Resource Developement(24-25)D

## REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)

FOR

Rate Contract for Supply, Installation & Maintenance of Air Pollution Monitoring & Surveillance Systems in Latehar

**Dated- 22.02.2025**

| | |
|---|---|
| Tender Issuing Authority: | District Planning Officer, Latehar, Jharkhand |
| | Pin Code: 829206, Phone (O): Email: dpo.latehar@gmail.com |

**I. Fact Sheet**

| Sl. No. | Particular | Details |
|---|---|---|
| a. | Name ofthe work | Request for Proposal (RFP) for Rate Contract for Supply, Installation & Maintenance of Air Pollution Monitoring & Surveillance Systems in Latehar |
| b. | Availability of RFP document at | Digital Copy from https://jharkhandtenders.gov.in/ |
| c. | Date of Issue of RFP | Date: **22 Feb 2025** |
| d. | Date Time and venue of the pre-bid meeting | Date: **25 Feb 2025** Time: **11 AM - Online** The bidders are requested to submit their pre bid queries two working days before the pre bid meeting date. Queries received after that will not be answered. |
| e. | Last Date for submission of Proposal | Date: **08 Mar 2025** Time: **5 PM** |
| f. | Date of opening of Technical Proposal | Date: **11 Mar 2025** Time: **1 PM** |
| g. | Date of opening of Financial Proposal | Date: **11 Mar 2025** Time: **3 PM** |
| h. | Timeallowed for completion | The selected organization will need to install and commission the Air Pollution Monitoring & Surveillance Systems in Latehar within 60 days from the date of official clearance of each site-specific execution plan. |
| i. | Bid Processing Fee (Non-refundable) | **INR 5000/- (Rupees Three Thousand only)**online on the e-Procurement website. |
| j. | Earnestmoneydeposit (EMD) (Refundable) | **INR 10,00,000/- (Rupees Ten lakh only)/-**online on the e-Procurement website. |
| k. | Addressatwhichthetenders are to be submitted: | Online via: **https://jharkhandtenders.gov.in/** |
| l. | Placeofopeningtenders: | Online via: **https://jharkhandtenders.gov.in/** |
| m. | Mode of submission | Online via: **https://jharkhandtenders.gov.in/** |
| n. | Bid Evaluation Method | Least Cost-Based Selection (LCS) Method: **Stage 1:** The eligibility criteria documents, Bid Fee & EMD submitted by the bidders will be evaluated in the first stage. **The bidders meeting the pre-qualification criteria only will be shortlisted for further financial bid evaluation.** **Stage 2:** Out of the technically eligible bidders, the agency submitting the **lowest financial bid** will be awarded the project. |
| o. | Securitydeposit | ThesuccessfulbiddermustdeposittheSecurityDeposit in the form of a bankGuarantee with fees being 5% of the contract value with GST in favor of the District Planning officer, Lateharwithin 10 days of the acceptance of the work order. The BG shall be valid for a period of 38 months. The said deposit would be forfeited if the work done is not made asper the Terms & Conditions of the work order. The bank guarantee will be kept as a security deposit till completion of work as mentioned in the work order. After the satisfactory performance of the bidder till this period, the bank guarantee will be returned to the bidder without paying any interest on the amount of BG. |

Note:
1. The District Planning Office reserves the right to change any schedule. Please visit the website mentioned in the RFP document regularly.
2. Proposals must be received no later than the time and date mentioned in the Fact Sheet. Proposals that are received after the deadline will not be considered.
3. The DC Office, Latehar, reserves the right to cancel or change the tender without any prior notice/information.

A sole bidder and Consortium of a maximum of **two members** are allowed to participate in the bid. In the case of consortium, one of the members will be the lead member of consortium who will be responsible for fulfilling all the obligations of tender at tender submission stage and post award of contract. The consortium agreement should be submitted and signed by both members on a Rs. 100 Stamp paper duly authorized by the Notary. The consortium agreement should have clear marking of roles and responsibilities of each member of the consortium. The objective of the Proposal and key Specification of the Air Pollution Monitoring & Surveillance Systems in Latehar

The primary objective of this Request for Proposal (RFP) is to invite competitive proposals from reputable suppliers or manufacturers to provide comprehensive Air pollution Monitoring & Surveillance systems for the district, its installation, and maintenance.

**District Planning Officer,
Latehar**

**PR 347013 Planning and Development(24-25)#D**

# जैक के पर्यवेक्षक ने इंटर मैट्रिक परीक्षा का किया निरीक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड अधिविद्या परिषद द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक डा सुरजीत सिंह ने शनिवार को लोहरदगा में मैट्रिक इंटर की परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। चल रही परीक्षा का अवलोकन करते हुए व्यवस्था, सुविधा और कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन से जुड़े अन्य बिंदुओं पर जानकारी ली। एम एल ए महिला कॉलेज लोहरदगा में परीक्षा के निरीक्षण के दौरान प्रिंसिपल सह केंद्र अधीक्षक स्नेह कुमार से परीक्षा में उपस्थित और अनुपस्थित परीक्षार्थियों के बारे में जानकारी ली। शौचालय, पानी की सुविधा, सीसीटीवी सहित अन्य व्यवस्था की बिंदुवार जानकारी ली। परीक्षा केंद्र में परीक्षा के लिए आदर्श वातावरण और कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए किए गए तमाम बंदोबस्त को बेहतर कहा। पर्यवेक्षक ने उसुर्लाइन कॉन्वेंट, लूथरन हाई स्कूल सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का भी निरीक्षण किया।

### मैट्रिक परीक्षा केंद्रों का डीसी एवं एसपी ने किया निरीक्षण

**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ ने जिले के परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संत मेरीज विद्यालय सामटोली, उर्सलाइन कॉन्वेंट बालिका विद्यालय, राजकीय कृत मध्य विद्यालय सिमडेगा, घोचोटोली एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्था सिमडेगा (डायट) का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने केंद्राधीक्षकों समेत परीक्षा कार्य में लगे अन्य अधिकारियों व शिक्षकों को पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न कराने का निर्देश दिया।

## शाईन पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय स्पोर्ट्स मीट का समापन

# बच्चों की सुंदर भविष्य गढ़ने में हर संभव प्रयास कर रहा है स्कूल : अलीरजा अंसारी

नवीन मेल संवाददाता

**कैरो/लोहरदगा।** बच्चों के चहुंमुखी विकास में पढ़ाई के साथ-साथ खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों की महत्वपूर्ण भुमिका होती है।अनुशासन, सहयोग, लक्ष्य निर्धारण, परिश्रम, चपलता, जीतने की जीजीविषा,तनाव को कम करने इत्यादि जीवन मेंआगे बढ़ने के लिए सभी आवश्यक चीजें खेल के माध्यम से सीखी जा सकती हैं।ये बातें कैरो प्रखंड के नगजुआ स्थित शाईन पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय स्पोर्ट्स मीट के समापन के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित झारखंड यूनियन ऑफ सेकंडरी एजुकेशन के केंद्रीय मीडिया प्रभारी अलीरजा अंसारी ने कहा उन्होंने कहा कि शाईन पब्लिक स्कूल बच्चों की सुंदर भविष्य गढ़ने में हर संभव प्रयास कर रही है। विद्यालय के निदेशक




माजिद आलम ने स्वागत सह अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने और बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए विद्यालय प्रबंधन प्रतिबद्ध है। मौके पर विशिष्ट अतिथि आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल टांगर के निदेशक अमीन अंसारी ने सभी छात्र-छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित कर लगातार कठिन परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। ध्यातव्य है कि गुरूवार को विद्यालय में तीन दिवसीय स्पोर्ट्स मीट का प्रारंभ किया गया था जिसके तहत विभिन्न तरह की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।आज समापन के अवसर पर उन प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि सहित शिक्षकों एवं अभिभावकों ने सम्मानित किया। प्रतियोगिता में अपने शानदार प्रदर्शन से ओवरऑल चैंपियन के खिताब पर ब्लू हाऊस कब्जा जमाने में सफल रहा। मौके पर कराटे कोच देवंती कुमारी, विनय कुमार, विद्यालय के प्राचार्य फादर फूलजेन सारस, मनीषा लकड़ा, अनिसा लकड़ा, प्रभात निरंजन तिर्की, प्रीति खेस, शीला एक्का, पिंकी सांगा, अरमान अंसारी, मिस सीमा, प्रवेज आलम सहित सैकड़ों अभिभावक उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की बैठक हुई



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक कुल 44 लक्ष्य के आलोक में निष्पादित आवेदन, स्वीकृत ऋण और बांटे गये ऋण संबंधी चर्चा हुई। बैठक में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) अंतर्गत कुल लक्ष्य 81 के आलोक में प्राप्त आवेदन और बैंकों में लंबित आवेदनों को जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला उद्योग महाप्रबंधक रघुवर सिंह, सभी बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय सहकारिता विकास समिति की बैठक हुई

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शनिवार को जिला स्तरीय सहकारिता विकास समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में की गई। उपायुक्त श्री वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने जिला सहकारिता पदाधिकारी विजय तिर्की से जिले में अवस्थित लैम्प्स की वित्तीय वर्ष 2024- 25 के कैश बुक एवं ऑडिट की जानकारी प्राप्त की। उपायुक्त ने जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वह वैसे पंचायतो के लैंप्स में जहां कार्यालय एवं गोदाम निर्माण का कार्य हो रहा है उसमें तेजी लायें। उन्होंने कहा कि सभी लैम्प्स, पैक्स एवं व्यापार मंडल को सी एस सी आई.डी. उपलब्ध करायें। इस बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में विश्व चिंतन दिवस मनाया गया

# विश्व चिंतन दिवस का मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं को पुरुषों के बराबर का दर्जा देना है : प्राचार्य सुनील

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में विश्व चिंतन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती मां, ओम और भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलित कर किया गयो कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए रश्मि साहू ने बताया कि 22 फरवरी का दिन हर वर्ष विश्व चिंतन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन गर्ल गाइड्स और अन्य गर्ल समूहों को सम्मानित किया जाता है। विश्व चिंतन दिवस का उद्देश्य गर्ल समूहों को आदर्शों के साथ जोड़ना और सामाजिक समस्याओं पर ध्यान देना है। प्राचार्य



सुनील कुमार सिंह ने कहा कि विश्व चिंतन दिवस का मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं को पुरुषों के बराबर का दर्जा देना है और हर क्षेत्र में महिलाओं की उन्नति के लिए प्रयास करना है। कार्यक्रम में प्राचार्य सुनील कुमार सिंह द्वारा गोल टैलेंट सर्च एग्जाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बहनों ओहमा उरांव, चाला स्वीटी भगत व नैंसी उरांव को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गयो कार्यक्रम में रेणु कुमारी, यशोदा कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, नीतू कुमारी, कविता कुमारी, युगेश कुमार साव, रितेश कुमार पाठक, आरती भगत सहित शिक्षक- शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# धान अधिप्राप्ति केंद्र पर ही किसान धान विक्री करें : बीडीओ

नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी सभागार में धान अधिप्राप्ति को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत के जन सेवक और कृषक मित्रों के साथ बैठक आयोजित हुआ.धान अधिप्राप्ति के सम्बंध में बैठक कर बीडीओ संग्राम मुर्मू ने निर्देश देते हुए सभी जनसेवक और कृषक मित्रों से कहा कि किसानों को प्रखंड क्षेत्र स्थित बदला,बूटी,सेन्हा और अलौदी के धान अधिप्राप्ति केंद्र पर ही सुविधानुसार लैम्प्स में किसानों को धन बिक्री करने के लिये प्रेरित करें वही धान बिक्री के लिये पंजीयन का कार्य पूर्ण होने के उपरान्त भी किसान धान का बिक्री नही कर रहें हैं। जिसे सभी लोग जागरूक कर किसानों से लैम्प्स में ही धान धान बिक्री करायें साथ ही बताया कि सरकार द्वारा धान की राशि एक सप्ताह में भुक्तान किया जायेगा। धान बिक्री कराने के लिये सभी जनसेवक कृषक मित्रों का सहयोग लें जो किसान पंजीयन कराये हैं।और धान बिक्री नही कर रहे हैं।वैसे किसानों का सूची बना कर सम्पर्क करें और सीघ्र धान बिक्री के लिये किसानों को समझायें जिसे धान अधिप्राप्ति के पश्चात सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर समय से राशि का भुक्तान हो सकेगा।मौके पर प्रखंड आपूर्ती पदाधिकारी अजय



कुमार वर्मा,प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत जनसेवक ओमप्रकाश साहु,संदीप रजक,मेहरानी टोप्पो,नागमनी उरांव तथा प्रखंड क्षेत्र के सभी कृषक मित्र आदि उपस्थित थे।

### एक ही रात में तीन-तीन सिंचाई मशीन हुई चोरी

**कुडू-लोहरदगा ।** कुडू थाना क्षेत्र के बड़मारा गांव से गुरुवार की रात अज्ञात चोरों ने किसानों के खेत पटवन में इस्तेमाल होने वाली तीन मशीन की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों की इस करतूत से किसान हलकान हैं। मिली जानकारी के अनुसार चोरों ने स्थानीय निवासी किसान ईश्वर भगत के खेतों में लगी मशीन और एक समरसेबल एवं धनेश्वर भगत के खेत मे लगी एक मशीन को चुरा कर ले गए।

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर के शिविर में लोगों की हुई स्वास्थ्य जांच

**कुडू-लोहरदगा।** कुडू प्रखण्ड अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर कोलसिमरी के तत्वाधान में टाकू गांव में शनिवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सीएचओ मो तौसीफ अंसारी, सहिया एलिजाबेथ, एमपीडब्ल्यू शादाब कुरैशी द्वारा हीमोग्लोबिन, बीपी, शुगर, डेंगू के साथ - साथ ओरल कैंसर स्क्रीनिंग एवं गैर संचारी रोग(एनसीडी) आदि की जांच की गई। एवं उचित परामर्श के साथ ही दवा भी दिया गया। सीएचओ मो तौसीफ ने बताया कि लगातार स्वास्थ शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे विभिन्न तरह के जांच की जा रही है।

### कांग्रेस किसान मोर्चा की बैठक में छह पंचायतों के अध्यक्ष मनोनीत

**गुमला।** भरनो प्रखंड के डोंबा गांव में कांग्रेस पार्टी के किसान मोर्चा की महत्वपूर्ण बैठक जिलाध्यक्ष मीरा अहमद की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में करंज, करौंदाजोर, डोंबा, डूडीया, मारासिली और तुरीअम्बा पंचायत के लिए किसान मोर्चा के पंचायत अध्यक्षों की नियुक्ति की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मीरा अहमद, जिला सचिव साबिर फरास, प्रखंड उपाध्यक्ष मुख्तार आलम, मंडल अध्यक्ष ज्योति तिर्की और किसान मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष माजीद अंसारी ने नवनियुक्त पंचायत अध्यक्षों को माला पहनाकर सम्मानित किया। बैठक में कांग्रेस पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस बैठक का उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर संगठन को मजबूत करना और किसानों के मुद्दों को प्रभावी रूप से उठाना रहा।

# मैट्रिक में 278 छात्र-छात्राओं ने दी संस्कृत की परीक्षा



नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** झारखंड अविविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में बृहस्पतिवार को विज्ञान की परीक्षा कदाचारमुक्त व शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ.मैट्रिक परीक्षा कराने के लिये झारखण्ड अविविद्य परिषद द्वारा प्रखंड क्षेत्र के दो विद्यालय नन्दलाल उच्च विद्यालय प्लस 2 अरु तथा कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है.वही नन्दलाल उच्च विद्यालय अरु प्लस 2 स्थित परीक्षा केंद्र में 85 छात्र छात्राओ में से 85 और कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा स्थित परीक्षा केंद्र में 196 में से 193 विद्यार्थियों ने संस्कृत का परीक्षा दिया.वही 281 परीक्षार्थियों में से 278 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए.केंद्राधीक्षक नैंसी सीमा लकड़ा ने जानकारी देते हुए.बताया कि कदाचारमुक्त व शांतिपूर्वक परीक्षा सम्पन्न कराने के उद्देश्य से झारखंड अविविद्य परिषद द्वारा प्राप्त गाइड लाइन के अनुसार परीक्षा कराया जा रहा है.जिस निमित परीक्षा प्रारम्भ से पूर्व सभी विद्यार्थियों का प्रवेश पत्र जांच कर छात्र छात्राओं को परीक्षा कक्ष में प्रवेश कराया जाता है।

# लोहरदगा से सैकड़ो की संख्या में प्रयागराज के लिए निकले श्रद्धालु

- जय श्री राम समिति के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** महाकुंभ दर्शन आस्था और विश्वास की डोर पूरे विश्व को सनातन समाज की शक्ति का आभास करवा रहा है। सनातन समाज की शक्ति संस्कृति और आस्था का ही परिणाम है कि 60 करोड़ भक्तों का जन सैलाब संगम में डुबकी लगा चुकी है और यह आंकड़ा 65 करोड़ पार करेगी। जो रेलवे स्टेशन एवं सड़क मार्ग में देखा जा सकता है। हर दिन करोड़ों लोग प्रयागराज पहुंच रहे है।




लोहरदगा से हजारों हजार की संख्या में रोज प्रस्थान कर रहे हैं। इस क्रम में शनिवार को जय श्री राम समिति के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में बस से महिला पुरुष बच्चे निकले जो रविवार को प्रयागराज संगम में डुबकी लगाएंगे । तत्पश्चात राम जी की नगरी अयोध्या,काशी विश्वनाथ एवं विंध्याचल मंदिर में पूजा अर्चना कर संपूर्ण सनातन समाज के लिए सुख शांति की कामना करेंगे । जय श्रीराम, प्रयागराज की जय, काशी विश्वनाथ की जय,विंध्याचल मैया की जय के नारों के साथ जय श्रीराम समिति जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने भगवा झंडा दिखलाकर बस को रवाना किए।

# परिजनों ने कराई भट्ठा मालिक पर प्राथमिकी दर्ज

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के तोड़ार ग्राम स्थित फुलझर नहर के समीप नाले में 14 फरवरी को ट्रैक्टर पलटने से एक मजदूर की मौत की घटना के बाद परिजनों ने भट्ठा मालिक पर प्राथमिकी दर्ज कराया है।इस संदर्भ में थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने जानकारी देते हुए कहा कि मृतक नकुल लोहरा की माँ तारामनी देवी पति असम्बर लोहरा द्वारा आवेदन के माध्यम से आरोप लगाया गया है कि मृतक को ठीक से गाड़ी चलाना नही आता था। जिसे भट्ठा मालिक तालकेश्वर साहू जबर्दस्ती ट्रैक्टर में ईंट लोड करवाकर तोड़ार ग्राम ईंट खाली कराने भेज दिया था। जिस पर लौटने के क्रम में ट्रैक्टर अनियंत्रित हो नाले में जा पलटा तो उसी में नकुल लोहरा की मौत हो गई। जबकि सुमन लोहरा गम्भीर रूप से घायल है, जो अभी भी इलाजरत है। आवेदन के आलोक में सेन्हा थाना कांड संख्या 22/25 दर्ज कर 105 बी एन एस तथा परिवहन अधिनियम 1988 के तहत भट्ठा मालिक के विरुद्ध कारवाई किया जा रहा है।

# डूडीया पंचायत में 353 लाभुकों के बीच पेंशन पीपीओ का वितरण



**गुमला।** गुमला जिले के भरनो प्रखंड स्थित डूडीया पंचायत भवन सभागार में शनिवार को विभिन्न पेंशन योजनाओं के तहत 353 लाभुकों के बीच पेंशन भुगतान आदेश (ढढड) का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन, स्वामी विवेकानंद निशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना, एवं मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना के तहत यह वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख पारस नाथ उरांव, पंचायत मुखिया रश्मि लकड़ा, पंचायत समिति सदस्य बिरसा उरांव और पंचायत सचिव वासुदेव राय ने लाभुकों को पीपीओ सौंपा। प्रखंड प्रमुख पारस नाथ उरांव ने कहा कि सरकार द्वारा दी जा रही पेंशन योजनाएं जरूरतमंदों को आत्मनिर्भर बनाने और उनके जीवनयापन में सहायक सिद्ध हो रही हैं। कार्यक्रम में पूर्व मुखिया बसंत उरांव, रमेश मुंडा, विपिन सिंह, वार्ड सदस्य समीम चौधरी सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे।

# वैवाहिक विवाद और चेक अनादरण को लेकर विशेष लोक अदालत का आयोजन



**लोहरदगा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा राजकमल मिश्रा के मार्गदर्शन में शनिवार को व्यवहार न्यायालय, लोहरदगा परिसर में वैवाहिक विवाद और चेक अनादरण को लेकर विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजन को सफल बनाने के लिए चार बेंच का गठन किया गया। वहीं बेंच संख्या एक वैवाहिक विवाद संबंधी मामले के लिए प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय श्री सुभाष के नेतृत्व में बनाया गया। साथ ही बेंच संख्या दो सिविल अपील, क्रिमिनल अपील, एमएसीटी केसेज, इलेक्ट्रिसिटी एक्ट केसेज के लिए एडीजे प्रथम अखिलेश कुमार तिवारी, बेंच संख्या तीन म्युनिसिपल, लेबर, म्यूटेशन, सर्टिफिकेट केसेज, बैंक सहित अन्य मामले के लिए सब जज द्वितीय अर्चना कुमारी और बेंच संख्या चार क्रिमिनल कंपाउंडेबल केसेज, एनआई एक्ट, एमभी एक्ट, फॉरेस्ट केसेज आदि मामले के लिए सीजेएम केके मिश्रा के नेतृत्व में गठन किया गया। वहीं डालसा सचिव ने आंकड़ों की जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन में कुल 44 मामलों का निष्पादन किया गया। जिसमें क्रिमिनल कंपाउंडेबल ऑफेंस के 13 मामले, एनआई एक्ट के 23 मामले, वैवाहिक विवाद के 6 मामले, फॉरेस्ट का एक और एमभी एक्ट का एक मामला शामिल है। वहीं कुल 43,16,525 रुपए की वसूली हुई। वहीं उन्होंने बताया कि 8 मार्च को वर्ष का पहला राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय परिसर में किया जाएगा। इस आयोजन का अधिक से अधिक संख्या में लाभ उठाए।

# वन विभाग ने लाखों रुपए की अवैध लकड़ी पारही जंगल के समीप से किया जब्त

**सेन्हा-लोहरदगा।** पारही जंगल के समीप से स्थानीय पुलिस का सूचना पर लाखों रुपये की अवैध लकड़ी वन विभाग द्वारा जप्त किया गया है। जानकारी के अनुसार सेन्हा थाना क्षेत्र के पारही जंगल के समीप से वन विभाग ने लाखों रुपए के अकासी और तूंद की लकड़ी बरामद किया गया। बताया गया कि थाना प्रभारी सेंन्हा और एसएसबी के जवान मोटर साइकिल से क्षेत्र भ्रमण कर रहें थे। उसी समय पारही जंगल के पास एक हरा पेड़ काट कर गिराया गया था। चीराई का कार्य चल रहा था। जिसे देख कर पुलिस टीम रुकी तो सड़क किनारे आरकसिया लोग लकड़ी चीरने को छोड़कर भागने लगे। तभी बगल में सुरेन्द्र भगत के घर में 20 पीस चौखट और बगल स्थित बगीचा में पेड़ काटा हुआ तीन लकड़ी का बोटा पड़ा पाया गया। जिसे देख सेंन्हा थाना प्रभारी वारिश हुसैन एवं एसएसबी टीम के संयुक्त कारवाई के दौरान वन विभाग को सूचना दिया गया। अवैध रूप से हो रही पेड़ कटाई की सूचना पर वन विभाग ने मौके पर पहुंच कर लाखों रुपए की लकड़ी तथा आरकसिया द्वारा लकड़ी चीरने वाला आरा,सबल,टांगी को जब्त कर सुरक्षित वन विभाग का बक्सीडीपा स्थित कार्यालय में रखा गया। जिस पर विभागीय कारवाई आरम्भ कर दी गई।



# एक्सआईएसएस छात्रों ने जाना सेनेटरी नैपकिन निर्माण का महत्व

**गुमला।** रांची स्थित जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस) के 31 सदस्यीय छात्र दल ने शनिवार को डुमरी प्रखंड में संचालित सेनेटरी नैपकिन निर्माण केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण किया। डॉ. मधुमिता सिंगा के मार्गदर्शन में छात्रों ने नैपकिन निर्माण की प्रक्रिया, उसकी देखभाल, विपणन और इससे जुड़ी व्यावसायिक संभावनाओं को समझा। डुमरी पंचायत स्थित सेनेटरी फार्म के दौरे के दौरान संचालक असद अंसारी ने छात्रों को पैड निर्माण के तकनीकी पहलुओं और इससे होने वाले आर्थिक लाभ की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह उद्यम ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसके बाद छात्रों ने प्रखंड मुख्यालय का दौरा किया, जहां उनकी मुलाकात प्रखंड विकास पदाधिकारी उमेश कुमार स्वांसी से हुई। इस दौरान उन्हें ग्राम सभा, ग्राम संगठन और क्लस्टर संगठन की कार्यप्रणाली और लाभों की जानकारी दी गई। जेएसएलपीएस की दीदी मयंती देवी ने बताया कि स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के बाद ग्रामीण महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। इससे उनकी आय में वृद्धि हुई है और समाज में उनका सम्मान भी बढ़ा है। इस अवसर पर एक्सआईएसएस के छात्र-छात्राओं के साथ मार्केटिंग मैनेजर असद अंसारी, रंजिता कुमारी और जेएसएलपीएस के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# जिला अधिवक्ता संघ ने प्रोटेक्शन एक्ट व अन्य मांगों को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

## कल से काला बिल्ला लगाकर करेंगे कार्य

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला अधिवक्ता संघ लोहरदगा के तत्वावधान में प्रोटेक्शन एक्ट एवं अन्य महत्वपूर्ण मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन जारी है। इसी क्रम में शनिवार को जिला अधिवक्ता संघ के सभागार में कार्यकारिणी सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से आगामी विरोध कार्यक्रमों पर निर्णय लिया गया। बैठक में तय किया गया कि सोमवार से सभी अधिवक्ता काला बिल्ला लगाकर कार्य करेंगे। इसके




बाद मंगलवार को सभी अधिवक्ता संघ प्रांगण से एक विरोध मार्च निकालेंगे, जो व्यवहार न्यायालय लोहरदगा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा उपायुक्त महोदय के कार्यालय तक जाएगा। इस दौरान अधिवक्ता संघ अपनी मांगों को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं उपायुक्त महोदय को ज्ञापन सौंपेगा।इस अहम बैठक में संघ के अध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार पुजारी, उपाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, सचिव (प्रशासनिक) लाल धर्मेंद्र देव, प्रभारी कोषाध्यक्ष पवन कुमार, लाइब्रेरी सचिव विक्रम कुमार, एवं कार्यकारिणी सदस्य पुन्नी साहू, नरेंद्र मिंज, विनय कुमार, विपिन बिहारी दुबे सहित कई अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे। बैठक की जानकारी जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव लाभ दीपक नाथ देव द्वारा दी गई। अधिवक्ताओं का कहना है कि यदि उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं हुई, तो वे अपना विरोध और तेज करेंगे।

गुमला में नशा उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम, न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारियों ने युवाओं को किया प्रेरित

# नशे से दूर रहें, खेल-कूद और शिक्षा को अपनाएं : गौतम कुमार

- हम सबका एक ही नारा, नशा मुक्त हो देश हमारा
- गुमला कार्तिक उरांव कॉलेज में सैकड़ों विद्यार्थियों ने लिया संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिले के कार्तिक उरांव कॉलेज में आज एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें न्यायिक जागरूकता एवं संवेदनशीलता कार्यक्रम के अंतर्गत नशीले पदार्थों के दुरुपयोग एवं रोकथाम पर चर्चा की गई। यह कार्यक्रम सिविल कोर्ट गुमला द्वारा जिला प्रशासन गुमला के सहयोग से आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं कानूनविदों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं प्रशासनिक न्यायाधीश गुमला जस्टिस गौतम कुमार चौधरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला एवं सत्र न्यायाधीश ध्रुव चंद्र मिश्र, उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी, पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह एवं मस्तिष्क विशेषज्ञ तथा काउंसलर डॉ सारिब अहमद मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया जिसके पश्चात अतिथियों ने उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को संबोधित किया।

मुख्य अतिथि जस्टिस गौतम कुमार चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि जो व्यक्ति सही और गलत का भेद नहीं कर सकता वह अज्ञानता के अंधकार में जी रहा है। उन्होंने कहा कि नशा समाज के लिए सबसे घातक बुराई है जो युवा पीढ़ी को अपने चंगुल में फंसाकर उनके उज्ज्वल भविष्य को अंधकारमय बना देता है। उन्होंने कहा कि न्यायिक व्यवस्था केवल अपराधों को दंडित करने तक सीमित नहीं है बल्कि समाज को जागरूक कर





अपराधों को रोकना भी हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने खेल-कूद एवं रचनात्मक गतिविधियों में युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने पर बल दिया जिससे उनकी ऊर्जा का सही दिशा में उपयोग हो सके। उन्होंने प्रसिद्ध अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत का उदाहरण देते हुए कहा कि प्रतिभाशाली छात्र एवं युवा जब गलत संगति में पड़ जाते हैं तो उनका पूरा जीवन नष्ट हो सकता है। उन्होंने नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि नशे से जुड़े अपराधों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाती है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं को नशे से दूर रखें और अपने परिवार एवं समाज को भी जागरूक करें। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ध्रुव चंद्र मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं बल्कि पूरे परिवार को बर्बाद कर देता है। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के मस्तिष्क में रासायनिक परिवर्तन करता है जिससे उसकी सोचने-समझने की क्षमता नष्ट हो जाती है और वह अपने कार्यों पर नियंत्रण नहीं रख पाता। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे कारणों पर गुस्सा आना, हिंसा करना एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त होना नशे के दुष्परिणाम हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सचेत करते हुए कहा कि यदि समय रहते नशे से दूरी नहीं बनाई गई तो यह व्यक्ति, परिवार और समाज के विनाश का कारण बन सकता है।

गुमला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने अपने संबोधन में गुमला जिले के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि गुमला जिले में पुस्तकालयों एवं शैक्षणिक संसाधनों को बढ़ाने पर प्रशासन निरंतर कार्य कर रहा है जिससे युवाओं को पढ़ाई के प्रति प्रेरित किया जा सके।

उन्होंने बताया कि गुमला पहला जिला है जिसे दूसरी बार प्रधानमंत्री पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन नशामुक्ति अभियान को प्रभावी बनाने के लिए सामूहिक प्रयास कर रहा है और इसमें समाज के सभी वर्गों की भागीदारी आवश्यक है।

मस्तिष्क विशेषज्ञ एवं काउंसलर डॉ सारिब अहमद ने नशे से होने वाले मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति को पूरी तरह से मानसिक एवं शारीरिक रूप से अस्वस्थ बना देता है और उसकी निर्णय लेने की क्षमता को समाप्त कर देता है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति नशे की लत में फंस जाता है उसके लिए इससे बाहर आना बहुत मुश्किल हो जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की सलाह देते हुए कहा कि समय सबसे अनमोल चीज है और नशा केवल समय और स्वास्थ्य की बर्बादी करता है।

कार्यक्रम के दौरान जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया जिसमें नशे से होने वाली समस्याओं पर प्रभावी संदेश दिया गया। इस प्रस्तुति के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि नशा जीवन को विनाश की ओर ले जाता है और इससे दूर रहना ही सबसे बड़ा समाधान है।

कार्यक्रम के समापन के अवसर पर पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि गुमला जिले में नशे के विरुद्ध लगातार कड़ी कार्रवाई की जा रही है और प्रशासन नशा मुक्त समाज बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि देशी शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री और सेवन को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने जीवन को शिक्षा, खेल एवं रचनात्मक गतिविधियों की ओर अग्रसर करें और नशे जैसी बुराई से खुद को एवं समाज को बचाएं।

इस कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त गुमला, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला नजारत उप समाहर्ता सहित अन्य प्रशासनिक एवं न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

ब्राउन शुगर की चपेट में आये ग्रामीण क्षेत्र

# खुलेआम चल रहा है कारोबार, पुलिस को नहीं है खबर

**घाघरा(गुमला)।** घाघरा मुख्यालय एवं इसके आस पास के क्षेत्रों के युवक एवं स्कूली बच्चे ड्रग्स जैसे खतरनाक नशा के तेजी से आदि होते जा रहे है। घाघरा मुख्यालय के अति व्यस्तम एरिया चांदनी चौंक एवं आस पास के क्षेत्रों में ड्रग्स माफिया बहुत ही आसानी से ड्रग्स की सप्लाई कर के चले जाते है। एवं थाना का भनक तक नहीं लगती है।इन माफियाओं को स्थानीय नशे के कारोबारियों का संरक्षण प्राप्त है। ये उन्हें पुलिस की हर गतिविधि से अवगत कराते रहते है।स्थानीय प्रशासन के उदासीन रवैया के कारण ड्रग्स का कारोबार घाघरा सहित ग्रामीण छेत्रो में भी तेजी से बढ़ रहा है।

**एक पुड़िया ब्राउन शुगर की कीमत 400 से 500**



पीड़ित युवाओं के परिजन ने बताया कि एक व्यक्ति एक दिन में औसतन दो से तीन बार ब्राउन शुगर लेता है तो उसे 1500 रुपए का खर्च आता है। अगर समय रहते प्रशासन के द्वारा धर पकड़ नहीं कि गई तो यही लोग कल अपराध की दुनिया में कदम रख देंगे।

**ड्रग्स माफियाओं को पुलिस का थोड़ा भी डर नहीं है**

चांदनी चौक के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रो में ब्राउन शुगर का बड़ी आसानी से सप्लाईलर सप्लाई कर के चले जाते है और घाघरा पुलिस को कानो-कानो खबर तक नही लगती। आलम यह है कि ब्राउन शुगर का चपेट में घाघरा की युवा एवं स्कूल के छात्र काफी संख्या में ब्राउन शुगर का सेवन करने लगे कहीं ना कहीं अगर पुलिस इस पर लगाम नहीं लगाती है तो घाघरा मुख्यालय को उड़ता पंजाब बनने से नहीं रोका जा सकता। पुलिस की स्थिरता के कारण माफिया बहुत आराम से आकर घाघरा मुख्यालय के आती रहीस इलाका चांदनी चौक में युवाओं को सप्लाई कर आराम से चले जाते हैं आलम यह है कि ब्राउन शुगर बेचने वाले माफियाओं को पुलिस का थोड़ा भी भय डर नहीं है बड़ी आसानी से आकर बेचकर चले जाते हैं घाघरा पुलिस को कानों कान खबर तक नहीं लगती।

**एक पुड़िया ब्राउन शुगर की कीमत 400 से 500**

पीड़ित युवाओं के परिजनों ने बताया कि घाघरा मुख्यालय में माचिस की एक तीली पर लगे बारूद जितना हिस्सा ब्राउन शुगर की कीमत 400 से 500 रुपए औसत देखा जाए तो एक युवा 24 घंटे में 2 से 3 बार ब्राउन शुगर का सेवन करते है युवा। माफियाओ अब घाघरा मुख्यालय सहित अपने कारोबार को अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी पांव पसारने की हो रहे तैयारी घाघरा मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी ब्राउन शुगर का नशा करने वाला युवाओं का बढ़ती जा रही है तादाद।

## लैम्प्स में व्याप्त लालफीताशाही ने तोड़ी किसानों की कमर

**बसिया(गुमला)।** लैम्प्स में व्याप्त लालफीताशाही ने स्थानीय किसानों के समक्ष अस्तित्व का सवाल खड़ा कर दिया है। इस क्षेत्र विशेष में सरकारी दर पर धान बेचने का एकमात्र विकल्प लैम्प्स ही है। यह एक बड़ा कारण है कि लैम्पस अपने एकाधिकार से मस्त है। दूसरी ओर धान की बिक्री होने के बावजूद पैसा नहीं मिलने से यहाँ के किसानों को काफी निराश होना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार यही हाल जिले के तमाम लैम्पसों का है। इस संबंध में लैंम्पस संचालकों से पूछे जाने पर रटा रटाया जवाब मिल रहा है कि राइस मिलों के द्वारा धान का उठाव नहीं होने के कारण किसानों को पैसा नहीं मिल पा रहा है। इस समस्या को लेकर गत आठ फरवरी को



गुमला उपायुक्त को एक आवेदन देकर अभिलंब बकाया भुगतान की मांग की गई है। किसानों के अनुसार सरकार का आदेश हैं कि तीन दिनों के अंदर 50 प्रतिशत भुगतान कर दिया जाना चाहिए। इस शर्त के बावजूद भुगतान स्थगित किए जाने से किसान हदप्रद हैं। यह स्थिति तब है जबकि वर्ष 2024-25 में झारखण्ड सरकार के द्वारा धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य तीन लाख क्विंटल रखा गया है और इस लक्ष्य के विपरीत अभी तक महज15% की खरीददारी भी नहीं हुई है।

इसे यहां दुर्भाग्यपूर्ण हालत के तौर पर देखा जा रहा है क्योंकि सिंगल क्रॉप के भरोसे अपनी जीविका चलाने वाले यहाँ के किसानों के सामने लैम्पस के अस्तित्व पर भरोसा करना अब भारी पड़ रहा है और ससमय भुगतान नहीं होने से वे लैम्पस को धान बेचने से झिझक रहे हैं।

## स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**डुमरी।** पारसनाथ महाविद्यालय के सभागार में शनिवार को स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम कॉलेज उप प्राचार्य प्रो यशवंत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित की गयी।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रेफरल अस्पताल डुमरी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार महतो उपस्थित हुए।कार्यक्रम को उप-प्राचार्य प्रो यशवंत सिन्हा शिक्षक प्रतिनिधि डॉ शशिभूषण ने सम्बोधित किया।वहीं उपस्थित छात्र एवं छात्राओं से डॉ राजेश कुमार महतो ने अपने सम्बोधन में स्वस्थ रहने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मौके पर प्रो गुलाबचंद यादव,प्रो संगीता कुमारी शिक्षकेतर कर्मी मनीत कुमार, पिंकज प्रीतम बीटीटी मानिकचंद महतो आदि उपस्थिति थे।

## बाराडीह पेयजल आपूर्ति दो सालों से बन्द ग्रामीणों आज देंगे धरना

**बिरनी।** बिरनी प्रखंड के बाराडीह में 33 करोड़ 29 लाख रुपये की लागत से बनी पानी टंकी पिछले दो वर्षों से बंद पड़ी है, जिससे ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने 13 फरवरी को उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा को आवेदन देकर जलापूर्ति शुरू करने की मांग की थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इससे नाराज होकर ग्रामीणों ने 23 फरवरी से अनिश्चितकालीन धरना शुरू करने का निर्णय लिया है। धरना स्थल की तैयारी के लिए जेसीबी से सफाई कराई गई है और टेंट लगा दिया।। आजसू नेता बबलू यादव ने चेतावनी दी है कि यदि जलापूर्ति जल्द शुरू नहीं होती है, तो आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। बाराडीह के ग्रामीणों ने 23 फरवरी से अनिश्चितकालीन धरना शुरू करने का फैसला किया है। आजसू नेता बबलू यादव ने कहा है कि धरना सुबह 11 बजे से शुरू होगा और जब तक पेयजल आपूर्ति चालू नहीं हो जाती, तब तक जारी रहेगा। धरना स्थल की तैयारी के लिए टेंट लगाया जा रहा है और साफ-सफाई का काम भी हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वे आर-पार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं क्योंकि दो साल से पानी टंकी बंद पड़ी है, और कई बार शिकायत के बावजूद कोई समाधान नहीं हुआ।

## भरकट्टा ओपी पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान, काटा चलान

**बिरनी।** बिरनी प्रखंड के भरकट्टा ओपी पुलिस ने शनिवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान भरकट्टा ओपी प्रभारी अमन कुमार खुद मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार यह अभियान चलाया जा रहा है, और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर चालान भी काटा जा रहा है। ओपी प्रभारी ने बताया कि यह अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा। वाहन चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस, और जरूरी कागजात नहीं होने पर चालान किया जा रहा है। खास बात यह है कि चालान ऑनलाइन माध्यम से काटा जा रहा है। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि यातायात नियमों का पालन करें, जिससे दुर्घटनाओं को रोका जा सके और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित हो।

## निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का किया गया आयोजन

**गुमला।** गुमला जिले के आंजन में आगामी 23 फरवरी 2025, दिन रविवार को एक निशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर बाबा भगवान राम ट्रस्ट, सौगड़ा, जयपुर आश्रम एवं श्री सर्वेश्वरी समूह प्रार्थना गृह, गुमला के संयुक्त तत्वावधान में उच्चकृत मध्य विद्यालय, आंजन (मां अंजनी मंदिर के बगल में) आयोजित किया जा रहा है। शिविर में अनुभवी चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया जाएगा और जिन मरीजों को चश्मे की आवश्यकता होगी, उन्हें ट्रस्ट द्वारा मुफ्त में पावर वाले चश्मे प्रदान किए जाएंगे। यह शिविर आंखों की समस्याओं से जूझ रहे गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। आयोजकों ने अधिक से अधिक संख्या में लोगों से इस सेवा का लाभ उठाने की अपील की है।

## बानो प्रखंड में जंगली हाथियों का कहर जारी

**बानो।** प्रखंड के बेड़ाइरगी पंचायत अंतर्गत बिंजामरचा जराटोली में जंगली हाथियों के झुंड द्वारा एक घर को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। जिससे दीवार गिरने से एक व्यक्ति घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर वार्ड सदस्य संदीप समद पीड़ित परिवार से मिलने गांव पहुंचे।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात्रि करीब 11 बजे दस -बारह की संख्या में जंगली हाथीयों का झुंड बिंजामरचा जराटोली गांव पहुंच गया तथा जंगली हाथी ने सुनील सुरिन के घर में रखे अनाज को खा गया।वहीं सुनील सुरीन को सिर में चोट भी आई।सुनील सुरीन ने बताया कि वो घर में सोया हुआ था तभी अचानक दीवार उसके शरीर में गिर गया जिसके कारण वो घायल हो गया।वार्ड सदस्य संदीप समद की मदद से घायल सुनील सुरीन का प्राथमिक उपचार कराया गया।इधर सुनील सुरीन ने वन विभाग से मुआवजा का मांग किया है। इधर घटना की जानकारी होने पर वन विभाग की टीम में घटनास्थल का दौरा किया तथा क्षतिपूर्ति की जानकारी लिया।

जेएससीए अंडर-23 टूर्नामेंट

# खूंटी ने दुमका को छह विकेट से हराया

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** खूंटी ने जेएससीए अंतर जिला अंडर-23 क्रिकेट टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए दुमका को 6 विकेट से शिकस्त दी। शहीद तेलगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर दुमका ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन उनकी पूरी टीम 29.5 ओवर में महज 103 रन पर ढेर हो गई। दुमका की ओर से प्रीत सिंह ने सर्वाधिक 30 रन बनाए, जबकि आयुष सिंह ने 15 और सचिन व कुणाल ने 11-11 रन का योगदान दिया। खूंटी के गेंदबाजों ने दमदार प्रदर्शन किया, जहां मीत जैन ने 10 ओवर में 21




रन देकर 4 विकेट झटके। हर्ष ज्ञानी ने 3 और सतीश मुंडा ने 2 विकेट अपने नाम किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी खूंटी की टीम ने 4 विकेट खोकर आसानी से जीत हासिल कर ली। आर्यन हुड्डा ने 28 गेंदों में तेजतर्रार 59 रन बनाए, जबकि बलराम नायक ने 23 रनों की उपयोगी पारी खेली। मैन ऑफ द मैच बने मीत जैन को जेएससीए के पूर्व अध्यक्ष कुलदीप सिंह और एलओ अरुण राय ने 5000 रुपये नकद और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला संघ के सचिव जीतेंद्र सिंह, मनोज चौधरी, विमल कुमार, ओमशंकर सिंह, ज्ञान प्रकाश, मधुसूदन उरांव, सनी साहू, शशि प्रकाश, विनीत नाग सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

## कसमार में 500 एमटी क्षमता के पैक्स गोदाम का शिलान्यास

**बोकारो।** कसमार प्रखंड की दुगार्पुर पंचायत के बूटीटांड़ में 500 एमटी क्षमता का पैक्स गोदाम बनेगा. कृषि विभाग की ओर से बनने वाले इस पैक्स गोदाम व मार्केटिंग सेंटर का शिलान्यास शनिवार को मंत्री योगेंद्र प्रसाद की पत्नी बबीता देवी, प्रखंड प्रमुख नियोति डे व प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेम्ब्रम व ने शिलान्यास किया। बबीता देवी ने कहा कि पैक्स भवन का निर्माण समेकित सहकारी विकास परियोजना रांची कोषांग द्वारा किया जायेगा. गोदाम बनने से किसानों से धान अधिप्राप्ति करने बाद पैक्स को भंडारण करने में सुविधा होगी।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विद्यालय प्रांगण में किया गया पौधरोपण

**कोलेबिरा।** जवाहर नवोदय विद्यालय कोलेबिरा के एन. सी. सी. विभाग के 15/46वीं एनसीसी बटालियन के 20 कैडेट ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विद्यालय प्रांगण में एक पौधा लगाया। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की गई थी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य वर्तमान समय में बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग से निजात पाना एवं इस धरा के भविष्य को सुरक्षित रखना है। एसोसिएट एन. सी. सी. ऑफिसर विकास चन्द्र ने बताया कि एन. सी. सी. द्वारा यह एक पेड़ मां के नाम अभियान देशभर में चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत प्रत्येक माह नवोदय विद्यालय कोलेबिरा में एक पौधा एन. सी. सी. विभाग द्वारा लगाकर सभी बच्चों को 'ग्लोबल वार्मिंग' के प्रति जागरूक किया जाता है। इसके साथ ही इस अभियान के तहत एनसीसी कैडेट ने शपथ ली कि वे इस अभियान को आगे भी जारी रखेंगे। इस अभियान को सफल बनाने के लिए विद्यालय प्राचार्य का पूर्ण समर्थन मिला।

## केंद्र व राज्य सरकार ननबैंकिंग में जमा पैसे के भुगतान के लिए गंभीर हो : विजय सिंह

**सिमडेगा।** झारखंड नवनिर्माण दल व ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच कोलेबिरा के बैनर तले स्टेडियम के पास मेहनत के जमा पैसे भुगतान के लिए आंदोलन की तैयारी को लेकर प्रखंड स्तरीय सम्मेलन जसोन कंडुलना की अध्यक्षता में आयोजित की गई।सम्मेलन के मुख्य वक्ता झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार सहारा इंडिया सहित अन्य सभी ननबैंकिंग में जमा पैसे की भुगतान के लिए गंभीर हो नहीं तो आंदोलन के सिवाय दूसरा रास्ता हमारे पास नहीं बचता है। गरीब मजदूर किसान व मेहनतकश दुकानदारों के पैसे लेकर विभिन्न ननबैंकिंग कंपनियां क्षेत्र से भाग गए और सरकार चुप्पी साधे बैठी है, इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ।श्री सिंह ने 19 मार्च 2025 को आयोजित विधानसभा मार्च में सैकड़ो की संख्या में रांची आने की अपील लोगों से की है । वहीं दल के केंद्रीय नेता नील जस्टिन बेक ने कहा कि डूबे हुए पैसे निकालने के लिए गांव-गांव में संगठित होने की जरूरत है तभी हमारा पैसा शुद् सहित मिलेगा। सम्मेलन में गांव से लेकर जिला में भुगतान की मांग को लेकर आंदोलन की तैयारी करने, सिमडेगा में बजट सत्र के दौरान धरना कार्यक्रम करने तथा 19 मार्च 2025 को रांची में आयोजित विधानसभा मार्च में प्रखंड क्षेत्र से सैकड़ो की संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने के अलावे कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए । कार्यक्रम में नील जस्टिन बेक, शिवचंद मांझी, सुदीप प्रसाद, सुदर्शन कुमार, बसंत बरवा, शिवप्रसाद साहू, कमला देवी, सुनीता देवी के अलावे काफी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित थे।

# झामुमो ने बानो में चलाया सदस्यता अभियान दर्जनों लोगों ने थामा झामुमो का दामन

**बानो।** बानो प्रखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमें दो दर्जन भर से भी अधिक लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता ग्रहण किया। कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक दल से जुड़े लोगों ने भी झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन संभाला।इस अवसर पर तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया,झामुमो खुंटी जिला संयोजक प्रमुख जुबैर अहमद, सिमडेगा जिला संयोजक सदस्य मोहम्मद सफीक खान, झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य फिरोज अली,मोहम्मद शाहिद, झामुमो बानो संयोजक प्रमुख बिरजो कंडुलना,झामुमो संयोजक सदस्य तनवीर हुसैन,अमित बडिंग ने नए झामुमो के सदस्यों का स्वागत माला पहनाकर व बुके देकर किया।विधायक ने झामुमो की सदस्य ग्रहण करने वाले सभी लोगों को बधाइ दी तथा कहा कि झामुमो को मजबुत बनाने के लिए सदस्यता अभिमान चलाया जा रहा है। आप सबों के आने से संगठन को और मजबुती मिलेगा आने वाले दिनों में बानो प्रखंड में झामुमो संगठन को और मजबुत बनाया जायेगा।

# कार से 60 लीटर स्प्रिट व शराब निर्माण सामग्री जब्त, युवक गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

धनबाद जिला उत्पाद विभाग की टीम ने शनिवार को एक वैगन आर कार से भारी मात्रा में अवैध स्प्रिट, अंग्रेजी शराब की बोतलों के कार्क व अन्य सामग्री जब्त की है. टीम ने कार से यह सामग्री ले जा रहे युवक विक्रांत कुमार को गिरफ्तार कर लिया है. उत्पाद विभाग के एएसआई जीतेंद्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर गोविंदपुर-टुंडी रोड के पास टीम ने कार को रोककर तलाशी ली. कार से 60 लीटर स्प्रिट, शराब की बोतल के 2000 कार्क (ढक्कन) व शराब बनाने की अन्य सामग्री बरामद की गई. कार पर प्रेस लिखा हुआ था. एएसआई ने बताया कि पकड़े गए युवक ने पूछताछ में बताया कि उसका प्रेस से कोई लेना-देना नहीं है. बल्कि पुलिस से बचने के लिए उसने गाड़ी पर प्रेस लिखवा दिया था. युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया.

कार्यालय:-जिला परिषद, लातेहार।

पत्रांक:- दिनांक:-

सूचना

एतत द्वारा सूचित करना है कि प्रखण्ड महुआडांड अन्तर्गत बस पड़ाव महुआड़ांड के खाली भूमि पर गोदाम का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है जिसे स्थानीय नागरिकों को उपलब्ध कराया जाना है। उक्त गोदाम के आवंटन हेतु दिनांक 03.03.2025 को 11:30 बजे पूर्वाहन में कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिशद, लातेहार के कार्यालय प्रकोश्ट में खुली डाक आहूत की गई है। खुली डाक की बोली मो0 6000.00 रूपये से प्रारम्भ की जाएगी। जो व्यक्ति डाक में भाग लेना चाहते है वह भाग ले सकते है। उच्चतम डाक वक्ता को गोदाम आवंटन होने के पश्चात बोली गई अधिकत राशि को आधार मानते हुए प्रतिमाह गोदाम का किराया माना जाएगा जिसे प्रत्येक माह के 5वीं तारिख तक जमा करना अनिवार्य होगा। डाक सम्पन्न होने के उपरांत उच्चतम डाकवक्ता को जमानत के रूप में (Security money) मो0 2.00 लाख रूपये जमा करना होगा।

अत: महुआडांड प्रखण्ड के इच्छुक नागरिक जो भाग में भाग लेना चाहते है उक्त निर्धारित तिथि को जमानत की राशि मो0 1000.00 रूपये एवं कोई एक वैद्य पहचान पत्र जमा कर खुली डाक में भाग ले सकते है।

उप विकास आयुक्त-सह-
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लातेहार।

PR 346981 Rural Development
(24-25)D

कार्यालय:-असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार

Sadar Hospital Campus, Latehar. E Mail ID: cslatehar@gmail.com.

आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना (AB-JAY) के तहत लातेहार जिला अंतर्गत Case wise Procedure के आधार पर Hire Basis पर विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारियों की सेवाएँ प्राप्त करनें हेतु प्रकाशित विज्ञापन से संबंधित आवश्यक सूचना।

राज्य की जनता को गुणवत्तापूर्ण उच्चतर स्वास्थ्य सुविधाएँ नि:शुल्क प्रदान करनें हेतु केन्द्र प्रायोजित आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना (AB-JAY) के तहत लातेहार जिले के सदर अस्पताल में Case wise Procedure के आधार पर Hire Basis पर विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारियों की सेवाएँ प्राप्त करनें हेतु विज्ञापन सं0-01/2025 (AB-JAY)प्रकाशित की गई थी, जिसका पी0आर0 नं0 345975 (Health Med Edu and Family Welfare)24-25 (D) है। इस विज्ञापन के तहत आवेदन समर्पित करनें की अंतिम तिथि-22.02.2025 तक निर्धारित थी, जिसे दिनांक-03.03.2025 तक विस्तारित की जाती है।

विज्ञापन की शेष सभी शर्तें यथावत होगी।

उपरोक्त विज्ञापन संबंधी विस्तृत जानकारी, शर्तें, अर्हता, आवेदन का प्रपत्र आदि का अवलोकन लातेहार जिले के अधिकृत वेबसाईट http://latehar.nic.in पर देखा जा सकता है।

सिविल सर्जन,
लातेहार

PR 346970 Health Med Edu and Family Welfare(24-25)#D

# वेब सीरीज.....नेमा का बदलता रूप

मनोरंजन के अनेक साधनों में सिनेमा बहुत समृद्ध और खर्चीला साधन बनकर आया। बड़े-बड़े सिनेमा घरो में बड़े परदों पर बड़े कलात्मक तरह से साऊंड, लाईट, सेट, ड्रेस, मेकप, म्युजिक आदी तामझाम के साथ कलाकार और किरदारों को अमली जामा पहनाती फिल्मों ने कला में अपना एक मुकाम बना लिया। बड़े-बड़े कलाकार जिन्हे हीरो हिरोईन सुपर स्टार का खिताब मिला और जनता को मिला मन बहलाने का साधन के रूप में जिंदगी का वह सुखद क्षण जिसकी ख्वाबों में भी कल्पना नही की जा सकती है। मन के अंदर की कल्पना को सकार रूप फिल्मों ने दिया। हमने सलीम और अनारकली के प्रेम और प्रेम का परिणाम को 'मुगलेआजम' के माध्यम से साकार होता देखा। जहाँ ड्रीम गर्ल की कल्पना को सिनेमा के माध्यम ने साकार किया, वहाँ गब्बर सिंह के किरदार को दिखाना और चंबल की वास्तविकता को सभी से अवगत कराने का काम फिल्म ने किया। इन फिल्मों ने तहलका ही नही मचाया बल्कि गहरी सच्चाई से भी हमे अवगत कराया। धीरे -धीरे यह मनोरंजन का साधन नाच गानों और अशलीलता की हदों को पार करता गया और आज के समय में गोलमाल 1/2/3 और हाऊसफुल जैसी फिलमों पर आकर सिमट गया है। समय हमेशा एक सा नही रहता है, टेलिविजन क्रांति के बाद हिंदी सीरियलो के शानदार युग की शुरुआत ने आज एक उँचा मुकाम बना लिया है। यद्यपि इसमें भी फैशन और फैंटेसी नें घुसकर इसको गहरी क्षति पहुँचाई है। बिना सर पैर के सीरियलों की भीड़ लगी है जहाँ सजी सँवरी महिलाएँ षडयंत्र करती और षडयंत्र सहती दिखाई देती हैं वहीं पुरुष वर्ग चाय खाने की टेबल पर ही दिखता है। खैर आज के समय में फिल्मों यानी बड़े पर्दे की लोकप्रियता घटती जा रही है वहीं टेलिविजन और वेब सीरीज का प्रचलन बढ़ता जा रहा है। बड़ी- बड़ी गहरे तथ्यों पर वेब सीरीज देख मन कौतुहल से बढ़ उठता है। हॉट स्टार /जिओ सिनेमा /नेटफिलिक्स/ऐमाजॉनप्राईम पर कई वेब सीरीज जीसमे मिर्जापुर, द फैमली मैन, स्कैम 1999 तहलका मचा चुकी है। कुछ साल पहले देखी अनिल कपूर की '24' और एअर स्ट्राइक पर बनी 'राणनीती' और अभी हाल में चलरही 'पताललोक' बेहतरीन तथ्यों को सामने रखा है। इसमे कलाकारों को खुलकर कर काम करने का मौका मिला है। कुछ फिल्म जो की ott पर रिलिज हो रहीं है वह भी बढ़िया है वैसे कचरा हर जगह है पर यदि आप सही हो तो चुनाव अच्छा ही रहेगा। देखिये कुछ फिल्म जिओं सिनेमा पर ... मैरी/डिस्पैच/मिसेज/हिसाब बराबर/अकेली और भी कई फिल्मे। भले यह करोड़ो कमा नही पा रहीं है पर करोड़ो लोगो के दिल में जगह बना रही है। समय के लाथ चलना और समय के साथ बदलने की अनुवांशिकी को सरवाईवल थ्योरी कहते है। इस दौर से गुजरता छोटा बड़ा या बड़ा छोटा परदा कई उतार चढ़ाव से गुजरता हमारे बीच हर तरह की समाग्री ले कर खड़ा है।अपनी इच्छानुसार हम इसका चुनाव कर सकते है।



मनीषा सहाय सुमन

# जहाँ सीता जी का अपहरण हुआ था

यात्रा वृत्त



अनिता रश्मि



शूर्पणखा की नाक काटकर गोदावरी नदी के उस पार फेंक दी गई थी। बाईं तरफ फेंकी गई नाक के कारण वह स्थान नासिक कहलाया, नदी के इस पार को पंचवटी।

पंचवटी नामकरण के पीछे भी राम के वन गमन से जुड़ी पौराणिक कथा है। बहचर्चित, बहुश्रुत!

खर-दूषण ने आक्रमण किया, तब राम-लक्ष्मण ने कोमलांगी सीता को गुफा में छुपाकर सामने पाँच ऋषि को खड़ा कर दिया। उनके रक्षार्थ खड़े पाँचों ऋषि वटवृक्ष बन गए। तभी इस स्थान का नाम पंचवटी पड़ा।

गोदावरी नदी में दो और नदियाँ अरुणा, वरुणा मिलती हैं। उनके तीव्र धारवाले संगम स्थल पर हम खड़े थे। पीछे पंचवटी, सामने का तट नासिक! इसी त्रिवेणी पर कुंभ मेला लगता है। हम पंचवटी में सीता-राम, लक्ष्मण जिन जगहों पर गए थे, उसका दर्शन करने आए थे। हमें टेम्पोवाले के हवाले कर हमारा ड्राइवर एक ओर गाड़ी खड़ी कर इत्मीनान से बैठ गया। आगे का सफर उसी टेम्पो से होना था।

नदी के तट पर एक-दो महिलाएँ दोने में फूल, दीपक लेकर भक्तों की प्रतीक्षा में थीं। हम एक-दो दोने थामकर, जल को माथे से लगाकर, दीप जलाकर, पुष्पों से सुगंधित दोने गोदावरी नदी प्रवाहित कर दिए।

वहाँ श्वेत धोतीधारी काफी लोग बैठे थे। सबके सर घुटे।श्राद्धकर्म चल रहा था। हम उस पुण्य सलिला को प्रणाम कर ठीक उसके सामने बने कपालेश्वर मंदिर की ओर बढ़े। काफी सीढ़ियों को चढ़ने के बाद उनका मंदिर था।

यहाँ पर महादेव बिना नंदी के थे। नंदीविहीन कपालेश्वर मंदिर की कथा है, पहले ब्रह्मा के पाँच मुख थे। एक मुख से वे सदा विष्णु, शिव की निंदा करते थे। नाराज होकर महादेव ने उनका एक कपाल काट दिया। अब वे कपालेश्वर कहाने लगे।

पहले नंदी ने उन्हें बहुत समझाया, "सामने गोदावरी नदी में स्नान करने से ब्रह्म हत्या का पाप कटेगा।"

कई जगहों से घूमकर लौटने पर भी अशांति अनुभव करनेवाले शंकर भगवान को तप से भी आराम नहीं मिला। नंदी ने एक गुरु की तरह उन्हें रास्ता दिखलाया। उन्हें शांति मिली और तप में मन लगने लगा।

अब शंकर जी ने नंदी को सेवक मानने से इंकार कर दिया। अतः कपालेश्वर में नंदी उनके सेवक रूप में आगे नहीं रहते। यह अकेला शिवालय है, जहाँ नंदी नदारद।

हमलोग यहाँ पूजन के पश्चात् संकरे सीता गुफा में धीरे-धीरे अंदर गए। गुफा में प्रकाश की भी व्यवस्था थी। अंदर आने-जाने की उत्तम व्यवस्था। पास में पर्ण कुटी थी। वहीं तीनों ने वनवास पूरा किया था। 14 वर्षों के वनवास के ये ही चिन्ह वहाँ रह गए हैं।

सब कुछ अब आधुनिक ढंग से सजा-बसा है। वन का आभास नहीं होता। सड़कें, मंदिर सब बन गए हैं।

यहाँ हम सबने 'गोरे राम पर्णकुटी' देखी। पर्ण कुटिया की जगह अब संगमरमर का मंदिर है। हाँ! बगल में ही पर्ण कुटी के नाम पर एक कुटिया है। अंदर सीता माता की प्रतिमा। संगमरमर की कुटिया होने के कारण ही इसका नाम गोरेराम पड़ा यहाँ पग-पग पर राम कथा का आस्वादन मिलेगा।

बगल में 'काले राम' का मंदिर काले पत्थर का, मूर्ति भी काली। विशाल प्रांगणवाले मंदिर में कई भक्त चहलकदमी कर रहे थे। हर मौसम में प्रथम किरण सर्वप्रथम इसी मंदिर के पीछे बने झरोखे से आती है। इस तरह से बनाया गया है कि सवेरा होते ही सूर्य की किरण झरोखे से झाँकेगी ही। प्रसादवाले दुकान सजाए बैठे थे। थोड़ी देर वहाँ रहकर हम वापस। सामने एक और मंदिर था।

काट्या मारुति 11 फीट ऊँची हनुमान की मूर्ति है। बबूल के पेड़ के नीचे मूर्ति पांडवों को मिली थी। काट्या मतलब काँटा होता है। भखरा (नारंगी) सिंदूर में लिपटे पवनसुत जीवंत। कई लोग मन्नत माँग रहे थे। वहाँ मन्नत जरूर पूरी होती है।

लक्ष्मण के शेषनाग अवतार का एकमात्र मंदिर है 'लक्ष्मण शेषनाग मंदिर'। यहाँ एक तरफ शूर्पणखा की नाक काटते हुए लक्ष्मण की मूर्ति थी। उस समय मंदिर का जीर्णोद्धार चल रहा था।

सामने चट्टानों के बीच सूखी धरती। नहीं! यह सूखी धरा नहीं, यह तो कपिला नदी थी। मई की गर्मी में गायब। कपिला के तट पर कपिल मुनि तप में लीन रहते थे। तप-स्थली में मुनि तप में लीन हैं, अब भी।...जीवित प्राणी के रूप में नहीं, एक मूर्ति के रूप में। नदी में जानकी स्नान करती थीं। पास में सीता जी ने अग्नि में प्रवेश किया था।

चौदह साल उन लोगों ने कैसे बिताए होंगे? ऊबड़-खाबड़ रास्ते पर चलते हुए, 14 वर्षीय वनवास भयानक वन्यप्राणियों के बीच, कंद-मूल खाना... राजसी, कोमलगात लोग कैसे रह पाए? खासकर सीता जी।

राम-लक्ष्मण गुरुकुल में रहते-रहते अभ्यस्त होंगे। पर सीता जी? वैदेही किस तरह रह पाई होंगी, यही सब सोचते हुए हम वहाँ से विदा लेकर आगे चल पड़े। जीवन की यात्रा में जैसे कई पड़ाव आते हैं और मनुष्य कहीं रुकता नहीं मंजिल से पहले, उसी तरह हम भी पड़ाव पाकर थोड़ा उत्फुल्ल हो उठे और मंजिल की ओर बढ़े। हमारी मंजिल थी मुंबई।

# महाकुंभ संस्मरण



प्रतिभा प्रसाद 'कुमकुम'

यह एक ऐसी यात्रा है जो सीधे मन से जुड़ी हुई है। यात्रा हुई नहीं लेकिन हुई। लेकिन कब कहाँ कैसे? आप सब जानेंगे। मेरे साथ बने रहिए। अचानक एक दिन मेरी मंजू दी का फोन आया। प्रतिभा जी महाकुंभ स्नान चलना है। स्वदेशी मंच से हम सब बस से जाएंगे। आपके लिए रुपया मैंने जमा कर दिया है। यह चर्चा तीन जनवरी को हुई थी। मैंने कहा कि सत्रह जनवरी को मैंने अपने बाँयी आँख के ऑपरेशन का डेट लिया है। बातचीत में यह तय हुआ कि मैं लौटकर ऑपरेशन करवाऊँ। और चलने को तैयार रहूँ। बारह जनवरी को तुलसी भवन का वनभोज था और मैं जानें की तैयारी में थी कि मेरे तीसरे वाले भाई के निधन की सूचना मिली। अब मेरा मुजफ्फरपुर जाना तय हो गया। लेकिन ईश्वर कुछ और रच रहा था। मेरा बीपीण् अचानक बढ़ गया और मैं श्राद्ध कर्म में मायके नहीं जा सकी। मैंने सोचा अब बीपी कंट्रोल है तो प्रयागराज ही चले जाते हैं। अतः ऑपरेशन को कुछ दिनों के लिए टाल दिया। इस बीच मंजू दी के पिता जी गंभीर बीमार हो गए और मंजू अपने मायके चली गईं। अब यहाँ पर एक गेम हो गया। वो जमशेदपुर पहुँचकर भी हमें यह बतातीं रहीं की वो अभी अपने मायके में ही हैं। मैं भोली अकल की खोली उनकी बात सच मानती रही। अचानक सोलह फरवरी को फेसबुक पर एक पोस्ट देखकर मैं चौंक गई। मंजू दी महाकुंभ का बैनर पकड़ कर बस के सामने खड़ी हैं। मुझे धक्क सा लगा। जब मेरे साथ जाना नहीं था तो...? यह ढोंग क्यूँ। मैंने तो जाने की इच्छा भी जाहिर नहीं की थी। लेकिन उनके आग्रह से मन में आशा ने जन्म ले लिया था। अर्ध कुंभ और पूर्ण कुंभ की मधुर यादें तरोताजा हो गई थी। हमें यात्रा से बहुत डर लगता हैं। इसलिए जब तक बहुत जरूरी न हो तो कार्यक्रम नहीं बनाते हैं। या कोई विशेष दबाव न हो तो मैं जाती ही नहीं। कोशिश यह करते हैं कि अर्थ से और श्रम में किसी की मदद न लेनी पड़े। किसी पर भार की तरह न जाएँ। लेकिन फिर भी मुझसे कोई न कोई भूल हो ही जाती है या कुछ चीजें मैं भूल भी जातीं हूँ। तो गड़बड़ हो जाना स्वाभाविक है। यह सब सोचते-सोचते कि आखिर क्यों मैं ही टारगेट होती हूँ। रात में एक तीस में मेरा बीपी बढ़ गया और पेशाब रूक गया। बुंद-बुंद बहुत दर्द सा होने लगा। डेढ़ बजे से दस ग्यारह बजे सुबह तक बेहद तकलीफ बेचैनी में निकले। बेटे ने कहा अस्पताल में भर्ती हो जाओ लेकिन मैं नहीं गई। होम्योपैथी दवा खाकर थोड़ा सुधार हुआ। दर्द कम हुआ। फिर डॉ आशा गुप्ता से फोन पर दवा का नाम लिखवाकर मंगवाई। मेरा बेटा दो बजे दवा लाकर दिया। उससे खुलकर पेशाब उतरा और बड़ी राहत महसूस हुई। इस दर्द भागम भाग में महाकुंभ ध्यान में ही नहीं रहा। जब थोड़ी राहत हुई तो त्रिवेणी संगम स्नान न कर पाने का दर्द उभर आया। लेकिन पिता जी के कहे शब्द कानों में गूंजने लगी। जो होता है अच्छे के लिए ही होता है। आशा दी की दवा से मुझे बहुत आराम मिला था और मुझे गहरी नींद आ गई। नींद में मैंने श्रीराम को देखा वे कह रहे थे तुम्हें मुझ पर विश्वास है न। फिर चिंता छोड़ो और सो जाओ। नींद में मैं अपने बच्चों का नाम ले ले कर सभी के नाम के लिए पाँच-पाँच डुबकी लगा रही थी। मन में एक बात आई कि जरुर कोई ऐसी बात होगी कि मंजू दी ने मुझे ले जाना उचित नहीं समझा। मुझे धैर्य रखना चाहिए। कोई नाकारात्मक विचार मन में नहीं लाना है। जो व्यक्ति मुझे सारे तीर्थ करवाएँ हैं उनके प्रति तो मन में श्रद्धा होनी चाहिए। इस बार प्रभु का बुलावा नहीं था। सो नहीं था लेकिन यह ईश्वर की मर्जी जरूर थी। यदि रास्ते में बस जब जाम में फंसा हो तब या पैदल चलते वक्त मेरी तबीयत ऐसे ही खराब हो जाती तो मंजू दी क्या करतीं? प्रभु ने इसीलिए मंजू दी की परिस्थितियों को प्रतिकूल कर दिया। यह हरि इच्छा से हुआ है फिर मंजू दी से नाराजगी कैसी? अब मन बहुत प्रसन्न हुआ। लगा स्वयं माता गंगा मेरे अंतस में प्रवेश कर गईं हैं और मेरे मन की कलुशता को धो दिया है। मन का शुद्धिकरण ही मन का मोक्ष है। सो मुझे लगा मैं महाकुंभ स्नान कर आई। यह था मेरा महाकुंभ स्नान और मेरा संस्मरण।

## हे वीणा वादिनी !

अज्ञान-तम का अंत करोए
चेतना में नव प्रभात भरो।
ज्ञान-दीप की बाती बनकर,
शब्दों में उजियारा भरो।
वीणा के तारों में
रागनाद,
गूँजे सुरों में मधुमय
संवाद।
लेखनी बरसे अमृत
धार, जगे सृजन का
दिव्य उन्माद।
हे वीणावादिनि! दे
वरदान,
तेरे स्वर से गूंजे जहान।
सद्भाव बहे, सत्कर्म बढ़े,
शब्द-साधना रहे महान।
अक्षर-अक्षर दीप जले,
विचारों की ज्योति पले।
संस्कृति की वीणा झंकारे,
रचनाओं में तेज पले।



चारुमित्रा

## भाभी



रंजना वर्मा उन्मुक्त

भाई की शादी से नन्ही आस्था बेहद खुश थी। सभी कह रहे थे कि भाभी के आने से बिन माँ की आस्था को माँ जैसा प्यार मिलेगा और उसके नन्हे कंधे पर से घर के कामों का भी बोझ कम हो जाएगा। माँ की मृत्यु के पश्चात घर के अधिकतर कामों की जिम्मेदारी उस पर ही आ गई थी। 12 साल की उम्र में वह बेहद समझदार एवं जिम्मेदार लड़की बन गई थी। उसकी उम्र के बच्चे खेलकूद में मस्त रहते थे और वह घर के कामों में उलझी रहती थी। उसकी भी इच्छा होती थी कि वह भी उनके साथ खेलेए पर वह खेल नहीं पाती थी। सुबह नाश्ता एखाना बना कर एअपना और अपने भैया का टिफिन पैक करके, वह स्कूल भागती थी। लेकिन लाख कोशिशों के बावजूद भी वह समय पर स्कूल नहीं पहुँच पाती और रोज उसे अपनी टीचर से डांट मिलती थी। भाई की शादी के बाद सभी कह रहे थे कि अब तो आस्था के मजे ही मजे हैं। अब उसे खाना नहीं बनाना पड़ेगा। उसे तो अपना टिफिन भी पैक मिलेगा। अब वह रोज स्कूल समय पर जा पाएगी। सुबह-सुबह वो आँगन में बैठी यह सब सोच सोच कर मुस्कुरा रही थी। तभी भैया आए और उससे चाय बनाने को कहा, 'भाभी कहाँ है... वह पूछ बैठी। अभी वह सो रही है। आस्था जल्दी से दो कप चाय बना कर ले आई। भाभी सो रही थी इसलिए उसने उनके लिए चाय नहीं बनाई। भाई ने दोनों कप को उठाते हुए कहा, 'मैं दोनों कप ले जा रहा हूँ। तेरी भाभी को बिना बेड टी की आँखें नहीं खुलती। अब से चाय तीन कप बनाया करो।' आस्था आँख फाड़े भाई को देख रही थी।

## सच्चे रिश्ते



पूनम शर्मा स्नेहिल

जीवन में सुख-दुख का तो रहता आना जाना।
कभी हंस कर कभी रुला कर बन जाता बेगाना।।
सुख की लम्हों में कब किसको किसने कितना जाना।
दुख का हर एक लम्हा करता तुमको सदा सियाना।।
यूँ बातों में प्यारे सबके कभी नहीं तुम आना।
लोगों का क्या इनका तो है मकसद बस उलझाना।।
कभी शिखर पर जो पहुंचे तो पांव जरा जमाना।
जग को करके यहां बहुत कुछ है तुमको दिखलाना।।
साथ वही रहता है हर पल जो होता है अपना।
मिलना सबसे दिल पर यारों उससे यहाँ लगाना।।
संकट में जो साथ न छोड़े अपना उसे बनाना।
वक्त हो कैसा भी जीवन में उसको नहीं गवाना।।
मिलते सच्चे रिश्ते कम है बात ये जिसने जाना।
नहीं वो बनता कदम.कदम पर सबका यहाँ दीवाना।।

## काव्य कोना

### व्यथा और कान्हा

दर्द,व्यथा, क्षोभ, शोक
कुरेद-कुरेद सहलाते सँवारते
न भूलते, न याद करते
समय पटल पर दाग को घाव बनाते
स्वयं को स्वयं से धोखा देते
अंतर के अंतर को बिसराते
न जाने क्या हासिल करते?
दर्द,व्यथा, क्षोभ, शोक
स्मरण दिलाता कृष्ण और कर्ण का
अपना-अपना संघर्ष, अपने-अपने दर्द संग
यादों को अपना संबल बना बढ़ते चले दोनों
एक ने रस की धार बहाई, दुनिया को
नई रीत सिखाई
दूसरा धधकता रहा अपनी व्यथा की अग्नि में
कान्हा विवेक का अभिप्राय बने
कर्ण विवेक समझकर भी दूर होता गया
अनायास असमंजस का क्षण था
अंगराज ने कान्हा से कह बैठा
शायद व्यथा हमारी कुछ तो समान थी
केशव मुस्कुराये, मुस्कुरा कर कहा
मैं ने यादों को अपना संबल बनाया
विवेक , प्यार और सद्भाव की राह दिखलाई
रणनीति और कुटनीति को नया आयाम दिया
और केशव ने फिर अपना मन
बनाया, संकल्प लिया
दानवीरता तुम्हारी व्यर्थ नहीं होने दूँगा
दर्द,व्यथा, क्षोभ, शोक विलय हो जायगा
मिलेगी वासुसेन सद्गति तुम्हें
अंत्येष्टि होगी मेरे हाथों तुम्हारी।

**नाग मणि**

# स्वान की खोज में भीड़ तंत्र

व्यंग्य



रंदी सत्यनारायण राव



अल सुबह मेरे मोहल्ले में कोहराम मच गया , कोई कह रहा था – 'अरे कहाँ से कुत्तों को मांस मिल गया ...?' कोई कह रहा था –'बाहर खेल रहे एक बच्चे को नोंच खाया ...!' कोई कह रहा था- 'वह हरिजन का बच्चा है...!' और फ़िर सब उस ओर दौड़ पड़े। जहां यह दुर्घटना घटी। थोड़ी ही देर में पत्थरों और लाठियों के बरसने की आवाजें आने लगीं- तड़ाक ..धडाम , फ़िर कुत्तों की भोऊ भोऊ और कूँ कूँ...! ऐसे में मैं भी अपने को संयत नहीं रख सका, माजरा जानने के लिए उस और बढा तो देखा, लोग कुत्तों को मार कर भगा चुके हैं। सामने एक तीन साल का बच्चा दर्द से तड़प रहा है उसके शरीर के अंग नोंचे जा चुके हैं, बड़ा ही हृदय विदारक दृश्य था, वह पास का ही बच्चा था, उसके घर वाले उसे अस्पताल ले गए, डाक्टरों ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। उसके माता – पिता के होश उड़ गए। वे अर्द्ध विक्षिप्त हो, वहीं गिर पड़े, अब जितने मुंह उतनी बातें आरम्भ हो गईं। वही सांप निकलने के बाद लाठी पीटने वाली बात, कोई कह रहा था – 'लोग बच्चे तो पैदा कर देते हैं, उन्हें सम्हाल कर रखना नहीं जानते, उसे घर से निकलने ही क्यों दिया गया?' फ़िर किसी को उसके हरिजन होने का ख्याल आया, अब इसमें राजनीति के रोटी सेंकने की गुंजाईश दिखी तो नेता आगे आ गए,एक हरिजन बच्चे को ही कुत्तों ने क्यों काट खाया? जरूर कोई अन्य जाति वालों नें ऐसा करने को, कुत्तों को उकसाया होगा ...बस, अब इस विचार का कौंधना ही था कि हरीजन नेताओं की फौज उमड़ पड़ी। वे अपनी बिलों से बाहर आ गए। सब को अपनी नेताई चमकाने का सुनहला मौका हाथ जो आ गया था। सब बच्चे की लाश ले कर तम्बू–बम्बू ले कर बीच सड़क पर बैठ गए। उनकी मांग थी कि आवारा कुत्तों को पनाह दे कर उनके बच्चे के शिकार करने मे, ऊंची जातियों के साथ प्रशासकीय लोगों का भी हाथ है, अन्यथा एक हरिजन के घर का चिराग ही क्यों बुझ जाता? उधर नगर पालिका के अधिकारियों की सिट्टी –पिट्टी गम थी कि यह क्या हो गया...? और पुलिस की नींद हराम हो गई कि,अब तक तो नक्सल और आंतकवादियों से निपटने में गली जा रही थी ,अब इस नई मुसीबत को कैसे टालें ,और ये आदम ख़ोर कुत्तों से कैसे निपटा जाए...? सही ही था, इस नए आतंक से पुलिस तो पुलिस, स्वंय नक्सली और आतंकियों तक की चड्डी गीली हो जाना कोई आश्चर्य उत्पन्न नहीं कर सकता था...? आख़िर पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों के साथ नगर पालिका के पदाधिकारियों के मान मनौवल रंग लाया और छुट भैये नेता इस शर्त पर राज़ी हुए कि हरिजन बालक के परिवार को उचित मुआवजा मिलेगा. और शहर के आवारा कुत्तों का या तो सफ़ाया कर दिया जाएगा या फिर उनका बंध्याकरण कर दिया जाएगा। इस आश्वासन पर, काम तेजी पकड़ने को ही था कि किसी ने जानवरों की पृष्ठ पोषक तथा उनके अधिकारों की रक्षा को सदैव तत्पर रहने वाली श्रीमती मेनका गांधी तथा जानवरों के हित पोषक संस्था 'एनीमल वेलफेयर कमिटी', तक यह बात पहूँचा दी, बस, उन्हें सूचना मिलने की देर थी कि, सब ओर टेलीफोन की घंटियाँ बजवा दी गईं परिणामस्वरूप प्रशासनिक लोगों के साथ पुलिस भी अपने स्वाभाविक रूप में आ गई। कोई कह रहा था – 'मैडम जी का पशु –पक्षियों के प्रति प्यार तो समझ में आता है, लेकिन कोई आवारा कुत्ता उनके पुत्र वरुण गान्धी पर हमला करें तो क्या वह बर्दाश्त कर लेंगी ..?' अब लोगों को भडकना ही था ... नेता सब, नए नारों के साथ फ़िर सडक पर उतर आये। भीड़ तंत्र को विषय और नारों की तंगी कभी हो ही नहीं सकती न ..., अब इनमें एक परिवर्तन दिखलाई देने लगा था, मुआमला हरिजन बच्चे के, कुत्तों द्वारा काट खाने का नहीं था, बल्कि यह पूरे समाज और शहर से जुड़ गया था। अब शहर को आवारा कुत्तों से बचाये जाने को ले कर था, लेकिन कैसे ...? यही यक्ष प्रश्न सब के जेहन में था। क्या उनकी हत्या कर ..? फिर यह सवाल जेहन में उभर कर सामने आया कि ऐसे में जानवरों के अधिकार के हनन का केस तो नहीं बनेगा...? ऐसे में, मेनका मैडम जी की क्या विपरीत प्रतिक्रिया होगी...? देश में आज , इंसानों की जान की कीमत सिफ़र है, जब की जानवर बेशकीमती कहलाते हैं, विशेष कर कुत्ते..., इसका एक कारण कुत्तों की स्वामी भक्ति,और अपने दाता के प्रति अटूट वफादारी, उनके पक्ष को विश्वसनीय बनाती है ,जब कि इंसान स्वार्थी और धोखेबाज होता है ,इसलिए, उनकी कद्र नहीं की जाती। यह काम हम कुत्तों से भली भांति सीख सकते हैं, इसलिए उनके किये को मुआफी मिलती है ।

**संयोजन - नरेश अग्रवाल**

## चारदीवारी

अगल बगल थे दो घर,
बगीचा साझा था,
जाने किस बात पर अनबन हुई
और दीवार खड़ी कर दी गई,
एक बेचारा दरख्त,
चारदीवारी से बिल्कुल सटा
चुपचाप उदास खड़ा रहा,
जिनके हिस्से दरख्त आया
वो खुश थे... दिन बीते, मौसम बदला,
दरख्तों पर फल उतर आए,
डालियाँ चारदीवारी के उस पार
झुकती चली गईं...
पंछी आए, चहचहाए,
कभी इस पार वाली डाल पर चहकते,
कभी उस पार वाली डाल पर
चारदीवारी नें उन्हें आँखें दिखाईं,
पर पंछी न माने...
हवा सरसराई और
दरख़्तों की डालियाँ झूम उठीं,
कुछ फल इस पार गिरे, कुछ उस पार
चारदीवारी डालों को रोक न पाई
हवा, पंछी और डालियों नें
दीवार की एक न सुनी,
दरख्त नें भी बाँह फैला दिए थे,
चारदीवारी बनाने वाले
हाथ मलते रहे... बगीचे को बाँटा था
चारदीवारी नें... पर दरख़्त, पंछी, डालियों,
और हवाओं नें जोड़ दिया...



रीना सिन्हा सलोनी

## आज का दोहा

दिनभर टकराते रहे, पेड़, टहनियाँ, पात।
मसला इतना था, हवा, कहाँ गुजारे रात।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 7209453444, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



हरिद्वार में महाशिवरात्रि से पहले शिवभक्त रंग-बिरंगी कांवर लेकर हर की पैड़ी पर एकत्र हो रहे हैं

## प्रयागराज दौरे से पहले बोले केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा

## 'महाकुंभ का दिव्य अनुभव करने के लिए अत्यंत उत्सुक'



**प्रयागराज (आईएएनएस)** । भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा आज उत्तर प्रदेश के प्रयागराज दौरे पर रहेंगे, जहां वे विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेंगे। प्रयागराज यात्रा से पहले भाजपा अध्यक्ष ने एक्स पोस्ट में महाकुंभ को 'सनातन संस्कृति की चिरंतन धर्मधारा' नाम से विभूषित किया। भाजपा अध्यक्ष ने अपने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए एक्स पोस्ट में लिखा, "महाकुंभ हमारी पावन सनातन संस्कृति की चिरंतन धर्मधारा है। तीर्थराज प्रयागराज में संगम स्नान का पावन अवसर प्राप्त कर धर्म, आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का दिव्य अनुभव करने के लिए अत्यंत उत्सुक हूं। प्रभु श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान जी महाराज के दर्शन और पूज्य संतजनों के आशीर्वाद से यह यात्रा और भी शुभ होगी। शनिवार को महाकुंभ का 41वां दिन है, भव्य आध्यात्मिक मेले के समापन में अब केवल चार दिन बचे हैं। 13 जनवरी को शुरू हुआ यह उत्सव 26 फरवरी को महा शिवरात्रि के साथ समाप्त होगा।

# महाशिवरात्रि से पहले संगम तट पर जुटने लगे श्रद्धालु

## बोले '41 दिन बाद भी व्यवस्था जबरदस्त'

**प्रयागराज (आईएएनएस)**

शनिवार को महाकुंभ का 41वां दिन है, भव्य आध्यात्मिक मेले के समापन में अब केवल चार दिन बचे हैं। 13 जनवरी को शुरू हुआ यह उत्सव 26 फरवरी को महा शिवरात्रि के साथ समाप्त होगा। शुक्रवार तक 59.31 करोड़ लोग संगम में स्नान कर चुके हैं। महाकुंभ में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु आते हैं, जिससे दुनिया के सबसे बड़े मानव समागम के रूप में इसकी स्थिति मजबूत होती है। यहां स्नान के लिए पहुंच रहे लोग व्यवस्थाओं की प्रशंसा कर रहे हैं। न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में श्रद्धालु प्रदेश और केंद्र सरकार का आभार जता रहे हैं।

कानपुर से आईं श्रद्धालु नीरू चंदेल ने बातचीत में कहा कि हमारे मोदी जी और योगी जी ने शानदार व्यवस्था की है। हम उनका दिल से धन्यवाद करते हैं। यह हमारे लिए अद्भुत क्षण रहा। हमें कोई दिक्कत नहीं हुई। उन्होंने यहां की स्वच्छता की भी तारीफ की। कहा कि इतनी भीड़ होने के बावजूद भी साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा गया है। कहीं पर कोई गंदगी नहीं है। देशभर से लोग यहां पर आए हुए हैं। भीड़ बहुत है। हमारा यहां पर आकर मन प्रसन्न हो गया। शादी की 25वीं सालगिरह पर गंगा स्नान करने कानपुर से आई श्रद्धालु सरिता गुप्ता ने कहा, "हमें अपने खास दिन पर यहां आकर बहुत अच्छा लगा। हमारा मन प्रसन्न हो गया। मैं कहूंगी कि जो लोग यहां पर नहीं आए हैं, वो भी यहां आकर स्नान का आनंद लीजिए। उन्होंने कहा कि यहां पर व्यवस्था बहुत अच्छी है, जो लोग इसे लेकर उल्टी सीधी बातें कर रहे हैं, वो झूठ कह रहे हैं, अफवाह फैला रहे हैं। मोदी जी और योगी जी ने अच्छी व्यवस्था की है। एक श्रद्धालु करमचंद गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इतना बड़ा कार्यक्रम आयोजित कराया है। यह अपने आप में बड़ी बात है। यह एक आदर्श कार्यक्रम साबित हुआ है और काफी सराहनीय रहा। लोग यहां पर अच्छे से आकर स्नान करके जा रहे हैं।

## महाशिवरात्रि पर काशी विश्वनाथ में तैयारियां भव्य

### नहीं होगा वीआईपी दर्शन

**वाराणसी (आईएएनएस)।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर काशी विश्वनाथ मंदिर में भव्य तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस बार मंदिर प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है कि वीआईपी और सुगम दर्शन की सुविधाएं पूरी तरह से स्थगित रहेंगी, ताकि सभी भक्तों को बाबा विश्वनाथ के दर्शन का समान अवसर मिल सके। मंदिर प्रशासन का कहना है कि इस कदम से हर भक्त को बिना विशेषाधिकार के दर्शन करने का मौका मिलेगा। दर्शन व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए मंदिर प्रशासन ने एक छोर से दूसरे छोर तक की व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए विशेष इंतजाम किए हैं। काशी विश्वनाथ मंदिर में इस




बार महाशिवरात्रि के दिन भक्तों का तांता लगने की संभावना है। जिसे देखते हुए मंदिर प्रशासन ने भक्तों की सुरक्षा और सुविधा के लिए पूरी तरह से तैयारियां कर ली हैं।

## बिहार में 'लालू राज' कभी नहीं आने वाला, जनता सचेत है : गिरिराज

**पटना (आईएएनएस)**

केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरिराज सिंह ने राजद नेता तेजस्वी यादव के 2025 में महागठबंधन की सरकार बनने के दावे को लेकर पलटवार करते हुए कहा कि बिहार में अब कभी 'लालू राज' नहीं आने वाला है, जनता सचेत है। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए केंद्रीय मंत्री ने तेजस्वी यादव के सरकार बनाने के दावे पर कहा, "अपने मन से पुआ पकाने से तेजस्वी यादव को कौन रोकेगा। अपने मन से सरकार बनाना हो तो बना लें। सरकार बनाएगी जनता और जनता को मालूम है कि राज्य में बिहार में फिर से 'लालू राज' नहीं आने वाला है। जनता सचेत है।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

# ध्यान वैश्विक शांति के लिए आवश्यक : जगदीप धनखड़

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि मेडिटेशन या ध्यान आत्मा के लिए एक भोजन की तरह है और इसके साथ ही यह वैश्विक शांति के लिए भी एक आवश्यकता है।

उन्होंने यह बात नई दिल्ली के भारत मंडपम में ग्लोबल कॉन्फ्रेंस ऑफ मेडिटेशन लीडर्स (जीसीएमएल) में कही। यह आयोजन वैश्विक नेतृत्व, शासन और सामाजिक कल्याण में ध्यान को एकीकृत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा, "ध्यान केवल एक प्राचीन अभ्यास नहीं है, यह आत्मा के लिए भोजन है और वैश्विक शांति और कल्याण के लिए एक आवश्यकता है।




धनखड़ ने यह भी कहा कि ध्यान में भारत का नेतृत्व दुनिया भर के प्रयासों से मेल खाता है, जैसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्व ध्यान दिवस को मान्यता देना और जी20 का 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' का सपना। सम्मेलन में वैश्विक सरकारों से शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कॉर्पोरेट नेतृत्व और शासन में ध्यान को एकीकृत करने का आग्रह करने का भी प्रस्ताव रखा गया। प्रस्ताव में राष्ट्रीय विकास नीतियों में माइंडफुलनेस को शामिल करने के लिए कार्रवाई योग्य रणनीतियों की रूपरेखा दी गई है। कार्यक्रम में बोलते हुए पद्म भूषण दाजी (कमलेश पटेल) ने इस बात पर जोर दिया कि सच्चे आध्यात्मिक विकास के लिए सूक्ष्म शरीर, मन, बुद्धि और अहंकार को बदलना आवश्यक है। ध्यान मस्तिष्क तरंगों, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और समग्र कल्याण को प्रभावित करता है।

उन्होंने दुनिया भर की सरकारों से आग्रह किया कि वे ध्यान को राष्ट्रीय कल्याण की आधारशिला के रूप में अपनाएं। उपराष्ट्रपति ने ध्यान को भारत की संस्कृति और शासन का अभिन्न अंग बनाने के लिए एक राष्ट्रीय आंदोलन का भी आह्वान किया।

## केंद्र सरकार की मदद से बिहार में विकास की गति तेज हुई : विजय

**पटना।** बिहार के जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि हम लोग केंद्र सरकार की मदद से और भी तेज गति से काम कर रहे हैं। बिहार में हम लोग काम पहले भी कर रहे थे, लेकिन अभी केंद्र सरकार मदद कर रही है। इसी कारण हमारे काम और विकास की गति ज्यादा तेज हो गई है। पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने राहत की योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा, "कई योजनाएं हैं, जो बिहार सरकार की तरफ से केंद्र सरकार को समर्पित की गई हैं। केंद्र सरकार ने केंद्रीय बजट में 11,000 करोड़ रुपए का एक अलग से प्रावधान बिहार में सिंचाई और बाढ़ की समस्या के समाधान के लिए कर दिया है। इसके लिए हम लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को धन्यवाद दिया है।

## असम पुलिस ने निजी विश्वविद्यालय के चांसलर को किया गिरफ्तार

**गुवाहाटी (आईएएनएस)**

असम पुलिस ने शनिवार को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेघालय (यूएसटीएम) के कुलाधिपति महबूबुल हक को एक जाति प्रमाण पत्र में जालसाजी करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। श्रीभूमि जिला पुलिस और असम पुलिस के विशेष कार्य बल की एक टीम ने हक को शनिवार तड़के गुवाहाटी स्थित उनके आवास से हिरासत में लिया।

हक के खिलाफ श्रीभूमि जिले में जाति प्रमाण पत्र में जालसाजी करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। पिछले वर्ष मानसून के दौरान गुवाहाटी में भारी जलभराव के बाद निजी विश्वविद्यालय को लेकर विवाद उत्पन्न होने के बाद मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने हक के खिलाफ मामला दर्ज करने का आदेश दिया था। सरमा ने आरोप लगाया था कि गुवाहाटी के बाहरी



इलाके में जोराबाट पहाड़ियों में एक निजी विश्वविद्यालय और अन्य शैक्षणिक संस्थानों द्वारा बड़े पैमाने पर वनों की कटाई के कारण शहर में अचानक बाढ़ आ गई। उन्होंने दावा किया कि असम के श्रीभूमि जिले के बंगाली मूल के मुस्लिम महबुबुल हक के स्वामित्व वाली निजी विश्वविद्यालय - विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेघालय (यूएसटीएम) गुवाहाटी में "बाढ़-जिहाद" छेड़ रही है। सरमा के अनुसार, 2008 में स्थापित विश्वविद्यालय ने पिछले कुछ वर्षों में जोराबाट पहाड़ियों में बड़े पैमाने पर वनों की कटाई की है और पहाड़ियों से पानी गुवाहाटी में उतरता है।

## मेरठ में 168 साल पुरानी मस्जिद को प्रशासन ने किया ध्वस्त, बताया सहमति से हटाया गया

**मेरठ (आईएएनएस)**

मेरठ में 168 साल पुरानी एक ऐतिहासिक मस्जिद को प्रशासन ने आधी रात को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। यह मस्जिद दिल्ली रोड पर सर्विस लेन पर स्थित थी और मेट्रो तथा रैपिड रेल कॉरिडोर के बीच में आ रही थी। बता दें कि दो दिन पहले इस मस्जिद का बिजली कनेक्शन काट दिया गया था। इसके बाद मुस्लिम पक्ष ने स्वयं मस्जिद को हटाने का प्रयास किया और हथौड़े चलाकर कुछ हिस्सों को



तोड़ा। इसके बाद शुक्रवार की देर रात प्रशासन ने बुलडोजर लगाकर पूरी मस्जिद को गिरा दिया और तुरंत मलबा भी हटा दिया गया।

### सीएम रेखा गुप्ता ने पीएम मोदी से की मुलाकात

## 'दिल्ली की बेटी' को जिम्मेदारी सौंपने का जताया आभार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की, जबकि उनके कैबिनेट मंत्रियों ने सड़क पर उतरकर गड्ढों वाली सड़कों की मरम्मत और शहर भर में लंबित परियोजनाओं को परखा। दिल्ली की सत्ता संभालने के बाद रेखा गुप्ता की पीएम मोदी से पहली मुलाकात है।



## प्रधानमंत्री मोदी 23 से 25 फरवरी तक मध्य प्रदेश, बिहार और असम का करेंगे दौरा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 से 25 फरवरी तक मध्य प्रदेश, बिहार और असम का दौरा करेंगे। इस यात्रा के दौरान वह कई प्रमुख कार्यक्रमों में शामिल होंगे, विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और कई योजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। सबसे पहले 23 फरवरी को प्रधानमंत्री मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले की यात्रा करेंगे, जहां वह दोपहर करीब 2 बजे बागेश्वर धाम चिकित्सा एवं विज्ञान



अनुसंधान संस्थान की आधारशिला रखेंगे। इस संस्थान का उद्देश्य कैंसर सहित गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है। संस्थान में अत्याधुनिक तकनीक और विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं मिलेंगी।

# इन मसालों में लजीज भोजन का छिपा है राज, स्वास्थ्य के लिए भी असरदार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत को 'मसालों का देश' कहते हैं। हमारी रसोई की आन,बान और शान हैं ये मसाले। उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम भारत तक इनकी महक फैली हुई है। अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण संघ (आईएसओ) की सूची में शामिल 109 में से करीब 75 भारत में ही पैदा किए जाते हैं। हमारे बाद तुर्किए फिर बांग्लादेश का नंबर आता है। मसाले न केवल स्वाद और खुशबू बढ़ाते हैं, बल्कि ये सेहत के लिए भी नेमत हैं। कुछ गरम मसाले ऐसे हैं जिन्हें हम भारतीय सुपर मसाले कहते हैं। यहां हम आपको पांच ऐसे सुपर मसालों के बारे में बताएंगे, जो आपके स्वास्थ्य को बेहतर रखने में मददगार साबित हो सकते हैं। साथ ही, इन नायाब मसालों से भोजन



### लौंग का सेवन करने से यह आपको बैक्टीरिया और वायरस से बचाएगी

लौंग की बात करें तो इसे चाय और भोजन से लेकर कई चीजों में इस्तेमाल किया जाता है। लौंग में हाई मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो इसे खास बनाते हैं। नियमित तौर पर लौंग का सेवन करने से यह आपको बैक्टीरिया और वायरस से बचाएगी। यह मसाला मुंह की सेहत के लिए भी फायदेमंद है, क्योंकि यह बैक्टीरिया को खत्म करता है और दांतों के दर्द में राहत पहुंचाता है। इसके अलावा, लौंग से पाचन क्रिया भी बेहतर होती है। जीरा भारतीय व्यंजनों में प्रमुखता से इस्तेमाल होता है। जीरे का स्वाद और खुशबू किसी भी व्यंजन में चार चांद लगा देती है। इसे दाल, करी, सजियों और चटनी के साथ इस्तेमाल किया जाता है। जब जीरा को अन्य मसालों जैसे धनिया, हल्दी, या मिर्च के साथ मिलकर उपयोग किया जाता है, तो यह एक खास ताजगी और मसालेदार स्वाद देता है। विशेषज्ञों का मानना है कि जीरा न केवल स्वाद बढ़ाता है, बल्कि यह शरीर के लिए फायदेमंद भी है। यह पाचन क्रिया को सुधारता है और गैस, अपच जैसी समस्याओं से राहत दिलाता है।

भी लजीज बनता है। जायफल न केवल एक शानदार स्वाद देता है, बल्कि यह सेहत के लिए भी अच्छा है। जायफल का सेवन नींद की समस्या से राहत दिलाता है और मानसिक शांति प्रदान करता है। यह पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है और गैस, अपच जैसी समस्याओं से भी छुटकारा दिलाता है।

दालचीनी न केवल स्वाद बढ़ाने के लिए प्रयोग होती है, बल्कि इसमें एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुण होते हैं। यह रक्त शर्करा (ब्लड शुगर) को नियंत्रित करने में मदद करती है और दिल की सेहत को भी लाभ पहुंचाती है। इसके सेवन से वजन नियंत्रण में भी मदद मिलती है। रसोई के दूसरे मसालों पर नजर डालें तो काली मिर्च गुणों की खान है। काली मिर्च को "मसालों का राजा" कहा जाता है। यह मसाला न केवल रसोई का अहम हिस्सा है, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिहाज से भी बेहद फायदेमंद है।

काली मिर्च का इस्तेमाल कई तरह के व्यंजनों में मसाले के तौर पर किया जाता है। वहीं, इसका इस्तेमाल आयुर्वेदिक औषधि के तौर पर भी किया जाता है। काली मिर्च पाचन को दुरुस्त रखने में मदद करती है। साथ ही, काली मिर्च में मौजूद विटामिन सी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। अगर आपके दांत में दर्द हो रहा है, तो काली मिर्च के इस्तेमाल से राहत मिल सकती है।

**आज का मैच**

भारत Vs पाकिस्तान

वेन्यू : दुबई

समय : दोपहर 2:30 बजे से



# चैंपियनयंस ट्रॉफी 2025






भारतीय टीम

**रोहित शर्मा (कप्तान),** शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, रवींद्र जाडेजा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव

# भारत की नजरें जीत पर, यदि पाकिस्तान हारा तो चैंपियंस ट्रॉफी से हो सकता है बाहर

**दुबई(आईएएनएस)।** भारत और पाकिस्तान के लिए चैंपियंस ट्रॉफी का यह संस्करण बिल्कुल अलग जा रहा है। पाकिस्तान को जहां पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड के हाथों करारी हार झेलनी पड़ी, तो भारत ने प्रतियोगिता का अभियान बांग्लादेश के खिलाफ जीत के साथ किया।

पाकिस्तान के लिए हालात ऐसे हैं कि जिस आईसीसी टूनार्मेंट के लिए उन्होंने करीब तीन दशकों का इंतजार किया, उसी इवेंट से उनपर महज चार दिनों में बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। उसपर से उनके इनफॉर्म और अकेले दम पर मैच का पासा पलटने वाले खब्बू बल्लेबाज फखर जमान भी प्रतियोगिता से चोट की वजह से बाहर हो गए हैं।

**2017 फाइनल का बदला लेने पर नजर**

परेशानियों से जूझ रहे पाकिस्तान के खिलाफ रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया - 8 साल पहले इंग्लैंड में पाकिस्तान के हाथों मिली चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल की हार का बदला लेने के फिराक में होगी। भारत के लिए राहत की बात यह भी है कि उस फाइनल में मैच के हीरो रहे जमान अब प्रतियोगिता से ही बाहर हैं। बांग्लादेश के खिलाफ भारत की गेंदबाजीऔर बल्लेबाजी दोनों में अच्छी परीक्षा रही थी। जहां एक समय अक्षर हैट्रिक के करीब थे तो मोहम्मद शमी ने भी पांच विकेट हॉल के साथ अपनेआईसीसी प्रेम को जारी रखा था। हालांकि विराट कोहली का सस्ते में आउट होना भारत को खला जरूर होगा, लेकिन शुभमन गिल की निरंतरता और रोहित शर्मा के आक्रामक इंटेट से हौसले बुलंद होंगे।

दुबई की धीमी पिच पाकिस्तान के लिए एक और इम्तिहान लेकर आएगी, जो उन्होंने खुद ही किया है। पाकिस्तान के दल में एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर अबरार अहमद ही हैं, इसके अलावा सलमान आगा और खुशदिल शाह के तौर पर स्पिन का विकल्प जरूर है लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ यह दोनों ही कुछ खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए थे।

दुबई की पिच पर एक बार फिर टॉस जीतने वाली टीम पहले बल्लेबाजी करने का फैसला कर सकती है, क्योंकि एक तो जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ेगा पिच और धीमी होती जाएगी। साथ ही साथ दुबई में जल्दी मैच शुरू होने की वजह से यहां ओस का असर भी बेहद कम दिखाई देगा। भारतीय अंतिम एकादश में कोई बदलाव हो, इसकी संभावना बेहद कम है क्योंकि अर्शदीप सिंह की जगह मिले मौके को हर्षित राणा ने दोनों हाथों से लपका था। कुलदीप यादव भले ही विकेट नहीं निकाल पाए थे लेकिन उनकी जगह वरुण चक्रवर्ती को क में खिलाया जाए, इसकी संभावना न के ही बराबर है। जमान की जगह दल में बाएं हाथ के ओपनर इमाम-उल-हक को शामिल किया गया है लेकिन उनके पास उस्मान खान का भी विकल्प है जो अब तक वनडे अंतर्राष्ट्रीय नहीं खेले हैं। ऐसे में पूरी उम्मीद है कि इमाम-उल-हक की ही वापसी होगी। इमाम-उल-हक ने आखिरी बार पाकिस्तान के लिए वनडे विश्व कप 2023 में वनडे खेला था।

**पाकिस्तान टीम**

इमाम-उल-हक, बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान (कप्तान और विकेटकीपर), सऊद शकील, सलमान आगा, तैयब ताहिर, खुशदिल शाह, शाहीन अफरीदी, नसीम शाह, अबरार अहमद, हारिस

**भयानक चूक**

## ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड मैच से पहले बजा भारत का राष्ट्रगान

**लाहौर(आईएएनएस)।** शनिवार को गद्दाफी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी मैच से पहले एक बड़ी चूक हुई, जिसमें ह्यएडवांस ऑस्ट्रेलिया फेयर (ऑस्ट्रेलिया का राष्ट्रगान) की जगह भारतीय राष्ट्रगान ह्यजन गण मन बजाया गया। जैसा कि आईसीसी आयोजनों में होता रहा है, हर मैच शुरू होने से पहले दोनों टीमों के राष्ट्रगान बजाए जाते हैं। इंग्लैंड के राष्ट्रगान ह्यगॉड सेव द किंग के बजने के बाद, एडवांस ऑस्ट्रेलिया फेयर बजाया जाना था। लेकिन, मैच स्थल पर मौजूद सभी लोगों को आश्चर्य हुआ, जब दो सेकंड के लिए भारतीय राष्ट्रगान बज गया। इस गलती को तुरंत सुधारा गया और ह्यएडवांस ऑस्ट्रेलिया फेयर बजाया गया। सोशल मीडिया पर क्रिकेट प्रेमियों ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की, जो इस बड़ी गलती पर खुद को हंसने से नहीं रोक पाए। ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड मैच से पहले राष्ट्रगान की गलती कुछ ऐसी है, जिसके बारे में मेजबान संस्था पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को समय आने पर स्पष्टीकरण देना होगा, साथ ही संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी करनी होगी। मैच की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने आठ टीमों के टूनार्मेंट के अपने पहले ग्रुप बी मैच में इंग्लैंड के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। दोनों टीमें उपमहाद्वीप में वनडे सीरीज में हार के बाद शनिवार के मैच में उतरी थीं। इंग्लैंड को भारत में 3-0 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने कोलंबो में अपने दोनों वनडे मैच श्रीलंका से गंवा दिए, जो मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी का हिस्सा नहीं है। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया दोनों को चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए अपने ग्रुप बी मैचों में कम से कम दो जीत की जरूरत है।

# चैंपियंस ट्रॉफी का सबसे बड़ा स्कोर बनाकर भी हारी इंग्लैंड

**लाहौर।** जोश इंग्लिश के शतक और मैथ्यू शॉर्ट की दमदार फिफ्टी से आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को रोमांच मुकाबले में रन से हरा दिया। लाहौर के गद्दाफी क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारने के बाद इंग्लैंड ने बेन डकेट के रिकॉर्ड शतक से 351 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में जोश इंग्लिश की दमदार बैटिंग से 47.3 ओवरों में लक्ष्य को हासिल कर किया। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने 5619 दिन के इंतजार को खत्म कर दिया। आखिरी बार चैंपियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड ने 5 अक्टूबर 2009 में कोई मैच जीता था। यह मुकाबला न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल की टक्कर थी। लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया के लिए जोश इंग्लिश ने 77 गेंद में अपना शतक पूरा किया। वनडे क्रिकेट में इंग्लिश का यह पहला शतक था। टीम के लिए इंग्लिश ने जुझारू पारी खेलते हुए नाबाद 120 रनों की बेहतरीन पारी खेली। अपनी इस पारी में इंग्लिश ने 86 गेंद का सामना करते हुए 8 चौके और 6 छक्के भी लगाए। जोश इंग्लिश से पहले ऑस्ट्रेलिया के लिए पारी में मैथ्यू शॉर्ट ने भी 66 गेंद 63 रनों का योगदान दिया। जोश इंग्लिश के साथ ग्लेन मैक्सवेल ने भी शानदार कैमियो पारी खेली। इंग्लैंड के खिलाफ इस रोमांचक टक्कर में शतक लगाने के साथ ही जोश इंग्लिश ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए एक खास रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया।



जोश इंग्लिश ऑस्ट्रेलिया के लिए क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में शतक लगाने वाले चौथे बल्लेबाज बने हैं। इंग्लैंड में ही जन्में जोश इंग्लिश ने लाहौर के गद्दाफी क्रिकेट स्टेडियम में अपनी शानदार पारी से टीम को जीत दिलाकर इतिहास रच दिया। जोश इंग्लिश को उनकी दमदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से भी नवाजा गया। ऑस्ट्रेलिया की इस जीत के साथ ही आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में एक नया कीर्तिमान भी बन गया। मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में सबसे बड़ा रनचेज करने का रिकॉर्ड अपने नाम किया है। सिर्फ इतना ही नहीं इंग्लैंड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए इस टूनार्मेंट का सबसे बड़ा टोटल बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया था, लेकिन कुछ ही घंटे में यह टूट गया है।

# गुलवीर सिंह ने 5000 मीटर इनडोर दौड़ में रचा इतिहास

**नई दिल्ली (हि.स.)।** हांग्जो एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता गुलवीर सिंह ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर ली है। उन्होंने बोस्टन में आयोजित बीयू टेरियर डीएमआर चैलेंज में पुरुषों की 5000 मीटर इनडोर दौड़ में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए चौथा स्थान प्राप्त किया।

26 वर्षीय भारतीय सेना के धावक गुलवीर ने 12:59.77 मिनट का समय निकाला और इस प्रतिस्पर्धा में चौथे स्थान पर रहे। स्पर्धा में अमेरिका के कोल हॉकर (12:57.82), कूपर टीयर (12:57.97) और ऑस्ट्रेलिया के जैक रेनर (12:59.43) ने क्रमशः शीर्ष तीन स्थान हासिल किए।

गुलवीर के इस शानदार प्रदर्शन ने न सिर्फ राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा, बल्कि यह 5000 मीटर इनडोर शॉर्ट ट्रैक में नया एशियाई रिकॉर्ड भी बन गया।

**पिछले हफ्ते भी तोड़ा था रिकॉर्ड**

इससे पहले गुलवीर सिंह ने पिछले हफ्ते ही पुरुषों की 3000 मीटर इनडोर दौड़ में 16 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया था। उन्होंने 7:38.26 मिनट का समय निकालकर दूसरे स्थान पर रहते हुए 2008 में सुरेंद्र सिंह द्वारा बनाए गए 7:49.47 मिनट के पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। गुलवीर सिंह की इन उपलब्धियों ने भारतीय एथलेटिक्स में नई ऊर्जा भर दी है और वह भविष्य में और भी नए कीर्तिमान स्थापित करने की ओर बढ़ रहे हैं।



# स्पेन ने रोमांचक मुकाबले में बेल्जियम को 3-2 से हराया

**मैड्रिड (हि.स.)।** यूईएफए महिला नेशंस लीग में स्पेन ने शुक्रवार को रोमांचक मुकाबले में बेल्जियम को 3-2 से हरा दिया। मैच के अंतिम क्षणों में दो गोल दागकर स्पेन ने शानदार वापसी की। घरेलू मैदान पर खेल रही स्पेनिश टीम 2-0 से पिछड़ रही थी, लेकिन लूसिया गार्सिया और क्रिस्टीना मार्टिन-प्रीटो ने 92वें और 96वें मिनट में गोल कर टीम को जीत दिलाई। बेल्जियम ने 18वें मिनट में टेसा वुलार्ट के क्रॉस पर स्पेन की आइरीन पेरेडेस के कमजोर क्लीयरेंस का फायदा उठाते हुए मरियम टोलोबा के गोल से बढ़त बना ली। पहले हाफ में स्पेन ने कई मौके बनाए, लेकिन बेल्जियम की गोलकीपर एवरार्ड ने शानदार बचाव करते हुए ऐलेक्सांद्री और अल्बा रेडोंडो के प्रयासों को नाकाम कर दिया।

**दूसरे हाफ में बेल्जियम का दूसरा गोल**

स्पेन ने गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा, लेकिन बेल्जियम की रक्षापंक्ति ने मजबूती से डटे रहकर उन्हें गोल से वंचित रखा। 72वें मिनट में वुलार्ट ने ऑफसाइड ट्रैप को भेदते हुए पिच के आधे हिस्से को पार कर गोल कर बेल्जियम को 2-0 की बढ़त दिला दी।

**स्पेन की धमाकेदार वापसी**

स्पेन के लिए 77वें मिनट में क्लाउडिया पिना ने पहला गोल किया, जिससे टीम को वापसी का आत्मविश्वास मिला। इसके बाद 92वें मिनट में सलमा पैरालुएलो और लूसिया गार्सिया की साझेदारी से स्पेन ने बराबरी का गोल किया।

## दिल्ली प्रीमियर लीग: सीआईएसएफ, डीएफसी और गढ़वाल का दावा मजबूत



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** तीसरी डीएसए प्रीमियर लीग का खिताब किसके सिर सजेगा फिलहाल कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी लेकिन इतना तय है कि यदि कोई बड़ी उठा पटक नहीं हुई तो केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), दिल्ली एफसी और गढ़वाल हीरोज एफसी में से कोई खिताब ले उड़ेगा 'अंक तालिका में सीआईएसएफ 19 मैच खेल कर 41 अंकों के साथ टॉप पर है ' दिल्ली एफसी औ? गढ़वाल ने 17 मैच खेले हैं और दोनों के 35 अंक हैं ' रॉयल रेंजर्स और सुदेवा दिल्ली भी ज्यादा पीछे नहीं हैं ' रॉयल और सुदेवा के क्रमशः 15 औश्र 16 मैचों में 28 औ? 27 अंक हैं ।टीमों में तरुण संघा, वाटिका, नेशनल यूनाइटेड, फ्रेंड्स यूनाइटेड और हिन्दुस्तान एफसी खतरनाक जोन से लगभग बाहर हैं।

**व्यापार/लाइफ व साइंस**

# केंद्र ने कोचिंग सेंटरों पर कसी नकेल, छात्रों को 1.56 करोड़ रुपये रिफंड दिलाया

**नई दिल्ली(हि.स.)।** केंद्र सरकार के उपभोक्ता मामलों के विभाग (डीओसीए) ने शिक्षा क्षेत्र में 600 से अधिक उम्मीदवारों और छात्रों के लिए ?1.56 करोड़ की राशि का रिफंड सफलतापूर्वक प्राप्त किया है। सिविल सेवा, इंजीनियरिंग कोर्स और अन्य कार्यक्रमों के लिए कोचिंग सेंटरों में नामांकित इन छात्रों को पहले कोचिंग संस्थानों द्वारा निर्धारित नियमों और शर्तों का पालन करने के बावजूद उचित रिफंड से वंचित किया गया था। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अनुसार यह राहत छात्रों द्वारा राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) के माध्यम से दर्ज की गई शिकायतों के माध्यम से संभव हुई, जिसने



विवाद समाधान के लिए एक सुव्यवस्थित प्रक्रिया की सुविधा प्रदान की। विभाग द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई ने छात्रों को अधूरी सेवाओं, देरी से कक्षाओं या रद्द किए गए पाठ्यक्रमों के लिए मुआवजा प्राप्त करने में मदद की है। अपने निर्णायक निर्देश में उपभोक्ता मामलों के विभाग ने सभी कोचिंग सेंटरों को छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाने का निर्देश दिया है, जिसमें छात्रों के वित्तीय हितों की रक्षा के लिए स्पष्ट, पारदर्शी रिफंड नीतियों को अनिवार्य किया गया है। राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन छात्रों और न्याय की तलाश में उम्मीदवारों को सशक्त बनाने में एक महत्वपूर्ण संसाधन साबित हुई है। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से व्यक्ति बिना किसी लंबी कानूनी लड़ाई के मुद्दों को हल करने में सक्षम थे, जिससे समय और ऊर्जा की बचत हुई और साथ ही निष्पक्ष परिणाम सुनिश्चित हुए। मुकदमेबाजी से पहले की अवस्था में शिकायतों का समाधान करके एनसीएच ने विवादों को बढ़ने से रोकने में मदद की है और औपचारिक कानूनी कार्यवाही के लिए एक प्रभावी और सुलभ विकल्प प्रदान किया है। यह सेवा विशेष रूप से छात्रों के लिए फायदेमंद साबित हुई है, जिनके पास अब अपने हितों की रक्षा करने के लिए एक भरोसेमंद रास्ता है। इस पहल के हिस्से के रूप में डीओसीए छात्र अधिकारों की वकालत करना जारी रखता है और समान मुद्दों का सामना करने वाले सभी छात्रों को त्वरित समाधान के लिए राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन प्लेटफॉर्म का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

## स्विगी का वैल्यूएशन अपने उच्चतम स्तर से 50 प्रतिशत घटा



**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** देश की दिग्गज फूड डिलीवरी और क्विक कॉमर्स कंपनी स्विगी के वैल्यूएशन में बड़ी गिरावट देखने को मिली है और यह अपने उच्चतम स्तर से 50 प्रतिशत कम हो गया है। इससे निवेशकों के 50,000 करोड़ रुपये से ज्यादा डूब गए हैं। नवंबर 2024 में आईपीओ आने के बाद स्विगी का वैल्यूएशन दिसंबर 2024 तक बढ़कर 1,32,800 करोड़ रुपये (16 अरब डॉलर) हो गया था। इसके बाद 21 फरवरी, 2025 तक यह गिरकर 81,527 करोड़ रुपये (9.82 अरब डॉलर) रह गया है, जो वैल्यूएशन में 51,273 करोड़ रुपये की गिरावट के दशार्ता है। कंपनी का वैल्यूएशन शेयर बाजार में लिस्टिंग के समय 12.7 अरब डॉलर था। स्विगी के शेयर की लिस्टिंग नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 420 रुपये और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 412 रुपये पर हुई थी। हालांकि, गिरावट के कारण अब शेयर 360 रुपये पर आ गया है। इस साल की शुरूआत से लेकर अब तक स्विगी के शेयर में 33 प्रतिशत से अधिक की गिरावट हो चुकी है। वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में उम्मीद से कमजोर नतीजे पेश करने के कारण स्विगी के शेयर में गिरावट देखी जा रही है। कंपनी ने अक्टूबर-दिसंबर अवधि में 799.08 करोड़ रुपये का घाटा दर्ज किया था, जबकि पिछली तिमाही में यह 625.53 करोड़ रुपये पर था। शेयर में गिरावट की वजह आईपीओ के बाद शेयर पर लगने वाले लॉक-इन पीरियड का खत्म होना भी है। 29 जनवरी को 2.9 मिलियन शेयरों का अनलॉक खत्म हुआ था।

## घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या जनवरी में 14.5 प्रतिशत बढ़कर 1.5 करोड़ रही

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** भारत में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या जनवरी में 1.5 करोड़ रहने का अनुमान है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। जनवरी 2025 में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या में मासिक आधार पर 0.7 प्रतिशत और पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 14.5 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है। आईसीआरए की रिपोर्ट में बताया गया कि एयरलाइन ट्रैफिक इस साल जनवरी में प्री-कोविड स्तर (जनवरी 2020) के आंकड़े से 17.9 प्रतिशत अधिक था। रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 25 के पहले 10 महीनों (अप्रैल 2024 से लेकर जनवरी 2025 तक) में कुल 13.72 करोड़ यात्रियों ने घरेलू मार्गों पर उड़ान भरी है। इसमें सालाना आधार पर 7.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है और यह वित्त वर्ष 20 के प्री-कोविड स्तरों से 13 प्रतिशत अधिक है। जनवरी में भारतीय विमान कंपनियों में अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात का प्रदर्शन भी मजबूत रहा है। वित्त वर्ष 2025 के पहले नौ महीनों में विमानों में अंतरराष्ट्रीय ट्रैफिक 2.48 करोड़ यात्रियों तक पहुंच गया, जो सालाना आधार पर 14.5 प्रतिशत की वृद्धि और पूर्व-कोविड स्तरों की तुलना में 41.7 प्रतिशत की वृद्धि को दशार्ता है।

## भारत का पेंशन एयूएम 2030 तक बढ़कर 118 लाख करोड़ रुपये हो जाएगा

**मुंबई(आईएएनएस)।** भारत का पेंशन एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) 2030 तक बढ़कर 118 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है और इसमें नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) की हिस्सेदारी 25 प्रतिशत के करीब हो सकती है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। एनपीएस प्राइवेट सेक्टर एयूएम में मजबूत वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है और यह पिछले पांच वर्षों में 227 प्रतिशत बढ़कर 2,78,102 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि पहले 84,814 करोड़ रुपये था। डीएसपी पेंशन फंड मैनेजर्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की बुजुर्ग आबादी 2050 तक 2.5 गुना होने का अनुमान है।

## देश में वित्तीय समावेशन में बड़ी भूमिका निभा रहा यूपीआई

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) की देश में वित्तीय समावेशन को बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहा है और वित्त वर्ष 24 में भारत में हुए पांच डिजिटल लेनदेन में से चार यूपीआई के माध्यम से हुए थे। देश के सभी डिजिटल लेनदेन में यूपीआई की हिस्सेदारी बढ़कर 84 प्रतिशत हो गई है। फिनटेक कंसल्टिंग और एडवाइजरी फर्म द डिजिटल फिफ्थ की रिपोर्ट में कहा गया कि यूपीआई एक पेमेंट सिस्टम से कहीं अधिक है और भारत के लिए यह एक पूरे इकोसिस्टम के रूप में काम करता है। द डिजिटल फिफ्थ के संस्थापक और सीईओ समीर सिंह जैनी ने कहा, यूपीआई प्रति माह 16 अरब लेनदेन हैंडल करता है और 2030 के अंत तक इसके 3 गुना बढ़ने का अनुमान है। ऐसे में मजबूत बुनियादी ढांचे की भूमिका सर्वोपरि हो जाती है। उन्होंने आगे कहा कि रियल-टाइम में धोखाधड़ी का पता लगाना, क्लाउड-नेटिव आर्किटेक्चर और स्केलेबल, डुअल-कोर स्विच अब वैकल्पिक नहीं हैं।

# महिलाओं, किसानों व गरीबों के लिए सर्व समावेशी बजट है : अन्नपूर्णा

*माध्यम वर्गीय के लिए पहली बार किसी सरकार ने सोचा है*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा द्वारा गांधीनगर कॉन्फ्रेंस हॉल में महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती सिंह के नेतृत्व में बजट पर चर्चा आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री महिला एवं बाल बिकास अन्नपूर्णा देवी उपस्थित रही। इस कार्यक्रम में अतिथि जनरल मैनेजर रेखा पाण्डेय एवं कबिता गुप्ता, सीनियर मैनेजर तेजविंद्र सिंह गांधीनगर उपस्थित रहें। कार्यक्रम में बुद्धिजीवी, प्रोफेसर, डॉक्टर, शिक्षक, शशक्त वर्ग के सैकड़ों लोगों ने शिरकत किया। सभी ने इस कार्यक्रम को सराहा और खुशी जाहिर की। मुख्य अतिथि ने कहा कि यह बजट महिलाओं, युवाओं, किसानों गरीबों के लिए सर्व समावेशी बजट है। महिलाओं के लिए सशक्तीकरण के बढ़ावा के लिए यह बजट सहयोगी के रूप में है।

माध्यम वर्गीय के लिए पहली बार किसी सरकार ने सोचा है। बच्चों के पोषण के लिए, स्वास्थ के लिए पढ़ाई के लिए ध्यान रखा गया है। अटल टिंकरिग लैब का प्रावधान है। झारखंड के लिए 70302 करोड़ का रिकॉर्ड बजट दिया गया है। अन्नदाता के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान रखें गए हैं, धन धान्य कृषि योजना, बीमा कवरेज दिया गया, कौशल विकास, निवेश और तकनीक के माध्यम से नए रोजगार पैदा किए जाएंगे। कराधान, ऊर्जा क्षेत्र, शहरी विकास, वितीय क्षेत्र नियामक सुधार ओर खनन का व्यापक छह आयामी दृष्टिकोण पर आधारित है। मध्यम वर्ग को बनाने के लिए 12 लाख के आय पर कर छूट दे रही है।

आरती सिंह ने कहा कि यह बजट महिलाओं की प्रथमिकता देते हुए 5 लाख महिलाओं को उद्यम से जोड़ने का प्रावधान करना बहुत ही सराहनीय है। इंफ्रास्ट्रक्चर आधारित दीर्घकालिक विकास को बढ़ाकर विकसित भारत की मजबूत नीव रखने का कार्य किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जो कि पिछली कॉंग्रेस की सरकार में सबसे निचली पायदान से पांचवी पर थी। ये मोदी नीति की सबसे बड़ी उपलब्धि है। रेखा पांडेय ने कहा महिलाओं के लिए अनुकूल बजट है।

मौके पर कार्यक्रम प्रभारी सूचिता सिंह, तेजविंद्र सिंह, नीलम चौधरी, महिला मोर्चा महामंत्री सीमा सिंह, रेनू तिर्की, उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, कोषाध्यक्ष लवली गुप्ता, मीडिया प्रभारी कुमुद झा, सोनी, शीतल वर्मा, हंसा श्रीवास्तव, प्रदेश कार्यसमिति माया सिसोदिया, निशि जायसवाल,एवं पायल सोनी उपस्थित रही।

# सात लोगों की हत्या मामले में दोषी 4 अभियुक्तों को आजीवन कारावास

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** खस्सी चोरी के विवाद को लेकर 20 साल पूर्व एक ही परिवार को सात लोगों की मौत के घाट उतारने के जुर्म में दोषी करार चारों अभियुक्तों को अदालत ने उम्र कैद की सजा सुनाई है। साथ ही 7 हजार रुपए जुर्माना लगाया है। अपर न्यायायुक्त प्रथम की अदालत ने शनिवार को दोषी हरि महतो, विनोद महतो, टुसू नायक और झरिया महतो उर्फ झरिया मुंडा को उम्र कैद की सजा सुनाई। अदालत ने 20 फरवरी को दोषी करार दिया था। घटना का अंजाम 27 फरवरी 2005 की रात्रि 10 बजे दी गई थी। जब वह परिवार के सदस्यों के साथ सो रहे थे। घटना को लेकर प्रकाश महतो ने धुर्वा (तुपुदाना) थाना में कांड संख्या 42/2005 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी। सुनवाई के दौरान प्रकाश महतो का ही बयान अहम रहा। विवाद को लेकर अभियुक्तों ने एक मत होकर सूचक प्रकाश महतो के पिता मोहन महतो उर्फ बीरबल, उसकी सौतेली मां मंगरी देवी, उनकी नानी सोमारी देवी के साथ चार मासूम बच्चे आलोक महतो, अनिल महतो, सुनील महतो और उपेंद्र महतो की हत्या टांगी, बुलआ और डबली से मारकर हत्या कर दी थी।

**कुछ इस तरह दिया गया था घटना का अंजाम :** विवाद को लेकर 27 फरवरी 2005 की रात्रि 10 बजे 16-17 लोगों ने मृतक के घर पर हमला बोल दिया था। सभी लोग अचानक घर पहुंचे और बंद दरवाजा को पीटने लगे। बार-बार दरवाजा खोलने को कह रहा था। जब नहीं खोला गया तो कुछ लोग झोपड़ी पर चढ़ गए। झोपड़ी के खप्पड़े को नुकसान पहुंचाया गया। साथ ही कुछ लोग दरवाजे पर धारदार हथियार से लगातार वार कर रहे थे। जिससे दरवाजा टूट गया। सबसे पहले आरोपियों ने जल रहे दीया को बंद किया और एक-एक करके मौत का घाट उतार दिया।

### नगर निकाय चुनाव

# ट्रिपल टेस्ट प्रक्रिया लागू करे सरकार : डॉ देवशरण भगत



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी मुख्यालय, हरमू, रांची में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस प्रेस वार्ता को पूर्व विधायक लंबोदर महतो एवं केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने संबोधित किया। पूर्व विधायक लंबोदर महतो ने संवाददाताओं से कहा कि राज्य सरकार की मनमानी नीतियों के कारण पिछड़ा वर्ग के संवैधानिक अधिकारों का हनन हो रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर निकाय चुनावों में 'ट्रिपल टेस्ट' प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता के साथ लागू किया जाना चाहिए, ताकि सामाजिक न्याय और समानता के सिद्धांतों की रक्षा हो सके। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने नगर निकाय चुनावों के लिए ट्रिपल टेस्ट कराने का निर्देश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग को दिया है, किंतु आयोग में अध्यक्ष का पद रिक्त है। इस स्थिति में किया जा रहा सर्वेक्षण केवल औपचारिकता बनकर रह गया है, और फोन पर किए जा रहे इस अव्यवस्थित सर्वेक्षण की पारदर्शिता संदेह के घेरे में है। झारखंड में पूर्ववर्ती पंचायत निकाय चुनावों में मुखिया, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य आदि पदों पर पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण था। किंतु, हाल ही में संपन्न पंचायत चुनावों में राज्य सरकार ने मनमाने ढंग से यह आरक्षण समाप्त कर दिया, जिससे 10,500 से अधिक पदों पर पिछड़ों के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन हुआ। यह निर्णय न केवल सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध है, बल्कि पिछड़े वर्गों के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को समाप्त करने का एक प्रयास भी है। इस अन्याय के खिलाफ आजसू पार्टी के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका सं. 239/22 दायर की। इस याचिका की सुनवाई के दौरान, राज्य सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय को अपने शपथ पत्र के माध्यम से आश्वस्त किया कि भविष्य में कोई भी नगर निकाय अथवा पंचायत चुनाव ट्रिपल टेस्ट प्रक्रिया को पूरा किए बिना नहीं कराया जाएगा।

### कोल्हान प्रमंडल के सभी जिला कार्यकर्ताओं के साथ हुई बैठक

# कांग्रेस के डीएनए में आदिवासी और मूलवासी हैं : के. राजू

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी के.राजू शनिवार को कोल्हान प्रमंडल मुख्यालय चाईबासा पहुंचे उन्होंने कांग्रेस भवन चाईबासा में कोल्हान प्रमंडल के तीनों जिला पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला- खरसावां और पूर्वी सिंहभूम के प्रखंड/नगर और मंडल के अध्यक्षों के साथ चाईबासा कांग्रेस भवन में बैठ किया। बैठक की अध्यक्षता पश्चिमी सिंहभूम के जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर दास ने किया। पार्टी के नेता- कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक नृत्यों से उनका जोरदार स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रभारी के.राजू ने कहा कि कांग्रेस के डीएनए में आदिवासी और मूलवासी है।

यह नहीं सोचना है कि दूसरी पार्टी उन्हें आगे लेकर जाएगी, आदिवासी- मूलवासी को कांग्रेस आगे लेकर जाएगी। उन्होंने कहा कि झारखंड में झामुमो को सपोर्ट करें, लेकिन कांग्रेस की अपनी एक पहचान है। झारखंड के ही बेटे जयपाल सिंह मुंडा ने कांग्रेस का दामन थामा था, उनकी सोच को पूरा कर सकते हैं। कांग्रेस प्रभारी राजू ने नेता और




कार्यकर्ताओं को पांच मंत्र दिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सम्मान, संगठन की मजबूती, युवा व महिला नेताओं को मौका, एससी-एसटी-ओबीसी व अल्पसंख्यक समुदाय से नेता बनाना और सरकार व संगठन के बीच बेहतर तालमेल के साथ जनता से किए वायदे को पूरा करना शामिल है।

### मोहल्ले तक संगठन को ले जाना है : केशव

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 2025 संगठन सृजन का वर्ष है और हमें संगठन की अंतिम इकाई तक को मजबूत करना है। हम जिन ग्राम, वार्ड, मोहल्ले में रहते हैं, उस स्तर तक संगठन को लेकर जाना है।

### जातीय जनगणना को राशि आंटित करने का प्रस्ताव : प्रदीप यादव

कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि राज्य में जातीय जनगणना, ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण सबसे प्रमुख मुद्दा है। वर्तमान बजट में जातीय जनगणना के लिए राशि का आवंटन करने का प्रस्ताव राज्य सरकार को दिया गया है।

### कांग्रेस नेताओं का होगा सोशल ऑडिट : राजेश कच्छप

कांग्रेस विधायक दल के उप नेता राजेश कच्छप ने कहा कि के. राजू ने देश में कार्यों के सोशल ऑडिट की शुरूआत की थी। झारखंड में भी सोशल ऑडिट होगा, सभी नेताओं के कार्यों का सोशल ऑडिट किया जाएगा। किन नेताओं का संगठन और जनता के हित में क्या योगदान रहा, इसकी पूरी जानकारी नए प्रभारी जुटाकर रखेंगे। संगठन में ईमानदारी पूर्वक काम करना है। संगठन आगे बढ़ेगा तो हम आगे बढ़ेंगे।

### जनता के लिए कांग्रेस हमेशा आगे बढ़कर काम करती है : सोनाराम सिंकु

जगन्नाथपुर विधायक सोनाराम सिंकु ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए कार्यकताओं को हमेशा हमारी तरफ से सहयोग मिलता रहेगा। संगठन की मजबूती से ही हम सभी आज इस मुकाम तक पहुंचे है। संगठन में काम करने का परिणाम संगठन ने हमें दिया है। जनता के लिए कांग्रेस हमेशा आगे बढ़कर काम करती है।

# डीएसपी मुख्यालय वन कार्यालय में तैनात 5 जवानों का कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कार्य में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों पर रांची डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा ने कार्रवाई करते हुए डीएसपी मुख्यालय वन में तैनात चार पुलिसकर्मियों का तबादला कर दिया। इन्हें सीसीआर सिटी पेट्रोलिंग में लगाया गया है। सतीश तिवारी, राकेश पांडेय, अतुल ओझा और फुलेंद्र कुमार का ट्रांसफर कर इन्हें नवप्रतिनियुक्त स्थल पर योगदान देने को कहा गया है।




धनंजय कुमार को सदर डीएसपी कार्यालय में लगाया गया है। वहीं, सदर डीएसपी कार्यालय में पदस्थापित प्यारेलाल साहू को डीएसपी मुख्यालय वन कार्यालय में भेजा गया है। एसएसपी ने इससे संबंधित आदेश शुक्रवार देर शाम जारी कर दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबित डीएसपी मुख्यालय वन में पदस्थापित सभी पुलिसकर्मियों द्वारा पैसे लेने की शिकायत एसएसपी को मिली थी।

# सरकार के साथ सामंजस्य स्थापित कर राज्य के विकास को गति दे : विनोद कुमार पांडेय



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के द्वारा आयोजित संवाद-2 कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय थे। इस कार्यक्रम मे एफजेसीसीआई के अध्यक्ष परेश गट्टानी, सचिव आदित्य मल्होत्रा, कार्यक्रम संयोजक शैलेश अग्रवाल एवं अमित शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे चेंबर से जुड़े उद्यमियों की समस्याओं और सुझावों को विनोद कुमार पांडेय ने गंभीरतापूर्वक सुना और सरकार के साथ सामंजस्य स्थापित कर राज्य के विकास के लिए उद्यमिता को बढ़ावा देकर आर्थिक विकास को गति प्रदान करना है। इस दिशा मे सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों को बताया।

## एक नजर

### विधानसभा सत्र को लेकर निषेधाज्ञा जारी

**रांची।** नए विधान सभा भवन में षष्ठम झारखंड विधानसभा का द्वितीय (बजट) सत्र सभा-वेशम, में 24 फरवरी से 27मार्च तक आहूत है। उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक के संयुक्तादेश में निहित निर्देश के आलोक में विधान सभा परिसर के 750 मीटर के दायरे में (उच्च न्यायालय परिसर को छोड़कर) किसी तरह के जुलूस, रैली, प्रदर्शन, घेराव आदि आयोजित नहीं किए जा सकेंगे। इसके मद्देनजर सुरक्षा के दृष्टिकोण से विधान सभा सत्रावधि के लिए अनुमंडल दण्डाधिकारी, सदर द्वारा बीएनएसएस की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए झारखंड विधान सभा (नया विधान सभा) परिसर के 750 मीटर के दायरे (उच्च न्यायालय परिसर को छोड़कर) में निषेधाज्ञा जारी की गई है।

### छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करना बंद करे राज्य : ओम वर्मा

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहा कि झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा की साइंस और हिंदी की प्रश्न पत्र लीक होना अति दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि छात्रों को भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रही है राज्य में कोई भी परीक्षाएं आयोजित होती है तो प्रश्न पत्र लीक हो जाता है। दसवीं की विज्ञान और हिंदी की परीक्षा प्रश्न पत्र लीक होना यह राज्य सरकार और जैक की विफलता का परिचय है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, चेतन प्रकाश, अजित कुमार, ज्योत्सना केरकेट्टा, जमाल गद्दी, राजेश सिंह, पवन सिंह, सक्षम झा, तौफीक एरिक, यस साहू, सचित रंजन, अभीत कुमार, ताबिश अली इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# सुलहनीय मामलों का हो त्वरित निष्पादन : दिवाकर पांडे

*चेक अनादरण के कुल 1503 मामलों का हुआ निष्पादन*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के मार्गदर्शन में आयोजित होनेवाले विवाह एवं चेक अनादरण से संबंधित विशेष लोक अदालत का उदघाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष दिवाकर पांडेय, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय एसएस फातमी, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शम्भु प्रसाद अग्रवाल, महासचिव संजय विद्रोही समेत व्यावहर न्यायालय के अपर न्यायायुक्त, न्यायिक पदाधिकारी, न्यायिक दंडाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

मंच का संचालन डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने किया। उदघाटन भाषण रांची जिला बार



एसोसिएशन के महासचिव संजय कुमार विद्रोही ने दिया। उन्होंने कहा कि रांची लोक अदालत के मामलों पर हमेशा अव्वल रहा है और हमेशा रहेगा। उन्होंने सभी न्यायिक पदाधिकारियों से अनुरोध किया कि वैसे सुलहनीय मामले जो आपके न्यायालय में लंबित है, उनके निष्पादन के लिए आप लोक अदालत का प्रतीक्षा न करे, आप उस मामले को अपने न्यायालय से भी सीधे तौर पर निष्पादन कर सकते है एवं दोनों पक्षकारों को मध्यस्थता के लिए आग्रह कर मध्यस्थता केंद्र में भी भेज सकते है, इससे न्यायालय में लंबित मामलों का बोझ घटेगा।

न्यायायुक्त, दिवाकर पांडे ने कहा कि वादों के निस्तारण में मध्यस्थ एवं अधिवक्ताओं की भूमिका अहम है। रांची जिला बार एसोसिएशन के समस्त अधिवक्ताओं का सहयोग लोक अदालत में वादों के निस्तारण में साकारात्मक सहयोग मिलता रहा है। उन्होंने उपस्थित न्यायिक पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि स्वयं पहल कर सुलहनीय मामलों का त्वरित निष्पादन करें।

ज्ञात हो कि शनिवार को आयोजित होनेवाले विवाह एवं चेक अनादरण से संबंधित विशेष लोक अदालत के लिए 18 बैंच का गठन किया गया। इस विशेष लोक अदालत में चेक अनादरण संबंधित कुल 1503 वादों का निष्पादन किया गया एवं 3,26,91,121/- (तीन करोड़ छब्बीस लाख ईकानबे हजार एक सौ एक्कीस) रूपयों का सेटलमेंट किया गया। इसके अलावा विवाह से संबंधित 307 वादों का निस्पादन भी इस विशेष लोक अदालत में किया गया। यह भी ज्ञात हो कि विशेष लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु प्री-लोक अदालत की बैठकें 17 से 21 फरवरी तक चली थी। विशेष लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए पूर्व से ही वादकारियों को नोटिस भेजा जा रहा था। न्यायायुक्त के निर्देश पर डालसा सचिव के द्वारा व्यवहार न्यायालय, रांची के न्यायिक दंडाधिकारियों, पुलिस प्रशासन, बैंक के अधिकारी तथा प्रतिनिधियों के साथ कई बैठकों का आयोजन किया गया था जिससे कि अधिक से अधिक लंबित वादों का निस्तारण हो सके।

# शिव ही परम पुनीत हैं, शिव सांचे मनमीत : डॉ इरफान अंसारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मिहिजाम के कांगोई में आयोजित भव्य शिव मंदिर स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह में झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी उपस्थित हुए। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालु एकत्र हुए और पूरे आयोजन में भक्तिमय वातावरण का संचार हुआ। मंत्री ने स्वयं अपने हाथों से श्रद्धालुओं को प्रसाद एवं भोग वितरित किया और उनके साथ घनिष्ठता से समय बिताया। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से संवाद स्थापित किया एवं उनका हाल-चाल जाना। प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत भंडारे एवं महाप्रसाद का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने भव्य शिव मंदिर जनता को समर्पित करते हुए कहा, शिव करुणा के स्रोत हैं, शिव से करिए प्रीत। शिव ही परम पुनीत



*संकीर्ण सोच से बाहर आएं योगी, हम संस्कृत का सम्मान करते हैं*

हैं, शिव सांचे मनमीत। उन्होंने यह संदेश देकर समाज में धार्मिक सौहार्द्र और भक्ति भाव को प्रोत्साहित किया। साथ ही कहा कि आस्था और एकता से बड़ा कोई धर्म नहीं होता, और यही हमारी संस्कृति की सच्ची पहचान है।इस अवसर पर अपने संबोधन में मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा, यही हमारे जामताड़ा की खूबसूरती है कि हम सभी धर्मों एवं संप्रदायों का सम्मान करते हैं और सौहार्द्र एवं भाईचारे की भावना से मिल-जुलकर रहते हैं। जनता ने मुझे तीसरी बार विधायक बनाकर यह सिद्ध किया है कि वे मेरी नीतियों और कार्यों में विश्वास रखते हैं। मैं हर सुख-दुख में जनता के साथ खड़ा रहता हूं और आगे भी इसी तरह उनकी सेवा करता रहूंगा। मंत्री ने समाज में एकता एवं सौहार्द्र का संदेश देते हुए कहा कि जात-पात से ऊपर उठकर मानवता को अपनाना ही सच्ची सेवा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि योगी आदित्यनाथ जैसे लोगों के अनर्गल बयानबाजी से जामताड़ा की जनता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। मंत्री ने बताया कि उन्होंने स्वयं कई मंदिरों के निर्माण कार्य में सहयोग दिया है और इस पुण्य कार्य में सम्मिलित होकर गर्व महसूस करते हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को संदेश देते हुए कहा कि योगी को जात-पात से ऊपर उठकर एकता का संदेश देना चाहिए, समाज को विभाजित करने की राजनीति उचित नहीं है। मंत्री इरफान ने योगी आदित्यनाथ पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि एक तरफ वह उर्दू भाषा को गाली देने का काम कर रहे हैं, जबकि दूसरी तरफ हम संस्कृत भाषा का सम्मान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि योगी जी को अपनी संकीर्ण और छोटी सोच से बाहर आना चाहिए और समाज में नफरत फैलाने की राजनीति बंद करनी चाहिए। उन्होंने दो टूक कहा कि इरफान अंसारी चुप नहीं बैठेगा और ना ही सिर्फ तमाशा देखेगा। बल्कि हर संभव तरीके से इस जहरीली राजनीति का विरोध करेगा। मंत्री ने संकल्प लिया कि जामताड़ा की सुख-शांति और सौहार्द्र को किसी भी स्थिति में भंग नहीं होने देंगे और समाज को समरसता एवं विकास के पथ पर आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

## पृष्ठ एक के शेष

**आक्रोशित ग्रामीणों ने...**

लेकिन परिजन व ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दीपू कुमार अपने साइकिल से जपला की ओर से आ रहा था। इस क्रम में दंगवार की तरफ से आ रही तेज रफ्तार मिनी ट्रक को देखकर वह साइकिल से उतरकर सड़क किनारे खड़ा हो गया, लेकिन तेज रफ्तार ट्रक ने उसे कुचलते हुए कुछ दूर आगे निकल गया।

**हादसे में युवक की मौत, आक्रोशित...**

चचेरी बहन अदिति कुमारी को हुसैनाबाद से इंटर की परीक्षा दिलाकर बाइक से वापस घर लौट रहा था। इस दौरान पिपरा-जपला मुख्य मार्ग पर तेंदुई मोड़ सुखनदिया के समीप अनियंत्रित हाइवा के चपेट में आने से हिमांशु कुमार की मौत हो गई थी। उसकी चचेरी बहन अदिति गंभीर रूप से जख्मी हो गई थी। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने हाइवा को फूंक दिया था। ग्रामीणों केआक्रोश को देखते हुए छतरपुर डीएसपी अवध यादव, सर्किल इंस्पेक्टर द्वारिका राम, बीडीओ विनय कुमार, सीओ जितेंद्र कुमार, हरिहरगंज थाना प्रभारी चंदन कुमार, पिपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार, पथरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार सहित पुलिस बल मौजूद थे। अधिकारियों व आंदोलनकारियों के बीच वार्ता के बाद माइंस प्रबंधन द्वारा मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने, घायल युवती के इलाज का संपूर्ण खर्च वहन करने, विद्यालय आने जाने के समय तथा सप्ताहिक हाट बुधवार को हाइवा ट्रक सहित भारी वाहनों का परिचालन बंद रखने के आश्वासन के बाद शाम चार बजे सड़क जाम हटाया गया। आंदोलन में पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, प्रखंड प्रमुख विक्रांत यादव,संदीप पासवान, विकास तिवारी,रामाशीष पासवान,राजन सिंह, रंजीत गुप्ता, राजेन्द्र यादव, चितरंजन बौद्ध, कुंजबिहारी गुप्ता, कमल मिश्रा,नीरज गुप्ता सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे।

**झारखंड विधानसभा का बजट...**

दिन की जगह 2 दिन तक डिबेट हो। अनुदान मांगों पर 11 दिन की बजाए 10 दिन बहस होगी। झारखंड सरकार 3 मार्च 2025 को सदन में बजट पेश करेगी। 4 और 5 मार्च को बजट पर बहस होगी।

**झारखंड का बजट 2025-26: बजट आकार में 7-10 फीसदी वृद्धि की संभावना :** इस बार के बजट आकार करीब सात से 10 प्रतिशत वृद्धि की जा सकती है। इस हिसाब से यह बजट लगभग डेढ़ लाख करोड़ रुपये हो जाने की संभावना है। वर्ष 2024-25 में झारखंड का बजट आकार 1 लाख 28 हजार 900 करोड़ रुपये था। इस वर्ष राज्य सरकार का फोकस ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य और शिक्षा पर था। वहीं आगामी बजट में मंईयां सम्मान योजना के कारण महिला एवं बाल विकास विभाग के लिए अधिक धन राशि का आवंटन किए जाने की संभावना है।

**झारखंड का सकल घरेलू उत्पाद :** वर्ष 2001 को राज्य का सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 32000 करोड़ रुपया का था, जो अब बढ़कर 4 लाख 70 हजार करोड़ रुपया से अधिक का हो गया है। आगामी वित्त वर्ष के बजट में नॉमिनल जीएसडीपी 9.5 से 10 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। वर्ष 2024-25 में 128900 करोड़ के बजट में सामान्य प्रक्षेत्र में 37124, सोशल प्रक्षेत्र में 45377 करोड़ और आर्थिक प्रक्षेत्र में 46399 रुपये का प्रावधान किया गया था।

**आंबेडकर जयंती पर होगा रातू रोड...**

4 माह के बाद नगड़ी फडइ का भी उद्घाटन होगा। मुर्गु में डायवर्सन के समीप बना रहे पुल को लेकर आ रही समस्या पर रक्षा राज्य मंत्री ने चिंता जताई और एनएच के अधिकारियों से इस पर त्वरित गति से काम करने को कहा। अधिकारियों ने मंत्री को आश्वस्त किया कि बहुत जल्द ही इसका एक फेज का निर्माण पूर्ण हो जाएगा और आवागमन शुरू कर दिया जाएगा। रक्षा राज्य मंत्री ने जल जीवन मिशन की धीमी प्रगति पर चिंता जताई और इस योजना के प्रति गंभीरता बरतने का निर्देश दिया। यह महत्वाकांक्षी योजना हर घर को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए है। धरातल पर इसका कार्यान्वयन सुनिश्चित करने को कहा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में सड़कों के निर्माण पूर्ण होने को लेकर रक्षा राज्य मंत्री ने गंभीरता दिखाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही चापूटोली में सड़क चौड़ीकरण पर भी बातचीत हुई। बैठक में बताया गया कि अरगोड़ा कटहल मोड सड़क दोनों तरफ से ढाई ढाई मीटर चौड़ी की जाएगी। वहीं रांची में इस वर्ष गर्मी में पेयजल की समस्या नागरिकों को नहीं हो, इस निमित होली के बाद जुडको, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के साथ नगर निगम और जनप्रतिनिधियों की बैठक होगी; जिसमें रांची के जल संकट से समाधान पर चर्चा की जाएगी। मंत्री ने निर्देशित किया कि सभी योजनाएं गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय पर पूर्ण हों, यह तय करें। इस अवसर पर खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा, लोहरदगा के सांसद सुखदेव भगत, विधायक नवीन जायसवाल, जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, रांची के डीसी मंजुनाथ भजन्त्री सहित सभी विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**घाटशिला में मॉब लिंचिंग...**

एसडीपीओ अजीत कुजूर और मुसाबनी डीएसपी संदीप भगत के साथ एसडीएम भी मौजूद हैं। तमाम बड़े अधिकारी मामले की जांच पड़ताल में लगे हुए हैं।

**तीन बकरियां चोरी कर ले जा रहे थे चोर :** हरगोविंद नायक ने बताया कि उसके घर से चोर तीन बकरी चोरी कर ले जा रहे थे। छोटी बकरी के गले में घंटी बंधी थी। घंटी आवाज करने लगी। घंटी की आवाज से अंदेशा हुआ कि हाथी आ गया है। हाथी का भी प्रकोप क्षेत्र में लगातार बढ़ता जा रहा है। हरगोविंद बताते हैं कि घर से बाहर निकले तो देखा कि दो युवक बकरी को लेकर भाग रहे हैं। उन्हें दौड़ा कर पकड़ने का प्रयास किया तो युवकों ने उल्टा हरगोविंद को पीटना शुरू कर दिया। हल्ला करने पर गांव के लोग जुटे और दोनों युवकों को घेर कर पकड़ा और पिटाई कर दी।

**पश्चिम बंगाल से महाकुंभ जा रहा...**

शहर के जेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन इलाज के दौरान 5 वर्षीय अनिशा साहा और 6 वर्षीय अंगमुनि साहा की भी मौत हो गई। घायल नीता साहा ने बताया कि वह अपने देवर विश्वरूप साहा और भाभी पायल साहा और उनके बच्चों के साथ कुंभ स्नान के लिए जा रही थी। इस दौरान यह हादसा हो गया। घायल राहुल कुमार राय ने बताया कि वे सभी नीता साहा के घर के बगल वाले घर में रहते हैं। वह भी उनके साथ कुंभ स्नान के लिए जा रहे थे। राहुल के सिर में चोट आई है।

### अपनी जड़ों का सम्मान

# गीता पर हाथ रखकर शपथ लेकर काश पटेल ने सोशल मीडिया पर जमकर बटोरी वाहवाही

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**

काश पटेल ने शनिवार को भगवद गीता पर हाथ रखकर संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के नौवें निदेशक के रूप में शपथ ली। 44 वर्षीय पटेल एफबीआई का नेतृत्व करने वाले पहले हिंदू-भारतीय और एशियाई मूल के व्यक्ति बन गए हैं। अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी ने पटेल को शपथ दिलाते हुए कहा, "अपना हाथ गीता पर रखें और अपना दाहिना हाथ ऊपर उठाएं। शुक्रवार को आइजनहावर एग्जीक्यूटिव ऑफिस बिल्डिंग में भारतीय संधि कक्ष में शपथ लेते समय पटेल की गर्लफ्रेंड एलेक्सिस विल्किंस ने भगवद गीता को हाथ में लिया। इस समय पटेल के परिवार के सदस्य भी मौजूद थे। सोशल मीडिया पर पटेल के भगवद गीता की शपथ लेने के फैसले की जमकर तारीफ की जा रही है। भगवद गीता एक ऐसा हिंदू धर्मग्रंथ है जो लंबे समय से धार्मिक नेतृत्व, न्याय और नैतिक दृढ़ता के लिए मार्गदर्शक ग्रंथ रहा है। एफबीआई में विश्वास बहाल करने के लिए इन गुणों को जरूरी माना जाता है। एक यूजर ने पोस्ट किया, "काश पटेल ने भगवद गीता पर एफबीआई निदेशक के रूप में शपथ ली - नेतृत्व का एक नया युग। एक अन्य पोस्ट में कहा गया, "अमेरिकी शासन और हिंदू प्रतिनिधित्व दोनों के लिए एक ऐतिहासिक क्षण में, काश पटेल ने एफबीआई निदेशक के रूप में पद की शपथ ली, उन्होंने भगवद गीता पर अपना हाथ रखा - जो कर्तव्य, निष्ठा और अटूट संकल्प का प्रतीक है।" एक अन्य यूजर ने पोस्ट किया, "काश पटेल ने 21 फरवरी, 2025 को एफबीआई के निदेशक के रूप में शपथ ली। समारोह के दौरान, उन्होंने 700 श्लोकों वाले हिंदू धर्मग्रंथ भगवद गीता पर अपना हाथ रखा। यह चुनाव उनकी भारतीय विरासत और व्यक्तिगत मान्यताओं को दर्शाता है। एक यूजर ने लिखा, "हम हिंदू अपने धर्म से प्यार करते हैं। एफबीआई निदेशक काश, आपकी सफलता के लिए प्रार्थना करते हैं।" एक यूजर ने कहा, "श्री काश पटेल ने हिंदू पवित्र पुस्तक भगवद गीता पर संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के निदेशक के रूप में शपथ ली। बधाई हो, श्री पटेल। अपनी जड़ों का सम्मान करने और उनका जश्न मनाने से ज्यादा गर्व की कोई बात नहीं है।



## 'मैं अमेरिकी सपना जी रहा हूं'

काश पटेल गीता पर पद की शपथ लेने वाले पहले भारतीय-अमेरिकी नहीं हैं। कांग्रेस सदस्य सुहास सुब्रमण्यम ने भी ऐसा किया था, जबकि अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में चुने गई पहली हिंदू-अमेरिकी तुलसी गबार्ड ने भी यही मिसाल कायम की थी। शपथ ग्रहण के बाद सभा को संबोधित करते हुए पटेल ने कहा कि अमेरिकी सपना जीवित है क्योंकि 'पहली पीढ़ी का भारतीय बच्चा' एफबीआई का कार्यभार संभालने जा रहा है। अपनी बहन निशा पटेल, गर्लफ्रेंड एलेक्सिस विल्किंस और अन्य रिश्तेदारों के सामने खड़े होकर पटेल ने कहा, 'मैं अमेरिकी सपना जी रहा हूं। गुजरात में हिंदू माता-पिता के घर जन्मे पटेल का परिवार जातीय दमन से बचने के लिए युगांडा से भागकर कनाडा होता हुआ संयुक्त राज्य अमेरिका आ गया था। पहली पीढ़ी के अप्रवासी से लेकर अमेरिका की प्रमुख जांच एजेंसी के प्रमुख तक का पटेल का सफर अमेरिकी और भारतीय-अमेरिकी इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय है।

## हमास ने दो बंधकों को किया रिहा, इजरायल 602 कैदियों को करेगा आजाद




**यरूशलम (आईएएनएस)।** फिलिस्तीनी ग्रुप हमास ने शनिवार को गाजा युद्धविराम समझौते के तहत दो बंधकों - ताल शोहम और एवेरा मेंगिस्टू को रेड क्रॉस को सौंप दिया। आईडीएफ ने दोनों के इजरायल पहुंचने की पुष्टि कर दी है। हमास की ओर से जारी किए गए एक वीडियो में शोहम और मेंगिस्टू को राफा में हमास के वाहनों से बाहर निकलते हुए दिखाया गया। दोनों स्पष्ट रूप से कमजोर दिखाई दे रहे हैं। आईडीएफ ने एक्स पर पोस्ट किया, "3,812 दिनों के बाद एवेरा और 504 दिनों के बाद ताल घर आ गए। चार और इजरायली बंधकों को भी 22 फरवरी को ही रिहा किया जाना है। इजरायल आज 602 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करने जा रहा है। बता दें इजरायल और हमास के बीच युद्ध विराम समझौते का पहला चरण 19 जनवरी को लागू हुआ था। इससे पहले हमास की सशस्त्र शाखा अल-कस्साम ब्रिगेड ने इजरायली बंधक शिरी बिबास का शव अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस समिति (आईसीआरसी) को सौंप दिया। फिलिस्तीनी ग्रुप के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

## बांग्लादेश में अराजकता जारी बीएनपी नेता की पीट-पीटकर हत्या

**ढाका (आईएएनएस)।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेता मोहम्मद बाबुल मिया की शुक्रवार दोपहर को बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इस घटना ने एक बार फिर मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार को सवालों के घेरे में ला दिया जिस पर अराजकता को नियंत्रित करने में नाकाम रहने के आरोप लगते रहे हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना शुक्रवार दोपहर को ढाका के धामराई उपजिला में घटित हुई। बाबुल की पत्नी यास्मीन बेगम ने कहा, "हमलावरों ने उन्हें डंडों और एसएस पाइपों से पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी दोनों आंखें भी फोड़ दीं। जब मैंने और कुछ स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव करने और तो उन्होंने हमें रोक दिया। उनके बेहोश हो जाने के बाद ही वे वहां से गए।

## सिर्फ सिफारिश, जबरदस्ती नहीं गाजा पर बदले डोनाल्ड ट्रंप के सुर

**वाशिंगटन (आईएएनएस)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि वह अपने गाजा प्लान की



केवल सिफारिश करेंगे इसे जबरन लागू नहीं करेंगे। ट्रंप ने गाजा पट्टी को खाली करने और इसे अमेरिकी नियंत्रण में लेकर विकसित करने की योजना पेश की थी जिसकी व्यापक आलोचना हुई थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक फॉक्स न्यूज से बात करते हुए ट्रंप ने कहा, "मैं आपको बताऊंगा कि इसे कैसे करना है। मुझे लगता है कि यह योजना वास्तव में कारगर है। लेकिन मैं इसे जबरदस्ती थोप नहीं रहा हूं। मैं बस बैठकर इसकी सिफारिश करूंगा। और फिर अमेरिका इस साइट का मालिक होगा, वहां कोई हमास नहीं होगा। और उन्हें विकसित किया जाएगा और आप एक नई शुरुआत करेंगे। मिस्र और जॉर्डन समेत अरब देशों ने फिलिस्तीनियों को पूरी तरह से विस्थापित करने और युद्धग्रस्त क्षेत्र का पुनर्विकास करने के ट्रंप के विचार को खारिज कर दिया है।

## 31वां ईशा महाशिवरात्रि महोत्सव 26 फरवरी को अमित शाह और डीके शिवकुमार होंगे शामिल

- **ईशा में महाशिवरात्रि उत्सव 26 तारीख को शाम 6 बजे शुरू होगा और अगले दिन सुबह 6 बजे तक चलेगा**

**कोयंबटूर (आईएएनएस)**




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार 26 फरवरी को ईशा योग केंद्र में आयोजित होने वाले महाशिवरात्रि महोत्सव में विशेष अतिथि के तौर पर हिस्सा लेंगे। इस संबंध में आज कोयंबटूर प्रेस क्लब में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इसमें ईशा फाउंडेशन के क्षेत्रीय समन्वयक स्वामी बराका ने अपनी बात रखी। इस दौरान उनके साथ ईशा स्वयंसेवक गणेश रवींद्रन और सरवनन मौजूद थे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए स्वामी बराका ने कहा, ''हमारी भारतीय आध्यात्मिक परंपरा में शिवरात्रि के दिन को महाशिवरात्रि के रूप में मनाया जाता है। इस दिन ग्रहों की व्यवस्था प्राकृतिक रूप से इस प्रकार होती है कि मनुष्य की जीवन शक्ति ऊपर की ओर उठती है। इस आध्यात्मिक क्षमता का पूर्ण उपयोग करने के उद्देश्य से हमारी संस्कृति में हजारों वर्षों से महाशिवरात्रि के दिन उत्सव होते आ रहे हैं, जिसमें लोग पूरी रात जागते हैं। इस लिहाज से ईशा में 31वां महाशिवरात्रि समारोह 26 तारीख को भव्य पैमाने पर आयोजित किया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार विशेष अतिथि के रूप में हिस्सा लेंगे। स्वामी ने आगे कहा, "ईशा में महाशिवरात्रि उत्सव 26 तारीख को शाम 6 बजे शुरू होगा और अगले दिन सुबह 6 बजे तक चलेगा। सद्गुरु की उपस्थिति में आयोजित होने वाले इस महोत्सव में ध्यान, मंत्र जप और शीर्ष कलाकारों द्वारा संगीत शामिल होगा। सद्गुरु इस वर्ष के उत्सव में भाग लेने वाले सभी लोगों को दीक्षा के रूप में तिरुवेन्थेलेथु महामंत्र देंगे। ऐसे में दीक्षा लेने वाले सभी लोग अपने घर पर रोजाना थिरुवेनथेलेथु मंत्र का जाप कर सकेंगे।

इसके साथ ही सद्गुरु 'मिरेकल ऑफ द माइंड' नाम से एक मुफ्त ऐप के बारे में लोगों को बताएंगे। यह ऐप सद्गुरु के मार्गदर्शन में लोगों को प्रतिदिन 7 मिनट ध्यान के बारे में बताएगा। महाशिवरात्रि उत्सव में व्यक्तिगत रूप से भाग लेने वाले लोगों की सुविधा के लिए आवश्यक पार्किंग, शुद्ध पेयजल, स्वच्छ शौचालय, तत्काल चिकित्सा सुविधाएं आदि की व्यवस्था की गई है। महोत्सव में विभिन्न देशों के लोग शामिल होंगे, हालांकि, तमिलनाडु के लोगों को प्राथमिकता देने के लिए अलग से बैठने की विशेष व्यवस्था की गई है।

## डीपीआरके ने अमेरिकी सैन्य उकसावे की निंदा की

**बीजिंग (आईएएनएस)**

डीपीआरके की आधिकारिक समाचार एजेंसी कोरियाई केंद्रीय समाचार एजेंसी (केसीएनए) के अनुसार, डीपीआरके के रक्षा मंत्रालय के प्रेस कार्यालय के प्रभारी ने 21 फरवरी को एक भाषण दिया और डीपीआरके के खिलाफ सैन्य उकसावे को बढ़ाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की निंदा की। उन्होंने कहा कि डीपीआरके दुश्मन की रणनीतिक धमकियों का जवाब रणनीतिक साधनों से देगा। इस भाषण के मुताबिक, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के सत्ता में आने के बाद से अमेरिका और उसके अनुयायियों की सैन्य उकसावे वाली गतिविधियां, जो डीपीआरके के सुरक्षा वातावरण के लिए खतरा बन रही हैं, तेज हो गई हैं। अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने डीपीआरके की दक्षिणी सीमा के आसपास संयुक्त लाइव-फायर प्रशिक्षण का आयोजन किया।अमेरिका ने दक्षिण कोरिया के बुसान लड़ाकू अड्डे पर परमाणु पनडुब्बियां भेजीं और डीपीआरके की हवाई टोही करने के लिए विभिन्न सामरिक और रणनीतिक टोही विमान भेजे हैं। साथ ही, अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने मार्च 2025 में बड़े पैमाने पर संयुक्त सैन्य अभ्यास 'फ्रीडम शील्ड' को मजबूत करने की भी योजना बनाई है।



### सलमान रुश्दी पर चाकू से हमले का मामला

## कौन है हादी मतार? जिसे अदालत ने ठहराया दोषी

**न्यूयॉर्क (आईएएनएस)**

न्यूयॉर्क के एक व्याख्यान मंच पर मशहूर ब्रिटिश-भारतीय लेखक सलमान रुश्दी पर कई बार चाकू से हमला करने वाले न्यूजर्सी के एक शख्स को हत्या के प्रयास और हमले का दोषी ठहराया गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 27 वर्षीय हादी मतार को अब 30 वर्ष से अधिक जेल की सजा का सामना करना पड़ सकता है। अगस्त 2022 में हुए हमले में रुश्दी को गंभीर चोटें आई थीं। उनके लीवर को नुकसान पहुंचा, एक आंख की रोशनी जाती रही उनका हाथ लकवाग्रस्त हो गया क्योंकि हाथ की तंत्रिका को नुकसान पहुंचा था।

जूरी ने शुक्रवार को हमले की जगह के पास पश्चिमी न्यूयॉर्क राज्य के चौटाउक्वा काउंटी कोर्ट में दो सप्ताह की सुनवाई के बाद मतार को दोषी करार दिया। जूरी ने मतार को साक्षात्कारकर्ता हेनरी रीस पर भई हमले का भी दोषी पाया। वह लेखक के साथ मंच पर मौजूद थे। हमले के दौरान रीस के सिर में मामूली



चोट लगी थी। मतार की सजा की तारीख 23 अप्रैल तय की गई है। 77 वर्षीय रुश्दी ने गवाही दी कि वह ऐतिहासिक चौटाउक्वा इंस्टीट्यूशन में मंच पर थे, जब उन्होंने एक व्यक्ति को अपनी ओर भागते हुए देखा। घटना को याद करते हुए उन्होंने कहा कि हमलावर की आंखें देखकर वह दंग रह गए, "जो काली थीं और बहुत क्रूर लग रही थीं।" पहले तो उन्हंने सोचा कि उसे मुक्का मारा गया है, लेकिन बाद में एहसास हुआ कि उन्हें चाकू मारा गया है - कुल 15 बार - और उनकी आंख, गाल, गर्दन, छाती, धड़ और जांघ पर घाव हुए थे। यह हमला रुश्दी के विवादास्पद उपन्यास, 'द सैटेनिक वर्सेज' के पहली बार प्रकाशित होने के 35 साल से भी ज़्यादा समय बाद हुआ था।

## मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे पीएम मोदी

### प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम बोले - यह हमारे देश का सौभाग्य

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

मॉरीशस के पीएम नवीन रामगुलाम ने शुक्रवार को ऐलान किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के 57वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम ने नेशनल असेंबली (संसद) में कहा, "हमारे देश के लिए सौभाग्यः पीएम मोदी मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। रामगुलाम ने कहा, "मुझे सदन को यह बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि मेरे निमंत्रण के बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमारे राष्ट्रीय दिवस समारोह के लिए मुख्य अतिथि बनने पर सहमति व्यक्त की है। मॉरीशस के प्रधानमंत्री ने कहा, "यह हमारे देश के लिए सचमुच एक विशेष सम्मान की बात है कि हम ऐसे प्रतिष्ठित व्यक्तित्व की मेजबानी कर रहे हैं, जो अपने व्यस्त कार्यक्रम और हाल ही में पेरिस और अमेरिका की यात्रा के बावजूद हमें यह सम्मान दे रहे हैं। वह हमारे विशेष अतिथि के रूप में यहां आने के लिए सहमत हुए हैं। उनकी यह यात्रा हमारे दोनों देशों के बीच घनिष्ठ संबंधों का प्रमाण है।" मॉरीशस 12 मार्च को अपना राष्ट्रीय दिवस मनाता है। पिछले साल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मॉरीशस के 56वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर हिस्सा लिया था। मॉरीशस दिवस पूर्वी अफ्रीकी देश की 1968 में ब्रिटेन से स्वतंत्रता तथा 1992 में गणतंत्र में परिवर्तन की याद में मनाया जाता है। इससे पहले नवंबर में पीएम मोदी ने मॉरीशस में रामगुलाम को उनकी चुनावी जीत पर बधाई दी थी। एक्स पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में पीएम मोदी ने कहा, "अपने मित्र डॉ. रामगुलाम से गर्मजोशी से बातचीत की और उन्हें ऐतिहासिक चुनावी जीत पर बधाई दी। मैंने उन्हें मॉरीशस का नेतृत्व करने में बड़ी सफलता की कामना की और भारत आने का निमंत्रण दिया। हमारी विशेष और अनूठी साझेदारी को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने की आशा है।

## साओ पाओलो में कैंटन फेयर ब्राजील प्रमोशन सम्मेलन आयोजित



**बीजिंग (आईएएनएस)**

137वें चीन आयात और निर्यात मेले (कैंटन फेयर) का ब्राजील विशेष प्रमोशन सम्मेलन साओ पाओलो में आयोजित किया गया, जिसमें चीन और ब्राजील के लगभग 100 राजनीतिक और व्यापारिक व्यक्तियों ने भाग लिया। साओ पाओलो स्थित चीनी महावाणिज्य दूतावास के उप महावाणिज्यदूत थ्येन युचेन ने अपने भाषण में कहा कि बाहरी दुनिया के लिए चीन के खुलने की एक महत्वपूर्ण खिड़की और विदेशी व्यापार के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में, कैंटन फेयर ने प्रभावी रूप से चीन और विदेशी देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा दिया है और अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक सहयोग को बढ़ावा दिया है। चीन और ब्राजील की आर्थिक संरचनाएं एक-दूसरे की पूरक हैं और दोनों स्वाभाविक साझेदार हैं। चीन ब्राजील का सबसे बड़ा निर्यात बाजार और आयात स्रोत है। चीन का 40 प्रतिशत से ज्यादा गोमांस आयात ब्राजील से होता है। चीन ब्राजील के आयातित कारों का सबसे बड़ा स्रोत भी है। चीनी विदेश व्यापार केंद्र के उप निदेशक ज्यांग सिहोंग ने प्रमोशन सम्मेलन में 137वें कैंटन फेयर का परिचय दिया। बताया गया है कि इस वर्ष का कैंटन फेयर 15 अप्रैल से 5 मई तक दक्षिण चीन में स्थित क्वांगतोंग प्रांत के क्वांगचो शहर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें कुल प्रदर्शनी क्षेत्र 15.5 लाख वर्ग मीटर और 30,000 से अधिक उद्यम ऑफलाइन प्रदर्शनी में भाग लेंगे।

## 500 गीगावाट की रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए यूनिक इनोवेशन की आवश्यकता : केंद्रीय मंत्री

- **भारत ने 2014 से अपनी रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता को 2.81 गुना बढ़ाकर 200 गीगावाट कर लिया है**

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को इंडस्ट्री के पक्षकारों से कहा कि भारत के 500 गीगावाट के रिन्यूएबल एनर्जी के लक्ष्य को हासिल करने के लिए यूनिक इनोवेशन पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

ग्रेटर नोएडा में इंडस्ट्री बॉडी इंडियन इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईईईएमए) द्वारा आयोजित 'एलेक्रामा 2025' कार्यक्रम में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री ने देश की आर्थिक वृद्धि को आगे बढ़ाने में बिजली क्षेत्र के महत्व पर जोर दिया। लाल ने संबोधन में कहा कि भारत में पावर सेक्टर का भविष्य काफी अच्छा है। हमें उत्पादन बढ़ाने के लिए इनोवेटिव तरीकों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ग्रीन एनर्जी का लाभ उठाने के लिए एंडवास पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, किफायती ट्रांसफार्मर, पावर कन्वर्टर्स, स्मार्ट ग्रिड सॉल्यूशंस विकसित करने की आवश्यकता है। केंद्रीय मंत्री के मुताबिक, इस सेक्टर को भारत के विकास का इंजन बनाने के लिए इंडस्ट्री और सरकार का संयुक्त प्रयास जरूरी है। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि भारत 2030 तक 500 गीगावाट रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता हासिल करने की दिशा में काम कर रहा है। अगर इंडस्ट्री और सरकार दोनों मिलकर कुशलता से काम करें तो यह लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। भारत ने 2014 से अपनी रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता को 2.81 गुना बढ़ाकर 200 गीगावाट कर लिया है। लाल ने आगे कहा कि इस दौरान भारत ने अपनी सोलर क्षमता को 38 गुना बढ़ाकर 100 गीगावाट से अधिक किया है। यह दिखाता है कि देश तेजी से रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने देश के ऊर्जा ट्रांसमिशन और वितरण नेटवर्क में सुधार के महत्व पर भी जोर दिया और इंडस्ट्री के खिलाड़ियों से ग्रिड को आधुनिक बनाने के लिए गैस इंसुलेटेड स्विचगियर (जीआईएस) सबस्टेशन जैसे उच्च दक्षता वाले उपकरण विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया।

